THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 218 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.13 2081 बुधवार, 30 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

KEDIA सेजस्थान
महा दिवाली

सिर्फ 5 दिन में
15 लाख
रेट बढ़ेगी !

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

दिवाली बाद करोड़ों में मिलेगी कोठी !
गिनती की कुछ ही कोठी बची हैं।

FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 84.60 LACS | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.41 CRORE | 50,000 |

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट



KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

# अखनूर में आर्मी एंबुलेंस पर हमला करने वाले 3 आतंकी ढेर



जम्मू, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीर के अखनूर सेक्टर के एक गांव के पास वन क्षेत्र में छिपे दो आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मंगलवार की सुबह मार गिराया, जिससे नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 27 घंटे तक चली मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की संख्या तीन हो गई है। एलओसी के पास सोमवार को सुबह सुरक्षा बलों के काफिले में शामिल सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग करने वाले तीन आतंकवादियों में से एक को विशेष बलों और एनएसजी कमांडो द्वारा शुरू किए गए अभियान में शाम तक मार गिराया गया। अभियान के दौरान बीएमपी-द्वितीय पैदल सेना लड़ाकू वाहनों का इस्तेमाल किया गया।

**मंदिर में छिपे थे आतंकी**

अधिकारियों ने बताया कि अन्य दो आतंकवादियों को मंगलवार को सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने बट्टल-खौर क्षेत्र के जोगवान गांव में अस्सन मंदिर के पास हमले के दो घंटे के बाद मार गिराया था। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ खत्म हो गई है लेकिन मारे गए आतंकवादियों के शवों को बरामद करने के लिए अभियान जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि ये आतंकवादी रविवार रात सीमा पार से घुसपैठ कर घुसे थे और सेना के काफिले को निशाना बनाया था। एक अधिकारी ने बताया, ''सुरक्षा बलों ने मंगलवार की सुबह करीब सात बजे खौर के भट्टल ऐरा में छिपे आतंकवादियों पर हमला शुरू किया, जिसके बाद फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई।''

**भीषण गोलीबारी के बाद तेज धमाके**

अधिकारियों ने बताया कि करीब एक घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई जिसके बाद धमाकों की तेज आवाज सुनी गई। इस दौरान सुरक्षा बलों ने एक और आतंकवादी को मार गिराया। उन्होंने बताया कि इसके बाद करीब एक घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही, जिसमें फंसे हुए तीसरे आतंकवादी को मार गिराया गया।

**फैंटम ने भी दुश्मन की गोलीबारी को झेला**

एनकाउंटर के दौरान गोली लगने से सेना का के-9 स्क्वॉड का चार वर्षीय बहादुर कुत्ता 'फैंटम' मारा गया। जम्मू के डिफेंस पीआरओ ने कहा कि हम अपने डॉग फैंटम के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। हमारे सैनिक जब फंसे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंच रहे थे, तब फैंटम ने दुश्मन की गोलीबारी को झेला, जिससे वह घायल हो गया था। बाद में फैंटम ने दम तोड़ दिया। उसका साहस, वफादारी और समर्पण को कभी नहीं भुलाया जाएगा। यह पहली बार है जब सेना ने अपने चार बीएमपी-द्वितीय पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों को निगरानी के लिए और हमले की जगह के आसपास की घेराबंदी को मजबूत करने के लिए लगाया है। छिपे हुए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टर और ड्रोन भी तैनात किए गए हैं।

## बिजली का खंभा लगाने के लिए लाइनमैन ने मांगे 8 हजार रुपये लोकायुक्त ने रंगे हाथों दबोचा

उज्जैन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने खंबा लगाने के लिए आठ रुपये की रिश्वत मांगी। शख्स ने लाइनमैन को चार हजार रुपये रिश्वत देने के बाद लोकायुक्त पुलिस से शिकायत कर दी। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने लाइनमैन को चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। लोकायुक्त डीएसपी बसंत श्रीवास्तव ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड उज्जैन में लाइनमैन के पद पर पदस्थ रामचंद्र धाकड़ को चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, खाचरोद तहसील के घिनौदा चौपाटी से उसे रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। लोकायुक्त पुलिस ने बताया कि लाइनमैन रामचंद्र धाकड़ के खिलाफ पवन सागित्रा नाम के किसान ने शिकायत की थी।

## 'विपक्षी उम्मीदवारों के खिलाफ पुलिस का इस्तेमाल कर रही सरकार': संजय राउत





मुंबई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। शिवसेना नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति सरकार पर विपक्षी उम्मीदवारों के खिलाफ पुलिस तंत्र का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। संजय राउत ने राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला को भी पद से हटाए जाने की मांग की। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, महा विकास आघाडी (एमवीए) उम्मीदवारों पर हमले कर रही है, उन्हें धमकियां दे रही है और उन्हें डराने के लिए पुलिस दबाव का इस्तेमाल कर रही है क्योंकि उसे राज्य में चुनाव हार जाने का डर है। शिवसेना यूबीटी नेता ने दावा किया कि नासिक के मालेगांव बाह्य निर्वाचन क्षेत्र में शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) नेता अद्वय हिरे पर कथित तौर पर शिवसेना मंत्री एवं उम्मीदवार दादा भूसे के 'गुंडों' ने हमला किया।

# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को मिलीं वीआईपी सुविधाएं

### हाईकोर्ट ने लगाई पंजाब सरकार को फटकार



चंडीगढ़, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पुलिस कस्टडी में इंटरव्यू के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने छोटे अफसरो पर कार्रवाई करने की बात कही, मगर मोहाली के एसएसपी और एसपी के विरुद्ध कोई कदम न उठाने पर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि लॉरेंस की हिरासत केवल दिखावे की थी, जबकि उसे पंजाब में स्टेट गेस्ट जैसी सुविधाएं मिल रही थीं।

कोर्ट ने पंजाब सरकार को आदेश दिया कि वे एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी और एसपी के विरुद्ध उचित कार्रवाई करें, अन्यथा कोर्ट खुद निर्देश जारी करेगा। जज अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस लपिता बनर्जी की पीठ ने डीएसपी और कांस्टेबलों के निलंबन की जानकारी मिलने पर सवाल उठाया कि मोहाली के तत्कालीन एसएसपी और एसपी के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की गई। पंजाब के एजी ने बताया कि एसएसपी को इस प्रकरण की खबर नहीं थी, जिस पर पीठ ने सवाल किया कि जब विश्नोई के साथ इतना बड़ा काफिला चलता है, तो ये कैसे मुमकिन है कि एसएसपी को इसकी खबर न हो।

# मद्रास हाईकोर्ट: एकतरफा तलाक पर महत्वपूर्ण फैसला

### पत्नी की सहमति के बिना तलाक अदालत से होगा मान्य




चेन्नई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मद्रास हाईकोर्ट ने मुस्लिम विवाह और तलाक के मामलों में बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि यदि मुस्लिम पति अपनी पत्नी को तलाक देता है और पत्नी उसे मानने से इनकार करती है, तो यह तलाक तभी मान्य होगा जब अदालत इसे वैध ठहराएगी। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने अपने फैसले में कहा कि विवाद की स्थिति में पति को अदालत के सामने यह प्रमाणित करना होगा कि तलाक के सभी नियमों का पालन किया गया है।

पत्नी की असहमति और भरण-पोषण का अधिकार कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मुस्लिम पति, जिसे शरीयत कानून के तहत एक से अधिक शादी की अनुमति है, अपनी दूसरी शादी के लिए पत्नी को साथ रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। अगर पहली पत्नी पति की दूसरी शादी से असहमत है, तो वह मानसिक पीड़ा के आधार पर भरण-पोषण के खर्च की हकदार होगी। मामले का संक्षिप्त विवरण मामला तब सामने आया जब कोर्ट ने पत्नी को मुआवजा देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई की। पत्नी ने 2018 में घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था, जिसके तहत अदालत ने पति को 5 लाख रुपए मुआवजे के रूप में और बच्चे के भरण-पोषण के लिए 2500 रुपए प्रति माह देने का निर्देश दिया था। पति का दावा था कि उसने पत्नी को तीन बार बोलकर तलाक दिया है, लेकिन अदालत ने इसे अस्वीकार कर दिया और कहा कि तलाक की कानूनी पुष्टि अदालत से ही संभव है। शरीयत परिषद का प्रमाण पत्र अवैध अदालत ने शरीयत परिषद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को मानने से इनकार कर दिया, जिसमें तलाक को मान्यता न देने के लिए पत्नी को दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने इसे अवैध करार देते हुए कहा कि केवल अदालत ही ऐसे मामलों में निर्णय ले सकती है।

## दीवाली आ गई लेकिन दिल्ली-राजस्थान में पड़ रही गर्मी, सामने आई वजह, यहां पर बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्वी यूपी समेत देश के कई राज्यों में हल्की ठंड शुरू हो गई है। वहीं, दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार,अगले 24 घंटे के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, लक्षद्वीप, केरल और माहे में भारी बारिश हो सकती है। 31 अक्टूबर और 01 नवंबर को तटीय कर्नाटक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु में तेज बारिश की संभावना है। वहीं, 1 नवंबर को पुडुचेरी, कराईकल, केरल और माहे में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**यहां पर ठंड अभी नहीं पड़ेगी**

मौसम विभाग की तरफ से बताया गया है कि अगले 24 घंटे के दौरान दिल्ली, यूपी, बिहार, राजस्थान समेत कई राज्यों में मौसम शुष्क बना रहेगा। दिल्ली में जहां पिछले सप्ताह गुलाबी ठंड का असर दिखना शुरू हो गया था वहीं अब एक फिर से गर्मी का असर दिखने लगा है। दिल्ली में आज और कल दिन में धूप खिली रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अक्टूबर भर ठंड नहीं पड़ेगी। विभाग के अनुसार, नवंबर के पहले सप्ताह से ठंड का असर दिख सकता है।

**राजस्थान में भी पड़ रही है गर्मी**

राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में दिन में गर्मी का दौर जारी है जहां अधिकतम तापमान 35 से 40.5 डिग्री सेल्सियस तक बना हुआ है। अक्टूबर महीना खत्म होने को है लेकिन राज्य के कई शहरों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम केंद्र के अनुसार गर्मी का कारण पश्चिमी हवा है जो पाकिस्तान एवं बलूचिस्तान से ओर से रही हैं।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे ग्वालियर

### अखिल भारतीय विविध संगठन प्रचारक वर्ग की बैठक में होंगे शामिल



ग्वालियर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) के प्रमुख डॉ मोहन भागवत मध्य प्रदेश के ग्वालियर पहुंचे हैं। वह संघ की 5 दिवसीय अखिल भारतीय विविध संगठन प्रचारक वर्ग की 31 अक्टूबर से शुरू होने वाली बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोल सहित संघ के सभी सह-सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। 4 नवंबर तक आयोजित होने वाली बैठक में आरएसएस प्रमुख पूरे समय मौजूद रहेंगे। देश भर से 31 विविध संगठन के कुल 554 प्रचारक सहभागी होंगे। अखिल भारतीय वर्ग का आयोजन केदारपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में होगा। कैंप का उद्देश्य तमाम संगठनों में काम करने वाले प्रचारकों के कौशल और कार्यप्रणाली को बढ़ाना है। सत्रों में संचालन रणनीतियों और कौशल विकास जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया जाएगा। वर्ग में मजदूर, किसान, विद्यार्थियों तथा सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं ग्रामीण, वनवासी व शहरी क्षेत्र के कार्यों पर चर्चा होगी।

**आरएसएस हर 4-5 साल में आयोजित करता है बैठक**

आरएसएस नियमित रूप से अपने प्रचारकों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करता है। हर पांच साल में संबद्ध निकायों के संगठनात्मक सचिवों के लिए एक कैंप आयोजित किया जाता है, जिसमें विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, आरोग्य भारती, प्रज्ञा प्रवाह, चित्र भारती और अन्य जैसे संगठनों के लिए पूर्णकालिक काम करते हैं। इससे पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मथुरा के पास परम गांव में 25 और 26 अक्टूबर को आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी परिषद की बैठक हुई थी। दिवाली से पहले हुई इस वार्षिक बैठक में सभी 46 प्रांतों के राज्य नेता, कार्यकर्ता, प्रचारक और प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

## कीर्तिनगर में हिन्दू संगठनों ने किया हंगामा, नाबालिग का धर्मांतरण कराने पर मचा बवाल

देहरादून, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कीर्तिनगर में धर्मांतरण कारने के आरोप को लेकर हिन्दू संगठनों ने विशेष समुदाय की दुकान में तोड़फोड़ की। कीर्तिनगर कोतवाली में भी काटा हंगामा। दरअसल कुछ दिन पूर्व कीर्तिनगर क्षेत्र में एक नाबालिब के विशेष समुदाय के युवक द्वारा धर्मांतरण करने व लव जिहाद का आरोप लगा था। इसके बाद से इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। नाबालिग लड़की ने सोशल मीडिया पर अपना नाम भी परिवर्तित कर लिया था। इस संबंध में परिजनों ने कोतवाली में तहरीर भी दी थी। जिस विशेष समुदाय के युवक पर आरोप लगा था वह मौके से फरार है। देर रात नाबालिग के भी घर से गायब होने के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आक्रोश आज कीर्तिनगर बाजार व कोतवाली में देखने को मिला। इधर कीर्तिनगर पुलिस ने परिजनों व स्थानीय लोगों को शाम तक लड़की को ढूंढ कर वापस लाने की बात कही है।

# जो कुछ कहना है गृह मंत्रालय से कहिए

### नागरिकता कोर्ट तय नहीं कर सकता', स्कूलों में रोहिंग्या बच्चों के दाखिला मामले में एचसी की बड़ी टिप्पणी




नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। रोहिंग्या शरणार्थियों के बच्चों को दाखिला देने से मना करने वाले स्कूल के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को इंकार कर दिया। रोहिंग्या बच्चों के पास आधार कार्ड न होने के चलते स्कूल ने उन्हें दाखिला देने से इंकार कर दिया था। स्कूल के इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट याचिकाकर्ता एनजीओ को गृह मंत्रालय के पास जाने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने अपने आदेश में याचिकाकर्ता से कहा कि बिना आधार कार्ड वाले रोहिंग्या बच्चों को दाखिला यदि एमसीडी के स्कूलों में कराना है तो याचिकाकर्ता गृह मंत्रालय के पास जाएं और उसके समक्ष अपनी परेशानी बताएं। इसके बाद कोर्ट ने यह कहते हुए कि सरकरा को इस मामले को जल्द से जल्द देखना चाहिए, याचिका का निस्तारण कर दिया। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, 'मामला यह है कि असम में एक कानून है जो रोहिंग्या मुसलमानों को बाहर निकालने के लिए कहता है और यहां आप हैं जो उन्हें ठहरने का बंदोबस्त कर रहे हैं। आप अपनी बात सरकार से कहिए और उसे फैसला लेने दीजिए। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते। किसे नागरिकता मिलनी चाहिए यह किसी भी देश की कोई अदालत तय नहीं कर सकती। जो आप सीधे तौर पर नहीं कर सकते, उसे आप घुमा-फिराकर करने की कोशिश कर रहे हैं। आप पहले उचित व्यवस्था के पास जाईए।' कोर्ट ने आगे कहा, 'आप इसके लिए न्यायालय की प्रक्रिया का इस्तेमाल नहीं कर सकते। उन्हें भारत की नागरिकता मिल सकती है लेकिन हम इसकी जिम्मेदारी नहीं ले सकते। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि यह केवल राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मसला भी है और इसके दुष्परिणाम भी हैं। देश में इस पर हंगामा भी हुआ है।

## 'कांग्रेस आंतरिक आरक्षण का राजनीति के लिए इस्तेमाल कर रही', भाजपा ने सरकार की मंशा पर उठाए सवाल



बंगलूरू, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार अनुसूचित जातियों में आंतरिक्ष आरक्षण देने के प्रति ईमानदार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार सिर्फ उपचुनाव में राजनीतिक फायदे के लिए इस मुद्दे का इस्तेमाल कर रही है। गौरतलब है कि कर्नाटक सरकार की कैबिनेट ने सोमवार को राज्य में अनुसूचित जातियों में आंतरिक आरक्षण लागू करने को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके लिए उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन करने का फैसला किया है। इस आयोग को अनुसूचित जातियों से संबंधित आंकड़े इकट्ठा करने की जिम्मेदारी दी गई है।

**कर्नाटक भाजपा ने सरकार की मंशा पर उठाए सवाल**

सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने कहा कि 'अगर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी सरकार आंतरिक आरक्षण के मुद्दे पर गंभीर होती तो उन्होंने कांताराज रिपोर्ट (सामाजिक आर्थिक और शैक्षिक सर्वे, जिसे जातीय जनगणना भी कहा जाता है) पर ही बहुत पहले कार्रवाई कर ली होती, लेकिन कांग्रेस पार्टी और सीएम सिद्धारमैया सिर्फ इस मुद्दे का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश करती है और सिर्फ असमंजस पैदा करती है।' पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मुख्यमंत्री या कांग्रेस सरकार इस विशेष मुद्दे पर ईमानदार हैं। भाजपा ने इस विषय पर बार-बार अपना रुख स्पष्ट किया है, लेकिन जब उपचुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो सिद्धरमैया और कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं।' कर्नाटक की चन्नापटना, शिग्गांव और संदूर विधानसभा सीटों पर13 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होगा।

**केंद्र सरकार ने दिया था ये सुझाव**

भाजपा ने कांग्रेस सरकार से आंतरिक आरक्षण लागू करने की मांग की थी। अब उपचुनाव से पहले जब कर्नाटक सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है तो भाजपा ने सरकार पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। केंद्र सरकार ने जो सुझाव दिया था, उसके मुताबिक अनसूचित जाति (बाएं) को 6 प्रतिशत, अनुसूचित जाति (दाएं) को 5.5 प्रतिशत और बंजारा, भोवी, कोरचा, कुरुमा आदि जातियों को 4.5 प्रतिशत और बाकी अन्य अनुसूचित जातियों को देने की बात कही गई थी।

## और अब केंद्रीय मंत्री की बारी! पप्पू यादव के बाद सांसद गिरिराज सिंह को मिली धमकी



पटना, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह को वॉट्सएप कॉल पर धमकी मिली है। अभी हाल ही में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को वॉट्सएप कॉल के जरिए धमकी मिली थी और अब बेगूसराय सांसद का नंबर आ गया। 'अमजद 1531' के नाम से उन्हें वॉट्सएप कॉल आया और जान से मारने की धमकी मिली है। हालांकि गिरिराज सिंह की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। इस धमकी के सामने आने के बाद एक बार फिर सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया है। बता दें कि हाल में गिरिराज सिंह 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' पर निकले थे। इस दौरान कुछ विवादित बयान भी सामने आए। अब इस धमकी के पीछे क्या कुछ मामला है या फिर फोन पर क्या कुछ कहा गया है यह सांसद गिरिराज सिंह की ओर से बयान आने के बाद ही पता चलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, उनके वॉट्सएप पर 'अमजद' के नाम से कॉल आया था। यह फोन कहां से आया था इसके बारे में अभी जानकारी नहीं आई है।

# 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर', चुनाव से पहले अनिल देशमुख का 'पुस्तक बम', फडणवीस पर लगाए गंभीर आरोप






मुंबई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक पुस्तक भी चर्चा का विषय बनी हुई है। मराठी भाषा में लिखी गई यह पुस्तक महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने लिखी है। इस पुस्तक के ज्यादातर अध्याय महाविकास आघाड़ी सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के आरोप में हुई उनकी गिरफ्तारी से संबंधित हैं।

**जेल में मिला था ऑफर**

पुस्तक 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर – राजकीय षडयंत्र विफल करनेवाले गृहमंत्री की आत्मकथा' में देवेंद्र फडणवीस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि जब वो जेल में थे तो उनपर दबाव बनाया गया था कि वो ऐसा बयान दर्ज कराएं जिससे शीर्ष नेता फंस सके।

**फडणवीस पर लगाए गंभीर आरोप**

यही नहीं, देशमुख ने दावा किया कि उन्हें जेल में एक ऑफर मिला था, जिसे अगर वो स्वीकार करते तो उनके खिलाफ सीबीआई और ईडी की कार्रवाई खत्म कर दी जाती। देशमुख ने कहा कि उन्हें 4 प्वाइंट का लिफाफा मिला था, जिसमें एक हलफनामा दायर करने को कहा था। इसमें अजित पवार उनके बेटे पार्थ को गुटखा निर्माताओं से पैसा इकट्ठा करने के लिए फंसाने को कहा गया था। वहीं, दिशा सालियान की मौत में उद्धव के बेटे आदित्य को फंसाने को भी कहा गया। देशमुख ने ये भी दावा किया कि फडणवीस ने ही सांगली से समित कदम को भेजा और ये सब ऑफर किया।

**क्या सफाई देने का हो रहा प्रयास?**

'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर – राजकीय षडयंत्र विफल करनेवाले गृहमंत्री की आत्मकथा' नामक यह पुस्तक इन दिनों प्रयास करके विशेष वर्गों तक पहुंचाई जा रही है। खासतौर से मीडिया से जुड़े लोगों तक। माना जा रहा है कि यह प्रयास पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की सफाई देने के क्रम में किया जा रहा है।

**अंटीलिया के बाहर विस्फोटक लदी गाड़ी का भी जिक्र**

पुस्तक में एक मराठी टीवी चैनल में 18 मार्च, 2021 को तब के गृहमंत्री के रूप में लिए गए अनिल देशमुख के साक्षात्कार से लेकर मुकेश अंबानी के घर अंटीलिया के बाहर खड़ी पाई गई विस्फोटक लदी स्कार्पियो, तत्कालीन मुंबई पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा देशमुख पर लगाए गए संगीन आरोप, इन्हीं घटनाओं से जुड़ी मनसुख मर्डर मिस्ट्री, पुलिस अधिकारियों के आपराधिक रिकार्ड, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उन पर लगाए आरोप एवं चांदीवाल आयोग से देशमुख को मिली क्लीनचिट जैसे मुद्दों पर विस्तार से लिखा गया है। आत्मकथा के इन सभी अध्यायों में अनिल देशमुख यही साबित करते दिखाई देते हैं कि किसी षडयंत्र के तहत उनपर झूठे आरोप लगाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की गई।

**परमबीर सिंह पर फोड़ा था ठीकरा**

बता दें कि देशमुख महाविकास आघाड़ी सरकार में महाराष्ट्र के गृहमंत्री थे। उनके कार्यकाल में ही उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक लदी स्कार्पियो खड़ी पाई गई थी। बाद में इस स्कार्पियो के कथित मालिक मनसुख की रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या हो गई थी।

**सचिन वाझे सहित कई पुलिस अधिकारी अब भी जेल में**

इस हत्याकांड में सचिन वाझे सहित कई पुलिस अधिकारी अब भी जेल में हैं। इसी घटनाक्रम के दौरान एक मराठी टीवी चैनल पर अपने साक्षात्कार में देशमुख ने इन सारी घटनाओं की नाकामी का ठीकरा उस समय मुंबई के पुलिस आयुक्त रहे परमबीर सिंह पर फोड़ दिया था।

इसके बाद परमबीर सिंह ने भी तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक लंबा पत्र लिखकर गृहमंत्री अनिल देशमुख द्वारा पुलिस अधिकारियों से हर महीने 100 करोड़ रुपयों की वसूली करवाने का आरोप लगाया था। कोर्ट के आदेश पर भ्रष्टाचार के इस आरोप की जांच सीबीआई ने शुरू की थी और दो नवंबर 2021 को ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

**13 महीने बाद मिली थी जमानत**

उसके बाद करीब 13 महीने अनिल देशमुख को जेल में रहने बाद उन्हें जमानत मिल सकी थी। अभी भी वह जमानत पर ही जेल से बाहर हैं। अनिल देशमुख को इस विधानसभा चुनाव में भी राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने उनके परंपरागत निर्वाचन क्षेत्र काटोल से टिकट दिया था। लेकिन उन्होंने चुनाव न लड़ने की इच्छा जताई, तो उनके बदले उनके ज्येष्ठ पुत्र सलिल देशमुख को टिकट दिया गया है।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com




वर्ष-29 अंक : 218 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.13 2081 बुधवार, 30 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये




# पीएम ने 51 हजार जॉइनिंग लेटर बांटे

✲ आप सेवक हैं शासक नहीं ✲ गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए ✲ आप ही विकसित भारत बनाएंगे

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के 40 जगहों पर आयोजित रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर बांटे। लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह पहला रोजगार मेला है। मेले की शुरूआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। अब तक 13 मेलों में 8.50 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। इससे पहले आखिरी रोजगार मेला 12 फरवरी 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें 1 लाख से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटा गया था। इस दौरान पीएम मोदी ने जॉब लेटर पाने वाले युवाओं से कहा कि आप जनता के सेवक हैं शासक नहीं। इसलिए आप गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए। अगले 25 सालों में आप ही विकसित भारत बनाएंगे। देश में नई तकनीक आए, नए फॉरेन इन्वेस्टमेंट आएं, इसके लिए हमने स्कीम लॉन्च की। मेक इन इंडिया अभियान और पीएलआई स्कीम ने मिलकर रोजगार सृजन की गति कई गुना तेज कर दी है। हर सेक्टर के उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। युवाओं के लिए नए मौके बन रहे हैं।



**पीएम ने किया योजनाओं का जिक्र**

> लखपति दीदी : हमारी सरकार ने इन महिलाओं में से 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक करीब 1.25 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। मतलब उनकी एक साल की आय 1 लाख रुपये से ज्यादा हो गई है। लखपति दीदी योजना ने ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के नए साधन दिए हैं। पिछले 1 दशक में 10 करोड़ महिलाएं एसएचजी से जुड़ी हैं। मतलब 10 करोड़ महिलाएं स्व-रोजगार के कारण कमाने लगी हैं और सरकार ने इन्हें पूरी तरह सपोर्ट किया है।

> प्रधानमंत्री इंटर्नशिप : भारत के युवाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए आज स्किल डेवलपमेंट पर फोकस है। हमने स्किल इंडिया जैसे मिशन शुरू किए हैं। सैकड़ों कौशल विकास सेंटर्स में युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। एक्सपीरिएंस और ऑपर्च्यूनिटी के लिए भटकना ना पड़े इसकी भी व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 500 टॉप कंपनियों में पेड इंटर्नशिप की व्यवस्था की गई है। 5 हजार रुपया प्रति माह दिया जाएगा। एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर दिया जाएगा।

> विदेशों से रोजगार से जुड़े कॉन्ट्रैक्ट : विदेशों में भारतीयों को आसानी से नौकरी मिले, इसके लिए सरकार कदम उठा रही है। जर्मनी ने भारत के लिए स्किल वर्क फोर्स स्ट्रैटजी जारी की है। भारतीय युवाओं को हर साल 90 हजार वीजा देने का फैसला किया है। पहले वीजा 20 हजार को मिलता था। इसका फायदा युवाओं को होगा। 21 देशों के साथ माइग्रेशन और रोजगार से जुड़े समझौते किए हैं। गल्फ के अलावा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, मॉरिशस, इजरायल जैसे देश शामिल हैं। यूके में काम करने पढ़ाई करने के लिए हर साल 3 हजार लोग वीजा हासिल कर सकते हैं। भारत का टैलेंट भारत की प्रगति ही नहीं, विश्व की प्रगति में हिस्सा बढ़ता जा रहा है।

> खादी ग्रामोद्योग का विकास : पिछले 10 साल नीतियों ने खादी और ग्रामोद्योग की पूरी तस्वीर बदल दी है। इससे जुड़े लोगों के जीवन में भी बदलाव आया है। खादी ग्रामोद्योग हर साल 1.5 लाख करोड़ से अधिक का कारोबार कर रहा है। यूपीए सरकार की तुलना में खादी की बिक्री में 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे साबित होता है कि खादी उद्योग बढ़ रहा है, जिसका लाभ कारीगरों, बुनकरों और व्यापारियों को मिल रहा है। इससे रोजगार के अवसर और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

> मेक इन इंडिया अभियान और पीएलआई स्कीम : देश में नई तकनीक आए, नए फॉरेन इन्वेस्टमेंट आएं, इसके लिए हमने स्कीम लॉन्च की। मेक इन इंडिया अभियान और पीएलआई स्कीम ने मिलकर रोजगार सृजन की गति कई गुना तेज कर दी है। हर सेक्टर के उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। युवाओं के लिए नए मौके बन रहे हैं।

**नागरिकों की सेवा करें :**

आप चाहे जिस पथ पर हों, आपका लक्ष्य यही होना चाहिए कि नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत मिले। आपको सरकारी नौकरी मिलने में टैक्सपेयर्स और नागरिकों का अहम योगदान है। हम अपने नागरिकों की वजह से हैं। उनकी सेवा के लिए ही हमें एक जिंदगी मिली है।

# 'लौहपुरुष के योगदान को मिटाने की हुई कोशिश'

## शाह ने बिना नाम लिए कांग्रेस पर किया करारा वार

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय एकता दिवस व सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर आज मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने बिना नाम लिए देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में सरदार वल्लभभाई पटेल के महान योगदान को मिटाने और कमजोर करने का प्रयास किया गया। इतना ही नहीं, उन्हें लंबे समय तक भारत रत्न से वंचित रखा गया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे) ने केवड़िया में पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की और उन्हें उचित सम्मान दिया।



उन्होंने, सरदार पटेल की जयंती से पहले 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि यह आयोजन आमतौर पर पटेल की जयंती यानी 31 अक्टूबर को किया जाता है, लेकिन इस साल उस दिन दिवाली होने की वजह से इसे दो दिन पहले आयोजित किया गया। आज धनतेरस है और हम इस शुभ अवसर पर दौड़ का आयोजन कर रहे हैं। गृह मंत्री ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि सरकार देश में उनके महान योगदान का सम्मान करने के लिए 2024 से 2026 तक दो साल के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगी।

**पटेल की दूरदर्शिता और सूझबूझ से 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय हुआ :**

शाह ने कहा, यह देश के प्रथम गृह मंत्री की दूरदर्शिता तथा सूझबूझ के कारण ही संभव हो सका कि 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय हुआ और देश एकीकृत हुआ। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के प्रयासों से ही लक्षद्वीप, जूनागढ़, हैदराबाद और अन्य सभी रियासतों का भारत में विलय हुआ। सरदार पटेल को 1950 में उनके निधन के 41 वर्ष बाद 1991 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान- भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

शाह ने कहा कि देश के लोग अब एकजुट हैं और उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है।

उन्होंने कहा, वर्ष 2047 तक भारत सभी मापदंडों पर दुनिया का अग्रणी देश होगा। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने हर क्षेत्र में सरदार साहब के दृष्टिकोण, विचार व संदेश को मूर्त रूप देने का काम किया।

गौरतलब है कि केंद्र की मोदी सरकार 2014 से हर साल 31 अक्टूबर को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मना रही है। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर, 1875 को गुजरात के नाडियाद में हुआ था।

## एनसीपी शरद गुट ने पांच और उम्मीदवारों के नाम घोषित किए

मुंबई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी शरद गुट ने पांच और प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने सोलापुर जिले के मोहोल विधानसभा सीट पर प्रत्याशी को बदल दिया है। पार्टी ने मोहोल सीट से सिद्धि रमेश कदम की जगह राजू खरे को टिकट दिया है। बताया जाता है कि कदम को टिकट देने का विरोध किया जा रहा था। वहीं पार्टी ने सोलापुर जिले के माढ़ा विधानसभा क्षेत्र से अभिजीत पाटिल और पंढरपुर क्षेत्र से अनिल सावंत को मैदान में उतारा। इसके अलावा मोर्शी विधानसभा सीट से गिरीश कराले और संगीता वाजे मुंबई की मुलुंड सीट से चुनाव लड़ेंगी।

एनसीपी शरद गुट ने अब तक 87 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने पहली सूची में 45, दूसरी सूची में 22, तीसरी सूची में नौ, चौथी सूची में सात और पांचवी सूची में पांच उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इसमें एक सीट पर प्रत्याशी को बदला है।

**महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक चरण में होंगे चुनाव :**

288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजीत पवार की एनसीपी से मिलकर बनी महायुति सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जबकि शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस की विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) इसे सत्ता से बेदखल करने के प्रयास में है।

# झूठे आरोप लगाना बंद करें

## कांग्रेस के आरोपों का चुनाव आयोग ने 1600 पन्नों में दिया जवाब

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितता के कांग्रेस के हर आरोपों को चुनाव आयोग ने खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग ने पार्टी के हर आरोपों को निराधार, गलत और तथ्यहीन बताया है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस को पत्र लिखकर हर बार निराधार आरोप लगाने से बचने को कहा है। आयोग ने 'सामान्य' संदेह फैलाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की है।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस से अपील की है कि वह मतदान और मतगणना जैसे संवेदनशील समय पर गैर-जिम्मेदाराना आरोप लगाने से बचे। चुनाव आयोग ने कहा कि ऐसे आरोपों से सार्वजनिक अशांति और अराजकता फैल सकती है। चुनाव आयोग ने पिछले एक साल में 5 विशिष्ट मामलों का हवाला दिया।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस से बिना सबूत के चुनावी प्रक्रिया पर आदतन हमले करने से बचने को कहा। पत्र में चुनाव आयोग ने लिखा कि पार्टी को चुनाव दर चुनाव निराधार आरोप लगाने से बचने के लिए निर्देशित किया जाता है। चुनाव आयोग ने आगे लिखा कि पार्टी को 'सामान्य' संदेह फैलाने के लिए आड़े हाथों लिया गया और इस तरह की प्रवृत्ति को रोकने के लिए दृढ़ और ठोस कदम उठाने का आग्रह किया गया।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस से शिकायतों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने को कहा है। इलेक्शन कमीशन ने कहा कि याणा में चुनावी प्रक्रिया का प्रत्येक चरण 'त्रुटिहीन' था। चुनाव आयोग ने 1600 पन्नों में कांग्रेस की शिकायतों पर जवाब भेजा है। जिसमें चुनाव आयोग के अधिकारियों की प्रतिक्रिया भी शामिल है।

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि हिसार, महेंद्रगढ़ और पानीपत में 99 प्रतिशत बैटरी वाली ईवीएम में भाजपा जीती है।

## एयरलाइंस को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले की पहचान

नागपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। एयरलाइंस को धमकी देने का सिलसिला नहीं थम रहा है। पिछले 13 दिनों के अंदर अब तक 300 से ज्यादा धमकियां मिल चुकी हैं। लगातार सवाल उठ रहा है कि आखिर इन सब के पीछे कौन हैं। इस बीच नागपुर पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। उसने महाराष्ट्र के गोंदिया के रहने वाले 35 वर्षीय एक व्यक्ति की पहचान की है। बताया जा रहा कि बम की झूठी धमकी देने के पीछे शख्स का ही हाथ है। एक अधिकारी ने बताया कि नागपुर शहर पुलिस की विशेष शाखा ने व्यक्ति की पहचान जगदीश उइके के रूप में की है। उसे पहले भी 2021 में एक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें उइके ने आतंकवाद पर एक किताब भी लिखी थी। उन्होंने यह भी बताया कि धमकी भरे ईमेलों के बारे में पता चलने के बाद उइके फिलहाल फरार है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्वेता खेडकर के नेतृत्व में की गई जांच में उइके के ईमेल से जुड़ी जानकारी सामने आई। अधिकारी ने बताया कि उइके ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), रेल मंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके उप, एयरलाइन कार्यालयों, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सहित विभिन्न सरकारी निकायों को ईमेल भेजे हैं।




## इसरो ने अगले 15 साल का रोड़मैप तैयार किया

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अगले 15 साल तक का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। इसके लिए उसने साल 2040 तक स्पेस मिशन का कैलंडर तैयार किया है। इससे भारत के स्पेस मिशन से जुड़ी कई जानकारियां सामने आई हैं। इसी दिशा में अगले तीन महीनों में गगनयान मिशन का पहला अन-क्रू मिशन लॉन्च होने वाला है। इसकी आखिरी तैयारियां चल रही हैं।

इसके बाद दो रोबोटिक गगनयान जाएंगे, जिसमें ह्यूमनॉइड रोबोट व्योममित्र भेजा जाएगा। ह्यूमनॉइड का मतलब ऐसे रोबोट से है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से इंसान जैसा बर्ताव कर सकता है। 2025 के आखिर या 2026 की शुरूआत में एस्ट्रोनॉट्स भेजने की योजना है। गगनयान मिशन के लिए चुने गए चार एस्ट्रोनॉट्स (गगनॉट) में दो भारतीय एस्ट्रोनॉट्स तीन दिन के लिए पृथ्वी की कक्षा में परिक्रमा करेंगे। इसरोI ने पांच साल में तीन बार दो-दो भारतीय एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस में भेजने की योजना बनाई है। मिशन की सफलता के आधार पर एस्ट्रोनॉट्स और दिनों की संख्या बढ़ सकती है।

पहले गगनयान मिशन के बाद 2026-27 में गगनयान की दूसरी ह्यूमन फ्लाइट और 2028-29 में तीसरी ह्यूमन फ्लाइट के जरिए एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस में भेजने की योजना है।

## अजित पवार ने नवाब मलिक को बनाया प्रत्याशी

मुंबई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए एनसीपी अजित गुट की तरफ से नवाब मलिक को विधानसभा प्रत्याशी बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक एनसीपी ने नवाब मलिक को मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। इसके बाद नवाब मलिक ने एनसीपी अजित गुट के प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भी दाखिल किया है।

वहीं अपना नामांकन दाखिल करने के बाद नवाब मलिक ने कहा कि, आज मैंने एनसीपी उम्मीदवार के तौर पर मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। मैंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर भी नामांकन दाखिल किया था। लेकिन पार्टी ने एबी फॉर्म भेजा और हमने इसे दोपहर 2.55 बजे जमा कर दिया और अब मैं एनसीपी का आधिकारिक उम्मीदवार हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे का बहुत आभारी हूं।



# 'बीजेपी और कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे'

## मायावती बोलीं- आरक्षण को खत्म करने के लिए हो रहा कोटे में बंटवारा



लखनऊ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अपनी सरकारों वाले राज्यों में दलितों के लिए आरक्षण की नीतियों को बदलने की कोशिश की। आरक्षण के भीतर आरक्षण की नई व्यवस्था के मामले में हरियाणा के बाद तेलंगाना और कर्नाटक की सरकार पर हमला बोलते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं तथा उनसे समाज व संविधान को खतरा बढ़ गया है।

**बीजेपी और कांग्रेस पर बरसीं मायावती**

बसपा प्रमुख ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, "देश के करोड़ों शोषित व उपेक्षित दलितों के आरक्षण विरोधी तथा उनकी आपसी एकता की दुश्मन जातिवादी पार्टियों द्वारा आरक्षण में कोटे के बंटवारे के प्रति सक्रियता से यह साफ है कि भाजपा व कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं तथा उनसे समाज व संविधान को खतरा बढ़ा है।" मायावती ने अगले पोस्ट में कहा "हरियाणा की भाजपा सरकार के बाद अब तेलंगाना व कर्नाटक की कांग्रेस सरकारों ने भी दलितों को बांटने के लिए उनके आरक्षण के भीतर आरक्षण की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। वास्तव में यह आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने के इनके जारी षडयंत्र का नया प्रयास है।" बसपा प्रमुख ने कहा "अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य उपेक्षितों की राजनीतिक शक्ति को खतरा मानने वाली भाजपा, कांग्रेस व सपा जैसी जातिवादी पार्टियों के विभाजनकारी इरादों से अति-सावधानी जरूरी है ताकि बाबा साहेब डॉ। भीमराव अम्बेडकर का कारवाँ मजबूत बना रहे।"

**'दलितों को आपस में लड़ाते रहने का है षड़यंत्र'**

इसके पहले मायावती ने 18 अक्टूबर को कहा था कि अनुसूचित जाति (एससी) के आरक्षण में वर्गीकरण लागू करने का हरियाणा सरकार का फैसला दलितों को फिर से बांटने और आपस में ही लड़ाते रहने का षड़यंत्र है।

## पूर्व आईजी डीके पंडा से 381 करोड़ रुपए की ठगी



प्रयागराज, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व आईपीएस अधिकारी डीके पंडा से 381 करोड़ रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रिपोर्ट धूमनगंज थाने में दर्ज कराई गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। पूर्व आईपीएस पंडा का दावा है कि लंदन की एक कंपनी में ट्रेडिंग करके उन्होंने 381 करोड़ रुपये कमाए थे। मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले डीके पंडा 1971 बैच के आईपीएस अफसर रहे हैं। 2015 में दूसरी राधा का रूप त्याग कर कृष्णानंद बन गए थे। वह काफी समय से प्रयागराज में धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतमनगर में रहते हैं।

## बिहार विधानमंडल का शीत सत्र 25 नवंबर से



पटना, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से प्रारंभ होगा। सत्र 29 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान सदन में द्वितीय अनुपूरक बजट भी पेश होगा साथ ही अन्य विधायी कार्य संपादित किए जाएंगे। संसदीय कार्य विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। चार सीटों पर होने वाले चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को आएंगे। इसके दो दिन के बाद ही सदन की गतिविधियां प्रारंभ होंगी। 25 नवंबर को सत्र के पहले दिन शपथ ग्रहण होगा (यदि हो)। इसके बाद राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश की प्रतियां सदन पटल पर रखी जाएंगी। साथ ही पहले ही दिन वित्तीय वर्ष 2024-25 का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। 26 नवंबर को गैर सरकारी संकल्प लिए जाएंगे। 27 और 28 नवंबर को सदन में राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे। 29 नवंबर को 2024-25 का द्वितीय अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद एवं विनियोग विधयेक पेश होगा। इसके बाद सदन की गतिविधियां अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हो जाएंगी।

**इन 5 मुद्दों पर जमकर हो सकता है हंगामा**

25 नवंबर से होने वाले शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने के आसार है। चार सीटों पर हुए चुनाव परिणाम का असर सदन में दिखेगा। इसके अलावा विपक्ष पूरी तरह से सरकार पर हमलावर नजर आएगा। कानून व्यवस्था, शराब से हुई मौत, स्मार्ट मीटर और जमीन सर्वे जैसे मसलों पर विपक्ष सरकार को घेरने की पूरी कोशिश करेगा।

## हाईवा ने बाइक सवार दो लोगों को रौंदा, मौत

जहानाबाद, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। जहानाबाद में मंगलवार की सुबह गया-पटना एनएच-83 पर एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक पर सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, इस हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गई। घटना भंवरिया पुल के पास की है। मृतक की पहचान अशोक शर्मा और देवेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अशोक शर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि देवेंद्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पुलिस को इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया।

### कांग्रेस नेता ने फर्जी एनकाउंटर पर उठाए सवाल

## कानून-व्यवस्था पर सरकार को घेरा



लखनऊ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद दानिश अली ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। दानिश अली ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मोहित के परिवार से मुलाकात पर भी प्रतिक्रिया जाहिर की और प्रदेश में हो रहे एनकाउंटर को फर्जी करार दिया। पुलिस हिरासत में मृत व्यापारी मोहित पांडेय की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जब पुलिस का राजनीतिक दुरुपयोग किया जाएगा, तो ऐसी घटनाएं सामने आती रहेंगी। उन्होंने फर्जी एनकाउंटर को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं तब होती हैं जब सरकार द्वारा पुलिस को शाबाशी दी जाती है।

**मोहित पांडेय की मौत पर क्या बोले दानिश अली?**

दानिश अली ने कहा कि मोहित पांडेय की मौत के 24 घंटे बाद तक पुलिस और प्रशासन दोनों ही इनकार के मोड में थे, लेकिन अब जो स्थिति है, वह उत्तर प्रदेश पुलिस व्यवस्था को पूरी तरह से दूषित कर चुकी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले कुछ वर्षों में पुलिस के प्रति सरकार की रवैये ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है।

## वोटिंग से पहले जानें 9 सीटों में कहां-कहां सपा का पलड़ा है भारी



लखनऊ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर आगामी 13 नवंबर को उपचुनाव होने वाले हैं, और समाजवादी पार्टी (सपा) ने इन उपचुनावों में अकेले उतरने का निर्णय लिया है। इस फैसले से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा और बसपा ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। वहीं, कांग्रेस ने 'इंडिया' गठबंधन के समर्थन का विकल्प चुना है और इस मुकाबले से दूर रहना तय किया है। इन नौ सीटों पर सपा और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबले की उम्मीद है, जहां जातीय समीकरण और गठबंधन सहयोगी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इनमें से कुछ सीटें मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग मतदाताओं के गढ़ मानी जाती हैं, जो सपा को एक मजबूत स्थान दिला सकती हैं। इसके अलावा, सपा का इस चुनाव में अकेले उतरना उसके आत्मनिर्भरता का संकेत माना जा रहा है। इस बीच लोगों के मन में इस बात को जाननी की उत्सुकता है कि सभी 9 सीटों पर सपा कहां-कहां मजबूत है? आइए आपको इसी का जवाब खबर में आगे देते हैं। सपा कहां-कहां है मजबूत? करहल 1993 से सपा का गढ़ माना जाता है। इसपर मुलायम सिंह यादव के पोते तेज प्रताप यादव और अनुजेश यादव के बीच आमना-सामना होगा। 2022 के विधानसभा चुनाव में सीसामऊ, कटेहरी, करहल, मिल्कीपुर और कुंदरकी पर समाजवादी पार्टी ने कब्जा किया था, जबकि भाजपा ने फूलपुर, गाजियाबाद और खैर पर जीत दर्ज की थी। वहीं, रालोद ने मीरापुर सीट जीती थी और निषाद पार्टी मझवां सीट पर विजयी हुई थी। इनमें से सीसामऊ को छोड़कर बाकी सीटों से विधायकों ने लोकसभा के लिए चुने जाने के कारण विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। सीसामऊ सीट से विधायक रहे इरफान सोलंकी एक आपराधिक मामले में सजा सुनाये जाने के कारण विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य हो गए हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने सभी नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव में सपा के चुनाव चिह्न 'साइकिल' पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवार उतारने का बुधवार रात को ऐलान किया था। उन्होंने इसके बाद बृहस्पतिवार को कांग्रेस के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हुए सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और कहा कि दोनों दलों ने संविधान, आरक्षण और सौहार्द को बचाने का संकल्प लिया है।

## सलमान खान को धमकी देने वाला यूपी के नोएडा से हुआ अरेस्ट



गौतमबुद्धनगर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और बाबा सिद्दिकी के बेटे जीशान सिद्दिकी को धमकी देने के मामले में एक युवक को उत्तर प्रदेश स्थित नोएडा (गौतमबुद्धनगर) से गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी मुंबई पुलिस ने दी है। युवक की पहचान 20 वर्षीय गुरफान खान के तौर पर हुई है। आरोप है कि गुरफान ने जीशान सिद्दिकी को फोन कर के सलमान खान को धमकी दी थी। पुलिस के अनुसार गुरफान ने डायरेक्ट पैसे की मांग के लिए नहीं बल्कि ऐसे ही हलचल मचाने के लिए फोन किया था। उसका मकसद था कि इसी बहाने कुछ पैसे भी मिल जाए। लेकिन, मुंबई पुलिस ने पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। पुलिस इस युवक का पूरा डाटा तलाश कर रही है कि उनका बैक ग्राउंड क्या है। परिवार में कौन लोग है और वो किन-किन से बात किया करता था। आरोपी युवक की उम्र 20 साल बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को नोएडा के सेक्टर 39 थाना से गिरफ्तार किया है। गुफ़रान बरेली जिले का रहना वाला है। पुलिस ने उसके फोन को भी अपनी कब्जे में ले लिया है जिसकी जांच की जा रही है। उसकी पुरानी कॉल डिटेल भी निकाली जाएगी ताकि युवक को लेकर पुख्ता जानकारी मिल सके। पुलिस गुफ़रान खान से पूछताछ कर रही है। जिसके बाद उसके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## "सब्जी उत्पादन से किसानों की आमदनी होगी दोगुनी", मंगल पांडेय ने कहा



पटना, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने सोमवार को कहा कि आलू एवं सब्जी उत्पादन से किसानों की आमदनी दोगुनी होगी। पांडेय ने सोमवार को यहां रबी मौसम के लिए ब्रोकली, शिमला मिर्च, टमाटर, फूलगोभी एवं बंदगोभी के हाईब्रिड सब्जी के बिचड़े का सांकेतिक वितरण कर आलू एवं सब्जी महाभियान की शुरुआत करने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में किसान भाइयों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। देश में सब्जी की खेती में बिहार का चौथा स्थान है।

'कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में सब्जी उत्पादन महत्वपूर्ण घटक' मंत्री ने कहा कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में सब्जी उत्पादन महत्वपूर्ण घटक है। राज्य में कुल 202 शीतगृह कार्यरत हैं, जिसकी कुल भण्डारण क्षमता लगभग 12 लाख 30 हजार मीट्रिक टन है। राज्य की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में सब्जी उत्पादन एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है।

## अशोक चौधरी की फिसली जुबान

### कहा- 2025 में 2020 प्लस सीटों का है लक्ष्य



पटना, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। एनडीए की बैठक के बाद आरजेडी नेता और प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने मंत्री अशोक चौधरी पर चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि जो असम का चूर्ण वो नीतीश कुमार को खिलाते हैं, उसका असर उन्हीं पर हो रहा है। दरअसल एनडीए की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अशोक चौधरी की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा कि बैठक में 2025 में 2020 प्लस सीटें जीतने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि पत्रकारों ने उन्हें बीच में टोका भी, लेकिन वो दोबारा वही बात बोल गए।

**अशोक चौधरी पर क्या बोले आरजेडी नेता?**

अशोक चौधरी के इस तरह स्लीपिंग ऑफ टंग पर आजेडी नेता ने कहा कि अशोक चौधरी नीतीश कुमार को असम वाला चूर्ण खिला रहे हैं, लेकिन उसका असर अब उन पर भी हो रहा है। शक्ति यादव ने कहा कि लगता है कि असम वाला चूर्ण अशोक चौधरी भी खा लिए हैं। इसका असर उन पर साफ-साफ दिख रहा है। वो क्या बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए के घटक दलों में इतनी बौखलाहट क्यों हैं। 17 महीने का जो तेजस्वी यादव का जो काम था, चाहे वो किसी भी क्षेत्र में हो, जो लकीर उन्होंने खींची है, उसका सामना करना एनडीए की सरकार को मुश्किल हो रहा है।

## मेरठ में भरी आबादी के बीच हो रही थी गैस रिफिलिंग, पुलिस ने पकड़े 176 सिलेंडर, दो आरोपी गिरफ्तार

मेरठ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेरठ में भरी आबादी के बीच गैस रिफिलिंग का गोरखधंधा चल रहा था। 400 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप भी था। चंद सिक्कों की खातिर हजारों लोगों की जिंदगी दांव पर लगाई जा रही थी। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ, वरना क्या होता ये बताने की जरूरत नहीं है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद छापा मारकर गैस रिफिलिंग के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। मेरठ के कोतवाली थाना इलाके के गोलाकुआं में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस चोरी की जा रही थी। खाली कॉमर्शियल सिलेंडर में रिफिलिंग करके भरी जा रही थी। ये गोरखधंधा न जाने कबसे चल रहा था। एसपी सिटी आयुष विक्रम को सूचना मिली तो उन्होंने पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार, एसओ कोतवाली योगेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे गैस रिफिलिंग चल रही थी।

## किशोरी से दुष्कर्म मामले में नवाब सिंह यादव भाई और लड़की की बुआ पर आरोप तय



कन्नौज, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव, उसके भाई और पीड़िता की बुआ पर पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने पुलिस की ओर से दाखिल आरोप पत्र में सभी धाराओं को स्वीकार कर लिया है। इस मामले में 12 नवंबर को पॉक्सो एक्ट कोर्ट में दुष्कर्म पीड़िता के बयान दर्ज किए जाएंगे। 11 अगस्त की रात पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने नवाब के भाई नीलू यादव पर साक्ष्य मिटाने और दुष्कर्म पीड़िता की बुआ को सहयोग करने में आरोपी बनाया है। विवेचक सदर कोतवाल कपिल दुबे ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। नवाब के वकीलों ने दुष्कर्म की धारा हटाने के लिए पांच प्रार्थना पत्र कोर्ट में दिए थे। कोर्ट ने पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट में नवाब सिंह, उसके छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव और दुष्कर्म पीड़िता की बुआ पर लगाए सभी आरोपों को स्वीकार कर लिया है। अब मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी।

इस दिन पीड़िता की कोर्ट में गवाही होगी। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच पीड़िता को कोर्ट में लाया जाएगा। पुलिस ने नवाब सिंह यादव, उसके छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख के नीलू यादव और पीड़िता की बुआ पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। नीलू यादव की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने सुनवाई कर जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## प्रतापगढ़ में पैसेंजर ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, स्टेशन पर हड़कंप

प्रतापगढ़, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मां बेला देवी रेलवे स्टेशन के जेल रोड क्रॉसिंग पर एक पैसेंजर ट्रेन के तीन डिब्बे शंटिंग के दौरान पटरी से उतर गए, जिससे स्टेशन पर हड़कंप मच गया। घटना के समय ट्रेन के सभी डिब्बे खाली थे, लेकिन रेलवे सुरक्षा और यात्री सुविधा को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। रेलवे प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बहराइच हिंसा; 29 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर: एसपी वृंदा शुक्ला का एक्शन



बहराइच, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बहराइच के महसी और महराजगंज में हिंसा के बाद लगातार लापरवाह अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई जारी है। एसपी वृंदा शुक्ला ने सोमवार को 29 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। यह पुलिसकर्मी हरदी और रामगांव थाने के हैं। इन दोनों जगह पर हिंसा भड़कने के बाद आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इससे पहले सीओ, तहसीलदार, एसपी ग्रामीण, थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई हो चुकी है। बहराइच में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विजर्सन के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी। राम गोपाल का गांव रामगांव थाने में पड़ता है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हरदी थाने से 14 पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन में ट्रांसफर किया गया है, इसी तरह से रामगांव थाने के 15 पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन में ट्रांसफर किया गया है। दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से संपर्क करने पर उन्होंने तबादलों को एक 'नियमित कार्रवाई' बताई। एसपी वृंदा शुक्ला ने कहा, यह महज सामान्य तबादले हैं, कांस्टेबलों का एक थाने में दो साल का कार्यकाल होता है, यह अवधि समाप्त हो गई है, इसलिए उन्हें पुलिस लाइन में भेजा गया है। उन्होंने कहा, अन्य थानों के लिए भी ऐसे कांस्टेबल की सूची तैयार की जाएगी।

**5 बड़े अफसरों पर अब तक कार्रवाई**

तीन दिन पहले महसी में हिंसा के वक्त तहसीलदार रहे रविकांत द्विवेदी को प्रशासन ने डीएम ऑफिस में अटैच किया है। उनकी जगह नायब तहसीलदार रहे सौरभ सिंह को तहसीलदार का प्रभार दिया गया है। एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी को हटा दिया गया था। उनकी जगह दुर्गा प्रसाद तिवारी को तैनाती दी गई है। पवित्र मोहन त्रिपाठी को डीजीपी हेड हेडक्वार्टर से संबद्ध किया गया है। महसी सीओ रूपेंद्रगौड़, थानाध्यक्ष हरदी एसके वर्मा, महसी चौकी इंचार्ज आशोक कुमार को सस्पेंड किया गया था।

**अब तक 106 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, 14 मुकदमे दर्ज**

बहराइच हिंसा में शामिल अब तक 106 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस ने हिंसा से जुड़े 14 मामले दर्ज कर लिए हैं। बहराइच से करीब 40 किमी दूर महराजगंज बाजार में रविवार, 13 अक्टूबर की शाम 6 बजे दुर्गा प्रतिमा का जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में शामिल लोग नाचते-गाते और जयकारा लगाते जा रहे थे। इसी दौरान कुछ युवकों ने डीजे बंद करने को कहा तो विवाद हो गया। थोड़ी देर में हिंसा भड़क गई। पथराव-आगजनी के साथ 20 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। इसमें 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई।

## पत्नी मेरी जासूसी कर मुझे प्रताड़ित करती है

### प्रयागराज में बिजली विभाग के जेई ने दर्ज करवाया मामला, शादी के बाद से रह रहे अलग

प्रयागराज, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रयागराज में जेई (अवर अभियंता) ने पत्नी पर जासूसी करने का मामला दर्ज करवाया है। कहा- पत्नी और साले हमें प्रताड़ित कर रहे हैं। रास्ते में चोरी-छिपे फोटो खींचकर ऑफिस के मेल और सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। यूनिवर्सिटी की मेल आईडी, आधिकारिक वेबसाइट पर गलत शिकायतें और फोटो आदि डाल देती हैं। पत्नी मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान कर रही है। मामला कर्नलगंज कोतवाली थाना क्षेत्र का है। करेली के रहने वाले मो. फैजान इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में अवर



अभियंता (जेई) विद्युत के पद पर तैनात हैं। पति-पत्नी के बीच शादी के बाद मनमुटाव हो गया। कोर्ट में मामला चल रहा है। जेई ने पुलिस को मेल की कॉपी, फोटो, स्क्रीन शॉट और अन्य सबूत सौंपे हैं। मो। फैजान की शादी रसूलपुर थाना करेली की रहने वाली फरिया से हुई है। शादी के बाद दोनों के बीच विवाद हो गया। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। दोनों अलग-अलग रहते हैं। फैजान का आरोप है कि पत्नी फरिया और साले सिराज अहमद उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। उसे मानसिक तनाव और शारीरिक परेशानी दे रहे हैं। अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। फैजान का कहना है कि पत्नी और साले की वजह से सरकारी काम में बाधा होती है। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठा कर बात कराई, लेकिन पत्नी ने ऐसी हरकत नहीं छोड़ी। फैजान का कहना है कि ऐसा करने की वजह से किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। पुलिस कमिश्नर के यहां तहरीर देने के बाद देर शाम कर्नलगंज थाने में केस दर्ज करवाया है। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती का कहना है कि पति और परिवार वालों की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पति-पत्नी अलग रहते हैं। विवाद का निपटारा होने तक एक-दूसरे को परेशान नहीं करना चाहिए। पुलिस दोनों से पूछताछ कर कार्रवाई करेगी।

## दो बार लैंडिंग की कोशिश, खत्म होने लगा फ्यूल हवा में 20 मिनट तक 200 यात्रियों की अटकी रहीं सांसें



लखनऊ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल को एयर इंडिया के पायलट ने ईंधन खत्म होने का इमरजेंसी मैसेज भेजा। इस दौरान करीब 20 मिनट तक फ्लाइट में सवार करीब 200 यात्रियों की सांसें भी अटकी रही। गनीमत यह रही कि फ्लाइट की सकुशल इमरजेंसी लैंडिंग करवा ली गई। दरअसल, एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-431 ने 12.20 बजे दिल्ली से उड़ान भरकर 1.30 बजे लखनऊ लैंड होनी थी। फ्लाइट टाइम से पहुंची, लेकिन पायलट लैंडिंग नहीं करवा पाया। उसने दुबारा कोशिश की, लेकिन असफल रहा। इस दौरान विमान हवा में काफी देर तक चक्कर लगाता रहा, जिसकी वजह से ईंधन खत्म होने लगा। इसके बाद पायलट ने एटीसी को इमरजेंसी मैसेज भेजा, जिसके बाद फ्लाइट में बैठे यात्री सहम गए। एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही दमकल, रेस्क्यू कर्मी और एम्बुलेंस रनवे पर पहुंच गए। आखिरकार तीसरे प्रयास में विमान की सफल लैंडिंग हो सकी। इस दौरान विमान का इंजन भी चालू था। लैंडिंग के बाद सभी ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि पायलट लैंडिंग की सही स्थिति नहीं बना पा रहा था। लिहाजा इस स्थिति में प्लेन को लैंड करवाना खतरनाक हो सकता था।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
बुधवार, 30 अक्टूबर, 2024 5

सुविचार
जीवन में प्रयास सदैव कीजिए
'लक्ष्य' मिले या 'अनुभव' दोनों ही अमूल्य है।

# सीएम ने तेलंगाना में केसीआर के राजनीतिक प्रभाव को समाप्त करने की कसम खाई

## रेवंत रेड्डी की घोषणा से राजनीतिक हलचल मची



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना में पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की राजनीतिक प्रासंगिकता को समाप्त करने के अपने उद्देश्य की घोषणा करके हलचल मचा दी। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि मेरा लक्ष्य केसीआर को राजनीतिक परिदृश्य से मिटाना है।

यहां मंगलवार को मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि हम राजनीति में पारिवारिक गठबंधनों से निपटने के बारे में अच्छी तरह से जानते है। इस बात पर जोर देते हुए कि वह पुलिस हिरासत जैसी बलपूर्वक रणनीति से अलग तरीकों का इस्तेमाल करेंगे। रेवंत रेड्डी ने विश्वास व्यक्त किया कि केसीआर का राजनीतिक कैरियर एक साल के भीतर समाप्त हो जाएगा। फोन टैपिंग, कालेश्वरम परियोजना और बिजली खरीद के संबंध में चल रही जांच पर, उन्होंने आश्वासन दिया कि वे किसी भी व्यक्तिगत प्रतिशोध से मुक्त, केवल जांच एजेंसियों के निष्कर्षों के आधार पर आगे बढ़ेंगे। फोन-टैपिंग मामले के बारे में, मुख्यमंत्री ने खुलासा किया कि प्रमुख संदिग्धों प्रभाकर राव और श्रवण के पासपोर्ट रद्द कर दिए गए हैं, जो आसन्न गिरफ्तारी का संकेत देते हैं।

उन्होंने कहा, हम इन कार्रवाइयों से होने वाले किसी भी राजनीतिक नतीजे का सामना करने के लिए तैयार हैं और हम लोगों के कल्याण के लिए अपने वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने से उनकी सर्वोच्च राजनीतिक आकांक्षा पूरी हुई है। जनवाड़ा फार्महाउस पार्टी विवाद पर टिप्पणी करते हुए रेवंत रेड्डी ने केटीआर के बहनोई की कथित संलिप्तता की आलोचना की। उन्होंने कहा, दिवाली आतिशबाजी का त्योहार है, लेकिन केटीआर के बहनोई के फार्महाउस पर हमें शराब की बोतलें देखने को मिल रही हैं। रेवंत रेड्डी ने हाल ही में हुई दिवाली पार्टी की प्रकृति पर सवाल उठाते हुए कहा, राज पकाला के घर पर कैसीनो के सिक्के मिले थे, तो इसे दिवाली पार्टी कैसे कहा जा सकता है?

## स्वर्ण पदक विजेता वमशी ने सीएम से मुलाकात की



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पावरलिफ्टिंग एथलीट मोडेम वमशी ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके जुबली हिल्स आवास पर मुलाकात की। भद्राचलम के वामसी ने अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। वामसी ने हाल ही में आयोजित दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रमंडल खेलों में पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने वामसी को बधाई दी। एसएटीएस अध्यक्ष शिवसेना रेड्डी, सांसद बलराम नाइक, विधायक तेलम वेंकटराव आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री रेवंत आज गांधी भवन में जाति जनगणना रणनीति बैठक का नेतृत्व करेंगे

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी जाति जनगणना पर चर्चा के लिए बुधवार को यहां गांधी भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी दीपा दास मुंशी, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ और अन्य वरिष्ठ नेताओं के बैठक में भाग लेने की उम्मीद है। यह पहल एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रमुख नेता राहुल गांधी के दृष्टिकोण का अनुसरण करती है, दोनों ने जाति जनगणना को एक महत्वपूर्ण उपक्रम के रूप में प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार ने 4 नवंबर से जाति जनगणना प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है, जिसके पूर्ण और प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए लगभग 80,000 अधिकारियों को तैनात किया गया है। इस महत्वाकांक्षी पहल की रणनीति को मजबूत करने के लिए, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें मंत्री, सलाहकार, सांसद, एमएलसी, विधायक, डीसीसी अध्यक्ष, सचेतक और निगम अध्यक्ष शामिल होंगे। नेता जनगणना के लिए पार्टी के रोडमैप पर चर्चा करेंगे, जिसमें राज्य भर में रसद समन्वय और प्रभावी संचार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## साइबराबाद में घरेलू हिंसा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। महिला विकास एवं सशक्तिकरण केंद्र (सीडीईडब्लू) ने समर्पित पारिवारिक परामर्श केंद्रों के माध्यम से घरेलू हिंसा से निपटने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। फरवरी 2023 में अपनी स्थापना के बाद से सीडीईडब्लू ने साइबराबाद आयुक्तालय के भीतर सात परामर्श केंद्र स्थापित किए हैं, जो घरेलू हिंसा के पीड़ितों को महत्वपूर्ण सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। सफलता सम्मेलन में राजेश, डीसीपी, शमशाबाद, अशोक कुमार, एसपी, महिला सुरक्षा विंग, आरजीआईए पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर बलाराजू, आरजीआईए के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर नागेश्वर राव, साइबराबाद आयुक्तालय के महिला सुरक्षा इंस्पेक्टर प्रताप लिंगम और साइबराबाद की एसएचई टीम्स की इंस्पेक्टर सुनीता सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। उनका सहयोग महिलाओं के लिए सुरक्षित और सशक्त वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कानून प्रवर्तन और सहायता एजेंसियों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साइबराबाद आयुक्तालय में, आज तक, इन केंद्रों ने घरेलू हिंसा के 2,624 मामलों को संभाला है, पारिवारिक संघर्षों को सुलझाने, भावनात्मक समर्थन प्रदान करने और महिलाओं को अपने जीवन पर नियंत्रण करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से 8,052 से अधिक परामर्श सत्र आयोजित किए हैं। इस पहल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि 999 मामलों का सफल समापन है, जिनमें से 437 मामलों में विवाह पुनर्मिलन हुआ, जो जहां संभव हो वहां सुलह और पुनर्वास के लिए सीडीईडब्लू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# आवारा लोग कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती : सीवी आनंद

## सीपी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीपी हैदराबाद सीवी आनंद ने कहा कि हैदराबाद शहर की सीमा में बेघर लोगों और आवारा लोगों की कई घटनाएं होती हैं, जिनमें से कुछ मानसिक रूप से बीमार हैं। उन्होंने कहा कि वे धार्मिक स्थानों पर जा रहे हैं और यदि उन पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कानून-व्यवस्था बाधित होने की संभावना है। सीपी ने कहा कि बेघर व्यक्तियों, आवारा लोगों, मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्तियों से जुड़ी किसी भी घटना से बचने के लिए एहतियात के तौर पर आज सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और आश्रम चलाने के क्षेत्र में काम करने वाले प्रमुख गैर सरकारी संगठनों के साथ एक समन्वित दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

आज यह बातें सीपी सी.वी. आनंद पुलिस आयुक्त हैदराबाद ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, हैदराबाद में अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक में कही। इस बैठक में हैदराबाद शहर में दिन-ब-दिन बेघर लोगों की बढ़ती संख्या और मानसिक रूप से विकलांग लोगों और विभिन्न अपराधों में उनकी भागीदारी पर व्यापक चर्चा की गई और समाधान खोजने के लिए सभी से सुझाव और सुझाव मांगे गए। सभी विभागों के अधिकारियों ने हमारे हैदराबाद शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक कार्य योजना बनाने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

समन्वय बैठक में अधिकारी डॉ. सौम्या मिश्रा डीजीपी कारागार व सुधार सेवा, तेलंगाना, विक्रम सिंह मान, अतिरिक्त सीपी कानून और व्यवस्था, वाई मुरली बाबू, आईजीपी, कारागार, सुश्री रमादेवी, निदेशक, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, वी.बी. कमलासन रेड्डी, आईजीपी, ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन, पी.विश्वप्रसाद आईपीएस एडिशनल सीपी ट्रैफिक, के.रमेश नायुडू आईजीपी रोड सेफ्टी तेलंगाना, मोहम्मद सदन जेब खान डीआइजी रेलवे, टीजी आरटीसी, कैंटोनमेंट सिकंदराबाद, आरपीएफ हैदराबाद, डीसीपी यातायात हैदराबाद, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, राजस्व हैदराबाद, निषेध और उत्पाद शुल्क विभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, सुल्तान बाजार, मानसिक स्वास्थ्य, एर्रागड्डा और हैदराबाद शहर सभी पुलिस के जोनल डीसीपी और टास्क फोर्स के अधिकारियों ने भाग लिया।

## समन्वय बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। समन्वय बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रमुख रूप से सड़क पर रहने वालों और बेघर व्यक्तियों, विक्षिप्त व्यक्तियों, कूड़ा बीनने वालों, शराबियों की पहचान, सड़कों और सड़कों के किनारे रहने वालों को तत्काल आश्रय और उनके कल्याण के लिए तत्काल व्यवस्था पर चर्चा की गई। चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुव्यवस्थित करना, उन्हें किसी भी अपराध में शामिल होने से रोकने के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने पर चर्चा हुई। इसी क्रम में प्रत्येक पुलिस स्टेशन क्षेत्र में पूजा स्थलों और धार्मिक स्थानों की पहचान करने के लिए स्थानीय पीएस के लिए जियो-टैगिंग प्रणाली की स्थापना, स्थानीय पीएस सेक्टर एसआई को क्षेत्र में समिति के सदस्यों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने, एहतियात के तौर पर प्रार्थना कक्ष समिति के बुजुर्गों ने कहा कि सीसीटीवी, कंपाउंड वॉल, गेट और लॉक सिस्टम लगाने, किसी भी संदिग्ध मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति की सूचना तुरंत स्थानीय क्षेत्र पुलिस को देने आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

## 21 टीजीएसपी कर्मियों को किया गया गिरफ्तार

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दोमलगुडा पुलिस ने टीजीएसपी के 21 कर्मियों के खिलाफ दो मामले दर्ज किए, जिन्होंने कथित तौर पर इंदिरा पार्क में अनुमति प्राप्त किए बिना धरना देने की कोशिश की थी। पुलिस ने उनके खिलाफ (असंतोष भड़काना) अधिनियम 1922, पुलिस बल (अधिकारों पर प्रतिबंध) अधिनियम 1966 और बीएनएस अधिनियम की धाराएं लगाईं। तेलंगाना विशेष पुलिस के जवान इंदिरा पार्क में एकत्र हुए थे और बाद में उन्हें दोमलगुडा पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें दो मामलों में गिरफ्तार कर लिया गया। टीजीएसपी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है



सूचना एवं नागरिक संबंध विभाग के विशेष आयुक्त का कार्यभार संभालते हुए एस. हरीश।

# परिवार सर्वेक्षण को निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जाना चाहिए : अतिरिक्त आयुक्त




हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त आयुक्त स्नेहा सबरीश ने कहा कि एक व्यापक घर-घर परिवार सर्वेक्षण कुशलतापूर्वक किया जाना चाहिए और इसके लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सर्वेक्षण करने की पूरी समझ होनी चाहिए। मंगलवार को ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में व्यापक घरेलू सर्वेक्षण करने के लिए उपायुक्तों और सर्कल स्तर के मास्टर प्रशिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर स्नेहा सबरीश ने कहा कि तेलंगाना सरकार महत्वाकांक्षी रूप से नवंबर महीने में एक सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण (व्यापक घर-घर परिवार सर्वेक्षण) कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक परिवार की सामाजिक, आर्थिक स्थिति, शैक्षिक स्तर, रोजगार की स्थिति, परिवार के राजनीतिक लाभ और वित्तीय स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाना है। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण अत्यंत पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि सर्वेक्षण डेटा के संग्रह में नैतिक मानकों को अपनाया जाना चाहिए और व्यक्तिगत गोपनीयता अधिकारों की रक्षा पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए।

सर्वेक्षण के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया जाना चाहिए, प्रगणकों को सर्वेक्षण करना चाहिए और उन्हें सौंपे गए सभी परिवारों का डेटा एकत्र करना चाहिए, और प्रत्येक परिवार के बारे में बुनियादी जानकारी एकत्र करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गणना ब्लॉकों में सभी परिवारों को पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रगणकों को दिशा-निर्देशों के अनुसार सर्वेक्षण करना चाहिए। तैयार मकान पर स्टीकर लगाने का सुझाव दिया गया है।

पर्यवेक्षकों को प्रगणक द्वारा एकत्र किए गए डेटा में से 10 प्रतिशत यादृच्छिक परिवारों की जांच करना आवश्यक है। प्रगणक को प्रदर्शन की निगरानी करने और सर्वेक्षण प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने की सलाह दी जाती है। इस अवसर पर, वित्तीय सलाहकार शरत चंद्रा ने हाउस होल्ड शेड्यूल सर्वेक्षण फॉर्म, हाउस लिस्टिंग फॉर्म, गणनाकर्ता दिशानिर्देश और स्टिकर अपडेट के बारे में बताया। प्रशिक्षण के अंतर्गत पीपीटी के माध्यम से सर्वेक्षण कैसे करना है, फॉर्म भरने की प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण विवरण विस्तार से बताए गए हैं।

मास्टर प्रशिक्षकों को सर्वेक्षण प्रबंधन से संबंधित तरीकों, तकनीकों और मानक तरीकों को समझाने का प्रशिक्षण दिया गया। सर्वेक्षण के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं और उन्हें दूर करने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया है। बाद में उन्होंने सर्वेक्षण के संबंध में कई लोगों द्वारा पूछे गए संदेहों को दूर किया।

# दुर्गंध की शिकायतों पर उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक

## सदस्य सचिव ने की कड़ी कार्रवाई की चेतावनी
## 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने बैठक में लिया भाग



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (टीजीपीसीबी) के सदस्य सचिव जी. रवि ने मंगलवार को कुछ औद्योगिक इकाइयों से दुर्गंध आने की लगातार मिल रही शिकायतों की पृष्ठभूमि में एक समीक्षा बैठक की और ऐसा न करने वाले उद्योगों को बंद करने सहित कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। स्थानीय निवासी और आस-पास के समुदाय कुछ औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाली असहनीय गंध और दुर्गंध से परेशान हैं, जिससे उनका जीवन स्तर प्रभावित हो रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि टीजीपीसीबी को प्रजावाणी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कई शिकायतें प्राप्त हुईं और संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में भी लिखित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई की गई।

बैठक में हैदराबाद और उसके आसपास के 20 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें फार्मास्यूटिकल, रसायन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के प्रतिनिधि भी शामिल थे। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रभावी गंध नियंत्रण उपायों को लागू करने, प्रदूषण नियंत्रण बुनियादी ढांचे की निगरानी और उन्नयन तथा निगरानी तंत्र को बढ़ाने पर उद्योगपतियों के साथ चर्चा की गई। सदस्य सचिव ने कहा कि उद्योग संघों को गंध की समस्या पर नियंत्रण के लिए क्लस्टरवार महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उल्लंघनकर्ताओं की पहचान नहीं की जाती है, तो टीजीपीसीबी उस क्षेत्र के सभी सदस्यों पर कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य हो जाएगा। उन्होंने स्थानीय स्व-सतर्कता के लिए तीन शिफ्टों में काम करने वाले उद्योग के नेतृत्व वाले एक स्व-निगरानी टास्क फोर्स की निगरानी करने का आह्वान किया। रवि ने कहा कि जो इकाइयां सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्रों (सीईटीपी) में अपशिष्ट नहीं भेज रही हैं और अवैध रूप से अपशिष्ट जल छोड़ रही हैं, उनकी पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उद्योगों से प्रदूषण नियंत्रण और जन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि अनिवार्य प्रावधानों और पीसीबी मानदंडों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के खिलाफ गंभीर और सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें बंद करने के आदेश जारी करना भी शामिल है। बैठक में मुख्य अभियंता बी.रघु और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और इस अवसर पर बात की।

## ईडी के छापों में पारदर्शिता की कमी पर उठे सवाल

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने एक महीने पहले राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई हाई-प्रोफाइल छापेमारी के बाद उसकी कार्रवाई और पारदर्शिता की कमी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में धनराशि मिलने के आरोप को लेकर मीडिया में व्यापक कवरेज के बावजूद, ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान या मामला दर्ज नहीं किया गया है, जबकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने चुप्पी साध रखी है।

रामाराव ने एक्स से बातचीत में ईडी की छापेमारी के तुरंत बाद व्यवसायी गौतम अडानी और मंत्री श्रीनिवास रेड्डी के बीच कथित गुप्त बैठक की ओर इशारा करते हुए इस बैठक की प्रकृति और उद्देश्य पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि इसमें क्या लेन-देन है?

पूर्व तट रेलवे
ई-निविदा सूचना सं. ETCECONIVSKP 2024042, दिनांक : 21.10.2024
कार्य का नाम : पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल के विशाखापट्टनम स्थित रेलवे परिसम्पति (निर्माण संगठन) के मौजूदा स्ट्रक्चर/बिल्डिंग जैसे कि सर्विस बिल्डिंग एवं आवश्यकता के आधार पर निर्माण अधिकारी द्वारा उपयोग होने वाले आवासीय आवास इत्यादि की मरम्मत, परिवर्तन एवं देख-रेख कार्य का निष्पादन।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 84.47 लाख, EMD : ₹ 1,69,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.11.2024 को 1200 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने को कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट)

# पोंगुलेटी ने कपास किसानों के हितों की रक्षा का संकल्प लिया

खम्मम, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कपास किसानों के लिए सरकार के अटूट समर्थन पर जोर दिया है, जिन्हें बाजार में उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य से वंचित किया जा रहा है। मंगलवार को खम्मम जिले के तिरुमलयापलेम गांव में मीडिया से बात करते हुए, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने किसानों द्वारा लाए गए कपास पर किसी भी अनुचित मूल्य कटौती के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी, उन्होंने घोषणा की, हम कपास की कीमतों पर किसी भी अनुचित कटौती को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि तौल कोटे में विसंगतियां उत्पन्न होती हैं, तो मिलों को गंभीर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, जिसमें संभावित जब्ती भी शामिल है। राज्य सरकार के किसान-हितैषी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के नौ खरीद केंद्रों की स्थापना की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को कोई असुविधा न हो। हमने पहले ही उनके समर्थन के लिए क्रांतिकारी उपाय लागू किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष की आलोचना के बावजूद कर्ज माफी के लिए 18,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए है। दिसंबर तक, कर्ज राहत के रूप में 13,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी।

हम पात्र किसानों के लिए ऋण माफ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, भले ही इसके लिए अत्यधिक उपाय करने पड़ें। किसानों के लिए वित्तीय सहायता के अलावा, मंत्री पोंगुलेटी ने पात्र निम्न-आय वाले परिवारों को दिवाली उपहार के रूप में इंदिरम्मा हाउस वितरित करने की योजना की घोषणा की। हम पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजशेखर रेड्डी से प्रेरित आवास पहल को जारी रखेंगे, उसी प्रतिबद्धता के साथ घर प्रदान करेंगे।

इसके अतिरिक्त, बढ़िया किस्म के चावल किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस देने का वादा किया गया है। पोंगुलेटी ने किसानों से आग्रह किया कि वे खरीद केंद्रों पर समस्याओं से बचने के लिए अपने अनाज में नमी की मात्रा सीसीआई मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें। किसानों को किसी भी समस्या की सूचना राजस्व अधिकारियों को देनी चाहिए, जो तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। हमारी प्राथमिकता यह देखना है कि किसी भी किसान को नुकसान न हो। किसानों की जरूरतों को पूरा करना और उनकी मुश्किलों को दूर करना हमारी सरकार की जिम्मेदारी है।

## मेयर गदवाल विजयालक्ष्मी ने पुस्तकें वितरित कीं



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम की मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने मंगलवार को दिवाली त्योहार के उपलक्ष्य में बंजारा हिल्स एनबीटी नगर गवर्नमेंट हाई स्कूल के छात्रों को किताबें वितरित कीं। इस कार्यक्रम में 300 छात्रों को किताबें, पेंसिल, पेन और अन्य शैक्षणिक सामग्री दी गई। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई में बिना किसी परेशानी के मदद करने में उन्हें काफी खुशी हो रही है।

दक्षिण मध्य रेलवे
@SCRailwayIndia
नं.एनडब्ल्यू/148/डब्ल्यू/टेंडर नोटिस/2024-25 दि.28/10/2024
PUB/1094
निविदा के विवरण को पहले ही वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।
क्रम सं.-1, निविदा सं.- टी-202425-3-061 प्राधिकरणः को-आर्ड. निविदा मूल्यः रु.9993923.95 पूर्व धरोहर राशिः रु.199900.00 पूरा करने की अवधिः नौ महिने कार्य विवरणः एमएलएसयु-पीएयु-पीबीएन-पीआरएलआई सेक्शन में पुल(ब्रिज) सुधार कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्यः रु. शून्य
क्रम सं.-1, टेंडर नं. -टी-202425-3-061, तत्समान स्वभाव का कार्य( 50 लाख रुपये मूल्य से अधिक) झोनल या आंचलिक कार्यों को छोडकर, कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य।
उपरोक्त निविदा दि. 19-11-2024 के 15.00 बजे बंद होगी।
A1397 सीनि. डीइएन/को-आर्ड./नांदेड
निविदा शर्ते, नियम/विवरण की अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 30 अक्टूबर- 2024

# पवार फैमली में फिर फाइट

महाराष्ट्र का बारामती विधानसभा अब प्रदेश का सबसे दिलचस्प चुनाव हो गया है। वजह सगे चाचा-भतीजे आमने-सामने हो गए हैं। चाचा अजित पवार अपने ताऊ शरद पवार से राजनीतिक अनुभव लेकर जब उन्हें ही चुनौती देने लगे तो शरद पवार ने भतीजे अजित पवार को सबक सिखाने के लिए उनके ही भतीजे युगेंद्र को अपनी उंगली पकडा कर उनके सामने उतार दिया है। दादा शरद पवार अपने पोते को राजनीति का गुर भी सिखा रहे हैं। नामांकन के दौरान शरद पवार ने बारामती के समर्थकों को सीधा संदेश दिया। भतीजे अजित पवार के खिलाफ एनसीपी (एसपी) के उम्मीदवार युगेंद्र के नामांकन के दौरान शरद पवार न सिर्फ तहसील कार्यालय में मौजूद रहे बल्कि अपने पोते को पैतृक गांव अमराई भी ले गए। नामांकन के दौरान चाचा अजित पवार और भतीजे युगेंद्र आमने-सामने आने से बचते रहे। दोनों ने अलग-अलग नामांकन किया। बारामती में चाचा और भतीजे की चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड पर पहुंच गई है। भतीजे अजित के बगावत के बाद चाचा शरद पवार ने अपने दूसरे भतीजे के बेटे यानी पोते युगेंद्र को उतार कर जबर्दस्त दांव खेला है। युगेंद्र एनसीपी नेता अजित पवार के भाई श्री निवास पवार के बेटे हैं। नामांकन के दौरान शरद पवार ने अपना वरदहस्त न सिर्फ पोते के सिर पर रखा बल्कि राजनीति की पहली सीढ़ी पर संकेतों की राजनीति के गुर भी सिखा दिए। नामांकन के पहले युगेंद्र पवार को पैतृक गांव अमराई ले गए। 1967 में शरद पवार ने भी पहली बार नामांकन करने से पहले अमराई की यात्रा की थी। इसके अलावा वह खुद कुनबे के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां युगेंद्र ने नामांकन की प्रक्रिया पूरी की। युगेंद्र के साथ दादा शरद पवार के अलावा उनके पिता श्रीनिवास पवार, मां शर्मिला पवार और बुआ सुप्रिया सुले भी मौजूद रहीं। पूरे परिवार की मौजूदगी के जरिए शरद पवार ने बारामती के वोटरों को सीधा संदेश दे दिया कि इस चुनाव में पवार फैमिली के कैंडिडेट अजित नहीं, युगेंद्र पवार हैं। इस मौके पर युगेंद्र पवार ने कहा कि उनके लिए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि सामने कौन चुनाव लड़ रहा है, उनके लिए जरूरी है कि कौन समर्थन दे रहा है। दादा शरद पवार का आशीर्वाद उनके साथ है। दूसरी ओर, अजित पवार ने भी नामांकन दाखिल करने से पहले शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने बारामती में समर्थकों के साथ रैली निकाली। नामांकन के दौरान उनके बेटे पार्थ और जय के अलावा महाराष्ट्र सरकार की लड़की बहिन योजना की कुछ लाभार्थी भी थीं। नामांकन के बाद अजित पवार ने शरद पवार को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्होंने भतीजे को चुनाव में उतारकर गलती की है। यह भी स्वीकारा कि सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को उम्मीदवार खड़ा करना मेरी गलती थी, लेकिन अब वे मेरे खिलाफ एक पारिवारिक सदस्य को मैदान में उतारकर उसी तरह की गलती दोहरा रहे हैं। युगेंद्र पवार ने कहा है कि उनके पास शरद पवार सहित पूरे पवार फैमिली का आशीर्वाद है। युगेंद्र ने यह भी कहा कि जब अजित पवार पहली बार जीते थे तब उनके साथ शरद पवार का ही आशीर्वाद था। इसलिए इस बार शरद पवार के आशीर्वाद से मेरा जीतना तय है। इस तरह की बयानबाजी को मतदाता भी चटखारे लेकर सोशल मीडिया के जरिए वायरल कर रहे हैं। अब देखना यह है कि ऊंट किसी करवट बैठता है।

# बम-पटाखों की दिवाली



रामविलास जांगिड़

दिवाली का त्यौहार आया। चारों ओर रोशनी की जगमगाहट थी, रंगोली सजी थी और बम-पटाखों की आवाज़ें गूंज रही थीं। इस बार दीपावली के मौके पर रावण, दुर्योधन और कंस ने भी कुछ हटके करने का निश्चय किया। ये अपने-अपने युग के बड़े धुरंधर रहे हैं, मगर इतने सालों के इतिहास के बाद भी इन्हें दिवाली के पटाखों से कुछ खास लगाव हो गया था। लंकापति रावण ने सोचा कि इस बार कुछ बड़ा धमाका होना चाहिए। वह चाहता था कि उसकी शान-ओ-शौकत के अनुसार दिवाली हो। उसके पास सोने की लंका थी, तो उसने सोने के पटाखे बनवाए। मगर इतने सालों के एकांतवास के बाद, उसे विस्फोटक तकनीक का पूरा ज्ञान नहीं था। इसलिए उसने अपने दस सिरों की मदद से अलग-अलग दस पटाखे एक साथ फोड़ने का निर्णय लिया। लेकिन हुआ क्या? दस पटाखों के विस्फोट से उसकी नाक, कान और मूंछें झुलस गईं। ऐसा मंजर था कि खुद रावण को अपने दसों सिर एक साथ संभालने मुश्किल हो गए। अस्पताल में बैठे हुए रावण के सिर बड़बड़ाने लगे, दीपावली के चक्कर में हमारा तो बुरा हाल हो गया। इससे तो अच्छा था कि हम राम से ही भिड़ते रहते। रावण के दसों नाकों में प्रदूषण से सांस लेने में बहुत कठिनाई हुई और उसे वेंटिलेटर पकड़ना पड़ा। दुर्योधन का हाल भी कुछ ऐसा ही हुआ। उसने सोचा कि इस बार की दिवाली में वह भी किसी से कम नहीं रहेगा। दुर्योधन ने बड़ी मेहनत से गोला-बारूद का बंदोबस्त किया और सोचा कि इस बार अपने पांडव भाईयों के घर के पास ही धमाके करेंगे, ताकि उनका मनोबल तोड़ा जा सके। उसने गदा लेकर बमों पर प्रहार किया और सोचा कि इससे सभी लोग दहशत में आ जाएंगे। लेकिन उसकी गदा का प्रहार जैसे ही बमों पर पड़ा, एक ऐसा धमाका हुआ कि खुद दुर्योधन दस फीट हवा में उड़ गया। उसके शरीर पर जले हुए कपड़े और बमों की धमक का दर्द था। अस्पताल में लेटे हुए दुर्योधन कराहते हुए कहता है, अरे कृष्ण ने भी ऐसी छल-कपट न दिखाई थी, जैसी इन बमों ने मेरे साथ कर दी। अब बारी है कंस की। यह दुष्ट राजा भी पीछे रहने वालों में से नहीं था। उसने ठान लिया था कि अपने भांजे कृष्ण से बदला लेने का इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। उसने सोचा कि एक बड़ा सा बम बना दिया जाए और उसे कृष्ण के गोपालों के पास फोड़ दिया जाए। लेकिन समस्या ये हुई कि कंस को बम बनाने का तरीका नहीं आता था। उसने यूट्यूब पर वीडियो देखकर बम बनाने की कोशिश की। जैसे ही उसने उस बम को जलाया, धमाका इतनी जोर से हुआ कि कंस खुद गिर पड़ा।

चेहरा काला हो गया, बाल झुलस गए, और कपड़े तो धुएं में गुम ही हो गए। अस्पताल में आते ही कंस ने कहा, ₹मैंने तो सोचा था कि मैं दिवाली पर अपने दुश्मनों को परास्त करूंगा, लेकिन यहां तो मैं खुद ही अस्पताल में पहुंच गया! तीनों अस्पताल में लेटे हुए एक-दूसरे को देख कर अपनी किस्मत को कोस रहे थे। तभी डॉक्टर ने आकर कहा, अरे भई, आप लोग कौन से ज़माने से आए हो? आजकल लोग डिजिटल दिवाली मना रहे हैं। बम-पटाखों से पर्यावरण को कितना नुकसान होता है, ये किसी को पता है? यह सुनकर रावण ने अट्टहास किया, दुर्योधन ने अस्पताल की दीवार पर लात मारी और कंस ने दहाड़ कर कहा- मैं आने वाले वर्षों में फिर से बम-पटाखे ही फोड़ने का कार्यक्रम करूंगा ताकि पर्यावरण का पूरा कबाड़ा हो जाए।

# बंटेंगे तो कटेंगे नारा नहीं, सच्चाई है

ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए 'हिंदू एकता' के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटोगे तो कटोगे' बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पर्दापाश किया। श्री होसबोले ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।' उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की। सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबोले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, 'लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है।' उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। ध्यान रहे कि अभी राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुस्लिम लड़के सलीम ने खुद को संजू बताकर हिंदू लड़की सोनिया को प्यार के जाल में फंसाया। सलीम ने सोनिया के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। सोनिया ने जब शादी का दबाव बनाया तो सलीम ने दो दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी और शव को हरियाणा में अपने ननिहाल के गांव में एक खेत में गाड़ दिया। निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति सचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए। संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं, विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिये हिन्दू समुदाय को तोड़ने एवं विभाजित करने के लिये तरह-तरह के षडयंत्र कर रहे हैं। एक बार फिर संघ ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश दिया है और इस सन्देश को जिस तरह आकार दिया जाना है, उसका दिशा-निर्देश भी दिया गया है। आरएसएस महासचिव ने कहा, महात्मा गांधी ने भी स्वराज्य का मंत्र दिया था। 'स्व' का मतलब है 'स्वाधीनता', राष्ट्रीय स्वत्व। यहां हिन्दुओं को अपनी परंपरा, अपनी सभ्यता, उसके अनुभवों के साथ व्यवहार करना है, आधुनिकता का पालन करना है, आधुनिकता में भी 'स्व' को नहीं भूलना है। इस 'स्व' को जीवंतता देकर ही हिन्दू समाज टूटने एवं बिखरने से बच सकता है। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे एकात्ममुख करना जरूरी है। होसबोले के आह्वान का अर्थ हिन्दुओं को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नयी शक्ल देने का है। वास्तव में यदि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं तो हमें अपनी सोच और अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। जब होसबोले देश को बदलने और आगे ले जाने के लिए संकल्प व्यक्त कर रहे हैं तो फिर हिन्दुओं का भी यह दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से के संकल्प ले, संगठित हो।

# अब शुद्ध भोजन की गारंटी भी नहीं रह गई है !



अशोक भाटिया

मेरा एक मित्र है जो होटल मैनजमेंट का कोर्स करता था। अब वह एक शानदार दिल्ली के किसी होटल में काम करता है। बातों बातों में उसी से पता लगा कि वो अक्सर खाना खुद ही बनाता है। मैंने उस से पूछा क्यों तुम्हें तो खाना होटल में मिल ही जाता होगा। उसने कहा मिल तो जाता है। तो मैने उस से कहा कि तुम खुद क्यों बना कर परेशान होते हो।उसने मुझ से कहा कि अरे पागल हो मरना है क्या वो खाना खाकर। कभी कभी चल जाता है, हररोज नहीं।मैंने कहा क्यों - ऐसा क्यों कह रहे हो। जवाब में उसने कहा कि ये सब्जियां और बाकी चीजें पता नहीं कब की बनाई हुई होती हैं, इन्हें हम कई दिनों तक बड़े बड़े फ्रीजर में रख के रखते हैं और दोबारा गर्म कर कर के परोसते हैं। घर पर तो हर रोज ताजा बनता है। कितना भी खराब कुछ भी होता है बस मसाले डाल कर उन्हें ठीक किया जाता है। और ये जानते हुए भी भला हम ये खाना कैसे खा सकते हैं, बताओ । हम तो इस से अच्छा खुद ही बना ले वो ही बेहतर है। इस एक प्रकरण को पढ़कर आपको लग गया होगा कि अब शायद बाहर शुद्ध भोजन की गारंटी भी नहीं रह गई है। जब बाजार में बिकने वाली खाद्य सामग्री मिलावटी हो सकती है तो फिर घर में पहुंचाए जाने वाले बने-बनाए भोजन की शुद्धता की गारंटी का भरोसा भला कैसे किया जा सकता है! आजकल, सोशल मीडिया पर, इस संबंध में सचेत करने वीडियो और दावे प्रसारित होते रहते हैं। मगर कमोबेश पूरे देश में लुभावनी वस्तुओं के प्रति क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बूढ़े सभी आकर्षित हो जाते हैं। ऐसी चीजें उत्सवों, सैर-सपाटे की जगहों, मेलों आदि में खूब लोकप्रिय होती हैं। लगता है कि घर से लेकर आम दावतों, पार्टियों, चौपाटियों या चाट-पकौड़े, आईसक्रीम या ठंडाई के नाम पर बिना किसी स्वीकृति के कुछ भी उपयोग की इजाजत हमारे देश में मिली हुई है। हद तो तब होती है जब कहीं भी कोई अपनी मर्जी से स्वाद या आकर्षण बढ़ाने के लिए किसी प्रतिबंधित और घातक सामग्री, मसालों, रसायनों आदि का गलत अनुपात में खाने-पीने की चीजों में उपयोग करता दिखता है। यों तो खाद्य अपमिश्रण रोकने के लिए देश और हर प्रदेश में कड़े कानून हैं। इसके लिए अच्छा-खासा अमला भी तैनात है, जिसकी जिम्मेदारी मिलावटी और प्रतिबंधित खाद्य सामग्री की नियमित जांच करने की है। मगर कहां, कितनी और कब-कब जांच हुई, शायद ही किसी को याद हो? इन अधिकारियों-कर्मचारियों की सरकारी फाइलें इतनी चुस्त-दुरुस्त होती हैं कि अगर कोई पढ़ ले तो उसे लगे कि इससे सटीक व्यवस्था हो ही नहीं सकती। इस भ्रम में पड़ जाए कि ऐसे नियमों के चलते गलत खाद्य सामग्री बाजार में आ ही नहीं सकती। मगर होता ठीक इसके उलट है। अब तो घरों में मसाला तैयार करना लगभग बंद-सा हो गया है। सभी की निर्भरता बाजार पर हो गई है। पूरे देश में, चाहे गांव, कस्बा, महानगर हो, हर कहीं बाजार में तैयार भोजन या डिब्बाबंद मसालों का चलन बहुत तेजी से बढ़ा है। वहीं छोटे-बड़े शहरों, कस्बों और गांवों तक में रेस्तरां, होटल और ढाबों में शौकिया खाने जाना भी एक तरह से शान की बात हो गई है। बाहर खाने के चलन ने 'आनलाइन फूड' को एक बड़े कारोबार का रूप दे दिया है। मगर यह सवाल अपनी जगह है कि आखिर बाजार में बिकने वाला तैयार खाना या खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य के लिहाज कितनी सुरक्षित है? क्या इनको तैयार करने वालों और बेचने वालों तक पहुंचने से पहले गुणवत्ता की पूरी जांच हो पाती है? इसका जवाब ज्यादातर नहीं है। ऐसे में गुणवत्ता से समझौते या स्तरहीनता को परखने का तंत्र और प्रणाली किस काम की? यह क्यों जरूरी नहीं कि बाजार में आने वाली हर खाद्य सामग्री जांच से गुजरे। इसी का फायदा निर्माता से लेकर खुदरा विक्रेता और घर-घर पहुंचाने वालों की पूरी श्रृंखला उठाती है। निश्चित रूप से खाद्य अपमिश्रण को लेकर भारत में जब-तब मामले और सवाल भी उठते हैं। चाहे सड़क के किनारे, बजबजाती नालियों पर लगे ठेले या रेहड़ी वाले हों या दूर-दराज स्थित ढाबे या फिर बीच शहर के होटल या 'स्ट्रीट फूड' की जगहें। शायद ही कभी वहां नियमित जांच होती हो, जबकि इनकी निगरानी की जिम्मेदारी जिला प्रशासन या स्थानीय प्रशासन की होती है। मिलावट के खेल में, मिलावट रोकने वालों की, बेचने वालों से मिलीभगत के चलते ही नियमित रूप से मिलावट की जांच नहीं हो पाती है। दरअसल, इसके लिए अब एक आनलाइन सार्वजनिक डेटाबेस होना चाहिए। चाहे घर से चलने वाली 'टिफिन कैटरिंग' हो या बाजार में बनाकर बेचने या पैक करने का धंधा हो, सब जगह खाने की गुणवत्ता को लेकर सख्ती होनी चाहिए। इतना ही नहीं, परोस कर बेचे जाने वाले हर उस जगह की रसोई कैमरों की निगरानी में हो, जहां बाहर चमकती कुर्सी-टेबल पर बैठकर खाने वालों को भी दिखे कि खाना कैसे बनाया और परोसा जा रहा है। आनलाइन आपूर्ति करने वाले की रसोई भी निगरानी तंत्र पर रहें। ऐसा होने पर ही मिलावट के धंधे रुक पाएंगे और डिब्बाबंद अमानक खाद्य सामग्री या प्रतिबंधित अखाद्य पदार्थों पर लापरवाही रुकेगी। जब तक इसे लेकर नियम कठोर और सख्त नहीं होंगे तथा कानून का भय नहीं होगा, तब तक मिलावट या खाने की सामग्री में कुछ भी मिला देने पर रोक लग नहीं सकती। परचून की दुकानों, माल या बाजारों में उस क्षेत्र के स्थानीय नियंत्रणकर्ता एजंसी की जानकारी तथा संपर्क सूची अनिवार्यतः लगे, जहां गुणवत्ता में कमी या किसी दोष की शिकायत की जा सके। खाने में अखाद्य तत्त्व मिलने या खाकर बीमार पड़ने की शिकायतें तो सामने आती हैं, मगर कभी कोई नजीर बनने वाली कार्रवाई नहीं होती। ऐसे गंभीर मामले या तो पुलिस के पास पहुंचते हैं या फिर हीला-हवाली में अनदेखे या ढीले पड़ जाते हैं। अभी कुछ मसालों में कैंसर पैदा करने वाले तत्त्वों को लेकर सुर्खियां बनीं। जिस तेजी से रेडीमेड मसालों, दूसरी खाद्य सामग्री और पैक खाने का रिवाज बढ़ रहा है, उससे इस कारोबार पर भी दवाओं के निर्माण जैसी बहुत ही कड़ी निगरानी की जरूरत है। इसके लिए कड़े कानून की जरूरत है, जो देशव्यापी हों और सबको पता हों। जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ और मिलावटी कारोबार रोकना प्राथमिकता में शुमार हो। इसके लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है, जो बिना किसी दलगत राजनीति के प्रभाव में आए, लोकहित में हो, तभी इस पर अंकुश लग पाएगा। नहीं तो, सख्ती के अभाव में लोग यों ही मिलावट का शिकार होते रहेंगे।

# सपने और बजट



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

एक बार की बात है, एक छोटे से गांव में एक किसान, गोपाल, रहता था। उसकी दिनचर्या सरल थी; सूरज निकलने से पहले वह उठता, खेतों में काम करता और दिन भर मेहनत करता। गोपाल का सपना था कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए, ताकि वे गांव की गरीबी से निकल सकें। लेकिन हर साल की तरह, इस साल भी बारिश की कमी के कारण उसकी फसलें सही नहीं हुईं। एक दिन, गोपाल अपने खेत में काम कर रहा था जब उसने देखा कि गांव के एक बड़े नेता, श्रीमती राधिका, अपने चमचों के साथ उसकी ओर आ रही हैं। राधिका के पास हमेशा एक अद्भुत aura होती थी, लेकिन गोपाल को उनकी आवाज़ में कोई खास खुशी महसूस नहीं हुई। अरे गोपाल, तुम क्यों इतने उदास हो? राधिका ने हंसते हुए पूछा। जी, मैडम, फसल अच्छी नहीं हुई और घर में खाने के लिए भी कुछ नहीं है, गोपाल ने सिर झुकाते हुए कहा। अरे, ये तो कोई बात नहीं है। हमारा नया बजट आने वाला है। उससे तुम्हारे जैसे बहुत से किसानों को मदद मिलेगी। हम हर समस्या का हल निकालेंगे, राधिका ने अपने चमचों को देखकर कहा, जो उनके समर्थन में सिर हिलाने लगे। राधिका ने गोपाल की चिंता को नजरअंदाज करते हुए आगे बढ़ने का निर्णय लिया। गोपाल ने सोचते-सोचते कहा, मैडम, लेकिन क्या यह बजट वाकई हमें मदद करेगा? क्या हमें यह आशा करनी चाहिए कि हमारी फसलें सुरक्षित होंगी? राधिका ने एक मुस्कान बिखेरते हुए कहा, हमारा बजट बहुत अच्छा है। इसमें आपके लिए कई योजनाएं हैं। और वे वहां से चली गईं। कुछ दिनों बाद, गांव में बजट का ऐलान हुआ। सब गांव वाले उत्सुकता से इकट्ठा हुए। राधिका ने मंच पर आकर बोलना शुरू किया। मेरे प्यारे किसानों! हमारे नए बजट में आपके लिए बहुत सारे लाभ हैं। हम आपको सहायता राशि देंगे। सभी किसान ताली बजाने लगे, लेकिन गोपाल को कुछ अजीब सा महसूस हुआ। क्या यह सच में हमें मदद करेगा? वह सोचने लगा। उसकी आँखों के सामने उसके बच्चों का चेहरा आ गया। वह उन बच्चों के सपनों को नहीं भूल सकता था। बजट के अंत में, राधिका ने कहा, ₹हम सबको मिलकर काम करना है। मैं आपको आश्वासन देती हूँ कि हमारे गांव में कोई भी किसान भूखा नहीं रहेगा। लेकिन क्या यह आश्वासन सच में पूरा होगा? बजट के एक महीने बाद, गोपाल ने देखा कि कुछ किसान तो फिर भी भूखे थे, और कुछ ने अपने खेत बेच दिए थे। वह राधिका के पास गया। मैडम, क्या आपने हमारी समस्याओं को सुना है? क्या आपका बजट वाकई हमारी मदद करेगा? राधिका ने एक बार फिर वही उत्तर दिया, देखो, हमें हर समस्या का हल निकालना होगा। हम जल्द ही स्थिति में सुधार करेंगे। गोपाल का दिल टूट गया। लेकिन क्या हमारी मेहनत की कोई कीमत नहीं है? क्या आपके वादे केवल शब्दों की परत हैं? राधिका ने कोई जवाब नहीं दिया।

# नरक चतुर्दशी : यमराज के लिए दीपदान करने का पर्व



योगेश कुमार गोयल

भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी'। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 30 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 31 अक्तूबर को। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 30 अक्तूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से शुरु हो रही है और चतुर्दशी तिथि अगले दिन यानी 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी 30 अक्तूबर को ही मनाई जाएगी। इस दिन शाम 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। 'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई। धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

# क्यों मनाई जाती है काली चौदस ?
# पूजा विधि और महत्व

काली चौदस के दिन मां काली की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इसे रूप चौदस या नरक चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है। मां काली को समर्पित यह पर्व दिवाली के एक दिन पहले मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां काली की पूजा करने के साथ दीपक जलाने से व्यक्ति की सभी परेशानियां दूर होती हैं और पापों से मुक्ति भी मिलती है। क्या आपको पता है कि काली चौदस क्यों मनाया जाता है।

**काली चौदस तिथि और शुभ मुहूर्त**

हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह की अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को दोपहर 03 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी। जो 01 नवंबर को शाम में 06 बजकर 16 मिनट पर अमावस्या तिथि का समापन होगा। मां काली की पूजा निशिता काल में होती है। ऐसे में काली चौदस 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

**काली चौदस पूजा विधि**

काली चौदस के दिन मां काली की पूजा करने से पहले अभ्यंग स्नान करना बहुत जरूरी होता है। मान्यता है कि ऐसा करने से व्यक्ति के सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दिन मां काली की पूजा करने से पहले स्नान कर इत्र लगाकर पूजा में बैठें। उसके बाद एक चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछा लें। उसके उपर मां काली की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। फिर दीपक जलाएं। उसके बाद फल, पुष्प, कुमकुम, हल्दी, कपूर, नारियल और नैवेद्य मां काली को



अर्पित करें। अंत काली चालीसा का पाठ करें और मंत्र जाप करें।

**काली चौदस क्या मनाते है ?**

काली चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी, भूत पूजा और रूप चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, पौराणिक कथा के मुताबिक प्राचीन काल में नरकासुर नामक एक राक्षस था।

जो अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर ऋषियों-मुनियों, देवी-देवताओं और सोलह हजार राजकुमारियों को कैद कर लिया था। जिसके बाद राजकुमारियों और देवताओं ने परेशान होकर भगवान श्रीकृष्ण से मदद मांगी।

जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर दिया। नरकासुर के वध से संपूर्ण पृथ्वी लोक प्रसन्न था। नरका सुर का वध करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने ऋषियों-मुनियों, देवी-देवताओं और सोलह हजार राजकुमारियों को मुक्त कराया। इसी खुशी के कारण उस दिन दीपक जलाए गए और चारों तरफ दीपदान भी किया गया।

**काली चौदस का महत्व**

मान्यता है कि काली चौदस के दिन विधि विधान से पूजा करने वालों को मानसिक और शारीरिक दुखों से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।

मान्यता है की काली चौदस पर काली पूजा करने से शत्रु पर विजय प्राप्ति का वरदान मिलता है। जो साधक तंत्र साधना करते हैं काली चौदस के दिन महाकाली की साधना को अधिक प्रभावशाली मानते हैं।

# कार्तिक शिवरात्रि आज ? बन रहा सर्वार्थ सिद्धि योग

कार्तिक माह में शिव जी की पूजा के लिए चतुर्दशी तिथि बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसे मासिक शिवरात्रि कहते हैं। इस दिन महादेव की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस शुभ अवसर पर साधक श्रद्धा भाव से भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा करते हैं।

मान्यता के अनुसार, जिन लोगों के विवाह में दिक्कतें आ रही हैं अगर वे लोग इस दिन सच्ची श्रद्धा से भोलेनाथ की पूजा करें तो उनके विवाह से जुड़ी सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं।



**कार्तिक मासिक शिवरात्रि**

कार्तिक माह में मासिक शिवरात्रि 30 अक्टूबर 2024 को है। इस दिन जो भक्त मास शिवरात्रि का व्रत करते हैं, भगवान शिव उनसे प्रसन्न होकर उनके सभी कामों को सफल बनाते हैं। दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ ही खुशियाँ आती हैं।

**कार्तिक मासिक शिवरात्रि**

**कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 30 अक्टूबर 2024 दोपहर 01.15 से शुरू होगी और अगले दिन 31 अक्टूबर 2024 को दोपहर 03 बजकर 52 तक रहेगी। शिव पूजा समय - रात 11.39 - प्रातः 12.31, 31 अक्टूबर**

**मासिक शिवरात्रि पर क्या उपाय करें**

अगर आप अपनी सफलता के मार्ग में आ रही बाधाओं से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो आज के दिन आपको शिव-शंभु के आगे बैठकर उनके इस मंत्र का 11 बार जप करना चाहिए, मंत्र है- शवे भक्तिःशिवे भक्तिःशिवे भक्तिर्भवे भवे। अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम।। आज के दिन ऐसा करने से आपकी सफलता के मार्ग में आ रही बाधाएं जल्द ही दूर हो जायेंगी।

**मासिक शिवरात्रि पूजा विधि**

कार्तिक शिवरात्रि की तिथि पर सूर्योदय से पहले स्नान कर लें और साफ वस्त्रों को धारण करें। इसके बाद आप निशिता काल मुहूर्त में शिवलिंग का दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, गन्ने के रस आदि से अभिषेक करें। इस दौरान गंगाजल में काला तिल मिलाकर 108 बार महामृत्युजंय मंत्र का जाप करें और शिवलिंग पर अर्पित करें। बाद में आप महादेव को उनकी प्रिय चीजें अर्पित करते जाएं। सामान अर्पित करने के बाद आप आटे का चौमुखी दीपक जलाएं और शिव मंत्र, शिव चालीसा का पाठ करें।

# मां लक्ष्मी के इन 8 स्वरूपों की करें पूजा, मिलेगा सभी परेशानियों से छुटकारा !

दिवाली के दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन देवी लक्ष्मी की पूरे विधि-विधान से पूजा करने से मां प्रसन्न होती हैं और सुख-समृद्धि का वरदान देती हैं। वहीं ग्रंथों में मां लक्ष्मी के आठ स्वरुपों का वर्णन मिलता है। मां लक्ष्मी के यह आठ स्वरूप आठ तरह के फल देने वाले माने जाते हैं। कहा जाता है कि देवी लक्ष्मी के इन स्वरुपों की पूजा करने से जल्द ही शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

**मां लक्ष्मी के स्वरूप**

मां लक्ष्मी का पहला स्वरूप आदिलक्ष्मी का है। इन्हें मूल लक्ष्मी,महालक्ष्मी भी कहा जाता है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार आदि लक्ष्मी ने सृष्टि की रचना की थी। जिनमें से त्रिदेव और महाकाली, लक्ष्मी व महासरस्वती प्रकट हुई थी। मान्यता है कि मां लक्ष्मी के इस स्वरुप की पूजा करने से इनसे जीवन की उत्पत्ति हुई है। इनके भक्त मोह-माया से मुक्ति होकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। इनकी कृपा से लोक-परलोक में सुख-संपदा प्राप्त होती है।

**धन लक्ष्मी**

देवी लक्ष्मी के दूसरे स्वरूप को धन लक्ष्मी कहा जाता है। इनके एक हाथ में धन से भरा कलश और दूसरे हाथ में कमल का फूल लिए होती हैं। मान्यता है कि मां लक्ष्मी के इस स्वरूर की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन से हर तरह की आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं। कर्ज से मुक्ति मिलती है। पुराणों के अनुसार देवी मां ने यह स्वरूप भगवान विष्णु को कुबेर देव के कर्ज से मुक्ति दिलाने के लिए लिया था।

**धान्य लक्ष्मी**

मां लक्ष्मी का तीसरा स्वरूप धान्य लक्ष्मी जिसका अर्थ है अन्न संपदा। इन्हें माता अन्नपूर्णा का स्वरूप भी माना जाता है। यह देवी हर घर में अन्न रूप में विराजमान रहती हैं। मान्यता है कि जिन घरों में अन्न का सम्मान किया जाता है और अन्न की बर्बादी नहीं होती है। धान्य लक्ष्मी उनसे प्रसन्न होती हैं और उनके घर में वास करती हैं।



**गजलक्ष्मी**

देवी लक्ष्मी का चौथा स्वरूप है गजलक्ष्मी। इस स्वरूप में मां गज यानी हाथी के उपर कमल पुष्प पर विराजमान हैं। मां गज लक्ष्मी को कृषि और उर्वरता की देवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि मां लक्ष्मी के इस स्वरूप की पूजा करने से व्यक्ति को संतान सुख की प्राप्ति होती है। राज को समृद्धि प्रदान करने वाली देवी होने के कारण इन्हें राजलक्ष्मी भी कहा जाता है।

**संतान लक्ष्मी**

मां लक्ष्मी का पांचवा स्वरूप संतान लक्ष्मी है। इन्हें स्कंदमाता के रूप जैसा ही है। संतान लक्ष्मी का स्वरूप भी ऐसा ही है। उनके चार हाथ हैं और गोद में कुमार स्कंद को बालक रूप में लेकर बैठी हुई हैं। माना जाता है कि संतान लक्ष्मी भक्तों की रक्षा अपनी संतान के रूप में करती हैं।

**वीर लक्ष्मी**

मां लक्ष्मी का यह स्वरूप भक्तों को वीरता, ओज और साहस देने वाला है। इनकी आठ भुजाएं हैं जिनमें देवी ने विभिन्न अस्त्र-शस्त्र धारण किया हुआ है। माता वीर लक्ष्मी भक्तों को अकाल मृत्यु से बचाती हैं। यह युद्ध में विजय दिलाती हैं। इनकी कृपा से सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**विजय लक्ष्मी**

देवी लक्ष्मी का स्वरूप विजय लक्ष्मी इन्हें जय लक्ष्मी के नाम से भी जाना जाता है। मां के इस स्वरूप की पूजा करने से भक्तों को जीवन के हर क्षेत्र में जय-विजय की प्राप्ति होती है। जय लक्ष्मी मां यश, कीर्ति तथा सम्मान प्रदान करती हैं। विजय लक्ष्मी हर परेशानी में विजय दिलाती है और निडरता देती है।

**विद्या लक्ष्मी**

मां लक्ष्मी का आठवा स्वरूप है विद्या लक्ष्मी। मां लक्ष्मी का यह स्वरूप ज्ञान, कला और कौशल देने वाला है। मान्यता है कि इस स्वरूप की पूजा करने से शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है।

# ऐसे फोटो की पूजा न करें जिसमें महालक्ष्मी अकेली हों
# खड़ी हुई लक्ष्मी होती हैं चंचला



## कमल पर विराजित महालक्ष्मी की करें पूजा

देवी लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर शुभ मानी जाती है, जिसमें वे कमल के आसन पर विराजित हैं। ये तस्वीर जीवन प्रबंधन की सीख भी देती है।

कमल कीचड़ में खिलता है, लेकिन अपनी सुंदरता और अपने गुणों को बनाए रखता है, ठीक इसी तरह हमें भी संसार में रहते हुए अपने अच्छे गुणों को नहीं छोड़ना चाहिए और बुराइयों से बचना चाहिए।

मान्यता है कि महालक्ष्मी ऐसे लोगों से प्रसन्न होती हैं जो कीचड़ जैसी बुराइयों के बीच रहते हुए भी धर्म के मार्ग से भटकते नहीं हैं और कमल की तरह पवित्र बने रहते हैं।



## देवी लक्ष्मी के साथ हाथी वाली तस्वीरें

महालक्ष्मी की ऐसी फोटो, जिसमें देवी के साथ ऐरावत हाथी भी दिखाई दे रहा है, वह पूजा के लिए बहुत शुभ होती है।

देवी लक्ष्मी की एक अन्य तस्वीर भी बहुत शुभ होती है, जिसमें महालक्ष्मी की दोनों तरफ दो हाथी बहते पानी में खड़े हैं और सिक्कों की बारिश कर रहे हैं।

जिस तस्वीर में महालक्ष्मी के साथ हाथी हैं और वे अपनी सूंड में सोने के कलश लिए हुए हैं, ये तस्वीर भी पूजा में रख सकते हैं।

**धनतेरस के साथ दीपोत्सव शुरू हो चुका है। इस साल दीप पर्व 5 नहीं 6 दिनों का है, क्योंकि इस बार कार्तिक अमावस्या 31 अक्टूबर और 1 नवंबर दो दिन है। दीपावली की पूजा में महालक्ष्मी की तस्वीर रखने की परंपरा है। देवी लक्ष्मी की अलग-अलग तस्वीरें हैं, लेकिन पूजा के लिए कुछ ही तस्वीरें शुभ मानी जाती हैं।**



## तस्वीर में महालक्ष्मी के होने चाहिए अन्य देवी-देवता

महालक्ष्मी की ऐसी तस्वीर, जिसमें देवी और भगवान विष्णु गरुड़ पर विराजित हैं, पूजा में ये तस्वीर भी रख सकते हैं।

एक अन्य तस्वीर, जिसमें देवी लक्ष्मी भगवान विष्णु के पैरों के पास बैठी हैं, इस तस्वीर की भी पूजा कर सकते हैं।

लक्ष्मी जी की ऐसी तस्वीर, जिसमें देवी के साथ भगवान गणेश और सरस्वती भी हैं, पूजा के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है। ऐसी तस्वीर भी शुभ मानी जाती है, जिसमें महालक्ष्मी दोनों हाथों से सोने के सिक्के बरसा रही हैं।



## पूजा में महालक्ष्मी की कैसी तस्वीर रखने से बचना चाहिए?

जिस तस्वीर में महालक्ष्मी के पैर दिख रहे हैं, उसकी पूजा करने से बचना चाहिए।

जिस तस्वीर में देवी लक्ष्मी खड़ी हैं, उसकी पूजा करने से बचें। माना जाता है कि खड़ी हुई लक्ष्मी बहुत चंचल होती हैं, और एक जगह ठहरती नहीं हैं। इसलिए बैठी हुई लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए।

ऐसी तस्वीर, जिसमें देवी लक्ष्मी अकेली दिखाई दे रही हैं, उसकी भी पूजा करने से बचना चाहिए।

## 'मैं मिडिल क्लास फैमिली से हूं, हमने लग्जरी कार नहीं चलाई', रेंज रोवर लेने पर बोलीं नुसरत

फिल्म 'प्यार का पंचनामा' से बॉलीवुड में शोहरत हासिल कर चुकी नुसरत भरूचा की गिनती आज अच्छी अभिनेत्रियों की सूची में की जाती है। नुसरत ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। हालांकि, अब नुसरत का नाम बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने एक रेंज रोवर कार खरीदी थी। अब अभिनेत्री ने बताया कि इस कार को खरीदने के पीछे का क्या कारण था।



यह धनतेरस अभिनेत्री नुसरत भरूचा के लिए कुछ ज्यादा ही खास है क्योंकि इस त्यौहार के मौके पर वह एक शानदार रेंज रोवर की मालकिन बन गई हैं। अभिनेत्री का मानना है कि यह उनका सपना था। अब नुसरत ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, मुझे लगता है कि यूनिवर्स ने इसे सच किया क्योंकि मैंने लगभग आठ महीने पहले कार बुक की थी और इसका वेटिंग टाइम था। मुझे नहीं पता था कि यह एक दिन या दो दिन में आएगी या महीनों में, मैंने बस इतना कहा कि यह वही कार है जो मुझे चाहिए थी और अब मैं इसे पा सकती हूं।

**किसी को भी नहीं थी खबर**

अभिनेत्री ने आगे बताया कि उन्होंने अपने माता-पिता को भी अपनी कार के बारे में नहीं बताया था। अभिनेत्री ने कहा, इसके बारे में डीलर और मेरे अलावा किसी को नहीं पता था। इसलिए, जब कार आई, तो मेरी मां ने कहा 'गाड़ी, किसकी गाड़ी? नुसरत की गाड़ी तो है।' फिर मैं मां और पिताजी को नीचे ले गई और मैंने बस कवर हटा दिया। वे चौंक गए। दोनों की फीलिंग्स एक अलग लेवल पर थी, जो मुझे नहीं लगता कि वे मुझे ठीक से समझा पाएंगे, क्योंकि मैं इकलौती संतान हूं।

**कार के लिए की जीतोड़ मेहनत**

अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं एक मिडिल क्लास फैमिली से हूं और मेरे परिवार में कभी भी किसी ने भी लग्जरी कार नहीं चलाई है। इसलिए, रेंज रोवर हमेशा से मेरे लिए एक सपने जैसा रहा है। इसलिए, उस सपने को हासिल करने में सक्षम होना बहुत मायने रखता है।

## प्लास्टिक सर्जरी के दावों को नयनतारा ने किया खारिज बताया समय-समय पर चेहरा क्यों लगता है अलग?

नयनतारा ने अपने चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी से जुड़े दावों को खारिज कर दिया है। साउथ की लेडी सुपरस्टार को लेकर बीते दिनों तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए गए कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। ऐसी खबरों पर नयनतारा ने प्रतिक्रिया दी है। एक हालिया इंटरव्यू में नयनतारा ने ऐसी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने कभी अपने चेहरे में कोई बदलाव नहीं किया है।

**क्यों अलग लगता है चेहरा?**

नयनतारा ने यह भी खुलासा किया कि वर्षों से वक्त-वक्त पर उनका चेहरा अलग क्यों लगता है। नयनतारा ने कहा कि हर रेड कार्पेट इवेंट से पहले उन्हें अपनी आईब्रो पर काम करना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, 'मुझे आईब्रो बनाना अच्छा लगता है। इन्हें परफेक्ट बनाने के लिए मैं भरपूर समय लेती हूं, क्योंकि लुक के मामले में ये गेम चेंजर की तरह हैं। वर्षों से इसकी वजह से मेरा चेहरा अलग लगता रहा है। शायद इसीलिए लोगों ने सोचा हो कि मेरा चेहरा बदल गया है। मैं अलग दिखती रह हूं'।



**'डाइट के चलते हुए बदलाव'**

नयनतारा ने प्लास्टिक सर्जरी कराने की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा, 'बहुत से लोग सोचते हैं कि मैंने अपने चेहरे पर कुछ किया है। लेकिन, यह सच नहीं है। रिकॉर्ड पर, सच नहीं है। ऐसा नहीं है कि यह गलत है, लेकिन मेरे लिए यह सिर्फ डाइट के चलते रहा है।

वजन में बहुत उतार-चढ़ाव हुए, मेरे गाल कभी अंदर तो कभी बाहर आ गए। आप मुझे चुटकी काट सकते हैं। छूने पर आपको खुद मालूम चल जाएगा कि कोई प्लास्टिक नहीं है'।

**'जवान से किया बॉलीवुड डेब्यू'**

नयनतारा साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने 2003 में मलयालम फिल्म से डेब्यू किया। इसके बाद वे कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। अभिनेत्री ने बीते वर्ष शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। एटली के निर्देशन में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

## 'बच्चे हम दोनों को एकसाथ देखना चाहते हैं', सोहेल खान के साथ तलाक के दो साल बाद बोलीं सीमा सजदेह



सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 'फैबुलस लाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स' के सीजन 3 में नजर आ रही हैं। यहां उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को लेकर कई खुलासे किए हैं। हाल ही में, उन्होंने अपने तलाक को लेकर बात की और बताया कि उनका बेटा अपने दोनों माता-पिता को साथ देखना चाहता है। यही नहीं, सीमा ने बताया कि सोहेल के साथ तलाक के बाद उन्हें किन परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

**सोहेल के साथ अपने तलाक पर बोलीं सीमा**

सीमा सजदेह ने हाल ही में गैलाट इंडिया के साथ एक साक्षात्कार अपने तलाक के बारे में खुलकर बात की और बताया कि इसने उनके बेटों निरवान और योहान को कैसे प्रभावित किया। शो में, सीमा ने बताया कि बांद्रा से लोअर परेल में उनके जाने से उनके बच्चों पर असर पड़ा क्योंकि वे उनसे ज्यादा मिलने नहीं आते थे और अपने पिता सोहेल के साथ बांद्रा में रहना पसंद करते थे क्योंकि यह उन्हें घर जैसा लगता था।

**बच्चों पर कैसे पड़ता है असर?**

एक नए साक्षात्कार में, सीमा ने बताया कि जब उनके माता-पिता अलग हो जाते हैं तो बच्चे भी दुखी होते हैं और माता-पिता को यह समझने की जरूरत है कि बच्चे बड़ों द्वारा लिए गए निर्णयों के परिणामों का सामना कर रहे हैं।

**तलाक का बच्चों पर पड़ा असर**

सीमा ने कहा, मेरे दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र में 11 साल का अंतर है। इसलिए कोई उम्र नहीं है जो यह बताती है कि वे क्या झेलते हैं, वे किस दुख का सामना करते हैं और हमने उनके साथ ऐसा किया, यह उनके साथ नहीं है। हमारी तुलना में, वे ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां बहुत सारी जानकारी है। हमारे बच्चे अपने आप ही जागरूक हैं, वे बुद्धिमान हैं, वे अधिक आत्मविश्वासी हैं, इसलिए उनका लालन-पालन ऐसी दुनिया में हो रहा है, जो हमारे बड़े होने के समय मौजूद नहीं थी।

**दोनों बच्चों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं सोहेल और सीमा**

सीमा सजदेह और सोहेल खान का भी तलाक हो चुका है। वर्ष 2022 में दोनों की राहें जुदा हो गईं। सीमा और सोहेल के दो बच्चे- निरवान और योहान हैं। इनकी परवरिश दोनों मिलकर कर रहे हैं।

## दिलजीत की गायकी की इम्तियाज अली ने की तारीफ बोले- आपने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया

पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ जो इन दिनों अपने 'दिल-इलुमिनाटी इंडिया टूर' में बिजी हैं। दिल्ली में अपने कॉन्सर्ट के दौरान उन्होंने स्टेज से समा बांध दिया। कॉन्सर्ट के दूसरे दिन दिल्ली में उन्हें निर्देशक इम्तियाज अली से बहुत प्रशंसा मिली है। निर्देशक ने कहा कि वह पूरी दुनिया में धमाल मचा रहे हैं। दिलजीत का दिल्ली कॉन्सर्ट उनके 'दिल-इलुमिनाटी इंडिया टूर' के तहत हुआ, इसकी तारीफ सभी कर रहे हैं।



इम्तियाज अली ने इंस्टाग्राम पर दिल्ली कॉन्सर्ट से फैंस की पोस्ट को साझा किया है। इस दौरान उन्होंने अमर सिंह चमकीला के ओरिजिनल गाने पहले ललकारे को गाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को इम्तियाज अली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया है। उन्होंने लिखा आपने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है।

दिलजीत दोसांझ ने निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में काम किया है। अमर सिंह चमकीला पंजाब के बहुत बड़े गायकों में से एक हैं। इस फिल्म के कई गाने दिलजीत दोसांझ ने गाए। फिल्म में उनके किरदार को बहुत तारीफ भी मिली। उनके साथ अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा नजर आई थीं।

दिलजीत दोसांझ ने शो में उन्हें सुनने पहुंचे युवाओं और बुजुर्गों को खूबसूरत संदेश दिया। सिंगर को करीब 40 हजार लोगों की भीड़ सुनने पहुंचे। शो का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। इस दौरान दिलजीत अपने लोकप्रिय गीतों से समा बांध दिया। शो करीब पौने आठ बजे शुरू हुआ। शो के दौरान उन्होंने फैंस से कहा, 'मैं चाहता हूं कि आप सभी बड़े सपने देखो। जितना संभव हो उतने बड़े सपने देखो प्लीज। हम सभी अपने सपने पूरे करने के लिए पैदा हुए हैं, इसलिए खूब बड़े सपने देखो। अगर मैं ऐसा कर सकता हूं तो आप भी कर सकते हो'।

## मेरी पूरी जिंदगी अदिति राव हैदरी के नाम, पति सिद्धार्थ का प्यार भरा पैगाम

सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी शोबिज की दुनिया के सबसे प्यारे जोड़ों में से एक हैं। दोनों नवविवाहित हैं और पूरी तरह प्यार में हैं। अदिति ने बीते दिन 28 अक्टूबर को अपना 38वां जन्मदिन मनाया। वहीं, इस खास अवसर पर सिद्धार्थ ने अपनी बेटर हाफ के लिए दिल छू लेने वाली पोस्ट साझा की। अभिनेता की पोस्ट पर प्रशंसक दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। अभिनेता सिद्धार्थ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पत्नी अदिति के जन्मदिन पर उनकी कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। पहली तस्वीर अदिति की थी जिसमें वह साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, साथ में छोटी सी बिंदी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही थी। दूसरी सिद्धार्थ की एक प्यारी सी तस्वीर थी जिसमें वह उन्हें अपनी बाहों में पकड़े हुए थे, उनकी आंखें बंद थीं और अदिति कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रही थीं। सिद्धार्थ ने तस्वीरों को साझा करते हुए कैप्शन दिया, 'मेरी पूरी जिंदगी। जन्मदिन मुबारक हो, मैं तुमसे प्यार करता हूं।' अदिति और सिद्धार्थ 16 सितंबर को एक बेहद अंतरंग समारोह में शादी के बंधन में बंध गए। अभिनेत्री अदिति ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरों की एक सीरीज साझा की, जिसमें दोनों की केमिस्ट्री मंत्रमुग्ध करने वाली थी। दोनों की मुलाकात 2021 की फिल्म 'महा समुद्रम' के सेट पर हुई थी। हालांकि, अजय भूपति द्वारा निर्देशित यह एक्शन-रोमांस फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन फिल्म ने अदिति और सिद्धार्थ के रोमांस का मार्ग प्रशस्त किया। कथित तौर पर, शूटिंग के दौरान सेट पर उन्हें प्यार हो गया और सितंबर 2024 में शादी करने से पहले उन्होंने तीन साल तक डेट किया।



## नीलम ने गोविंदा के साथ पहली मुलाकात का किस्सा सुनाया : बोलीं- हमारे बीच लैंग्वेज बैरियर था

80 और 90 के दशक में नीलम और गोविंदा की जोड़ी को दर्शकों से खूब प्यार मिला। हाल ही में एक इंटरव्यू में नीलम ने गोविंदा के साथ अपनी पहली मुलाकात के बारे में बात की। उन्होंने कहा वह अंग्रेजी में बात करती थीं और गोविंदा हिंदी में। यह उनकी पहली मुलाकात का एक दिलचस्प पहलू था, जिसने उनके रिश्ते की शुरुआत को और भी खास बना दिया।

नीलम ने बताया, 'मेरी और गोविंद की पहली मुलाकात इल्जाम के सेट पर हुई थी। उस समय गोविंदा स्ट्रीट डांसर की शूटिंग कर रहे थे। गोविंद ने मुझे आकर नमस्ते किया और फिर वह हिंदी में बात करने लगे। तो मैंने सोचा ठीक है, यहां थोड़ी समस्या होने वाली है, क्योंकि मैं केवल अंग्रेजी में बात करती थी और वह केवल हिंदी में। लेकिन हमारे में डांस का जुनून कॉमन था।'

नीलम ने कहा, 'गोविंदा और मैं जब भी बात करते थे तो बड़ा मजा आता था, क्योंकि वह सिर्फ हिंदी बोलते थे और मैं इंग्लिश। लेकिन जैसे-तैसे हम दोनों एक दूसरे की बात को समझ ही जाते थे। हम दोनों हमेशा यह देखने की कोशिश करते थे कि कौन बेहतर डांस कर रहा है। गोविंदा की फिल्मी अदाएं और मेरा डांस में अनुभव अक्सर शानदार होता था, जो दर्शकों को भी काफी पसंद आया।'



नीलम ने बताया, 'फिल्म खुदगर्ज का एक सॉन्ग था। आपके आ जाने से। इस गाने की शूटिंग हमने डेढ़ दिन में शूट की। हमने कभी सोचा नहीं था कि ये गाना इतना हिट होगा।' बता दें, गोविंदा और नीलम की पहली फिल्म इल्जाम 1986 में रिलीज हुई थी। दोनों की जोड़ी सुपरहिट साबित हुई थी। इन्होंने फिर साथ में कई बार काम किया था। गोविंदा और नीलम ने 14 फिल्मों में साथ काम किया था। दोनों ने साथ में 'घराना', 'खुदगर्ज', 'सिंदूर', 'हत्या', 'लव 86', 'दो कैदी', 'इल्जाम', 'फर्ज की जंग', 'बिल्लू बादशाह', 'ताकतवर', 'घर में राम गली में श्याम', 'दोस्त गरीबों का' जैसी कई शानदार फिल्में की थीं। कहा जाता है कि फिल्मों में साथ काम करते-करते गोविंदा को एक्ट्रेस नीलम से प्यार हो गया था। एक एंटरटेनमेंट पोर्टल में छपे आर्टिकल के मुताबिक, गोविंदा नीलम से शादी करना चाहते थे। कहा जाता है कि नीलम के प्यार में गोविंदा ने एक बार सुनीता से अपनी सगाई तक तोड़ दी थी। हालांकि, गोविंदा ने अपनी मां के कहने पर सुनीता से शादी की थी।

## एक सीन के लिए रणबीर ने दिए थे 37 टेक



फिल्ममेकर लव रंजन ने खुलासा किया है कि फिल्म मैं झूठी तू मक्कार के एक सीन के लिए रणबीर ने 37 टेक दिए थे। इसके बाद भी रणबीर का कहना था कि अगर रंजन शॉट से खुश नहीं होंगे तो वो और शॉट दे देंगे।

**अजय देवगन और रणबीर को साथ कास्ट करना चाहते थे रंजन**

लव रंजन ने यह भी खुलासा किया कि वे शुरुआत में रणबीर और अजय देवगन के साथ फिल्म बनाना चाहते थे। जब वो फिल्म नहीं बनी तो उन्होंने रणबीर के साथ मिलकर फिल्म मैं झूठा तू मक्कार बना लिया।

**रणबीर ने एक सीन के लिए दिए थे 37 टेक**

रंजन ने आगे रणबीर के काम और डेडिकेशन की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'कई बार फिल्म बनाते समय बहुत सारी दिलचस्प चीजें होती हैं। एक किस्सा यह है कि शूटिंग का तीसरा दिन था। हमने रणबीर के 37 टेक लिए। वह एक ऐसे इंसान हैं, जो 37 टेक देने के बाद भी आपके पास आएंगे और कहेंगे- अगर आप 100 पर्सेंट खुश नहीं हैं, तो मुझे बताएं, मैं एक और टेक दूंगा। सिर्फ इसलिए मत कहो कि ठीक है क्योंकि मैंने 37 टेक दिए हैं।'

**बॉक्स ऑफिस पर हिट थी फिल्म**

बताते चलें, फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का डायरेक्शन लव रंजन ने किया था। इस फिल्म में रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर, बोनी कपूर और डिंपल कपाड़िया जैसे बड़े सेलेब्स थे। 200 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर ने 223 करोड़ की कमाई की थी।

## अनीस बज्मी के ब्रांड की किसने निकाली हवा, 'भूल भुलैया 3' को छोड़ लोग कर रहे फिल्म 'नाम' की चर्चा

**हिंदी सिनेमा** में ऐसा शह और मात का खेल हाल के दिनों पहले कभी नहीं खेला गया। अजय देवगन के दुलारे निर्देशक रहे अनीस बज्मी के करियर की संजीवनी बनी फिल्म 'भूल भुलैया 2' की सीक्वल इस हफ्ते रिलीज होने जा रही है। मुकाबला अजय देवगन की ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी की फिल्म 'सिंघम अगेन' से है। और, इस मुकाबले में एक पैदल चाल चल दी गई है फिल्म 'नाम' की। अनीस बज्मी की अजय देवगन के साथ ये तीसरी फिल्म है और कम लोगों की पता है कि ये फिल्म बीते 20 साल से रिलीज की राह तकती रही है।

शनिवार को फिल्म 'नाम' की रिलीज डेट का एलान हुआ तो तमाम फिल्म पत्रकारों ने इसे अजय देवगन और अनीस बज्मी की कोई नई फिल्म समझकर ही खबरें बनाई। लेकिन, इस पूरे प्लान की असली खबर रविवार को निकलनी शुरू हुई है। बताते हैं कि अनीस बज्मी और अजय देवगन की इस डिब्बा बंद फिल्म को खास तौर से गोदाम से निकाला गया है। इसके प्रिंट वगैरह तलाशे गए हैं और इनका डिजिटलीकरण भी बहुत गोपनीय तरीके से कराने की प्लानिंग की गई है।





जब से अजय देवगन की अनीस बज्मी निर्देशित फिल्म 'नाम' का नाम सोशल मीडिया पर उछला है, लोग इसी की बात कर रहे हैं। इस चक्कर में अनीस की ताजा ताजा बनी फिल्म 'भूल भुलैया 3' को लोग किनारे कर इसी खबर के मजे ले रहे हैं। बताते हैं कि इस पूरी कवायद के पीछे इरादा भी यही था। अनीज बज्मी ने अजय देवगन के साथ अतीत में 'प्यार तो होना ही था' और 'दीवानगी' जैसी फिल्में बनाई हैं। दोनों फिल्में हिट रहीं तो अजय की उनके साथ फिल्म शुरू हुई 'बेनाम'। फिल्म कोई 20 साल पहले बनकर तैयार भी हो गई लेकिन फिल्म की रिलीज करीब आते आते इसका आकर्षण जाता रहा और फिल्म किसी न किसी वजह से बार बार आगे खिसकती रही।

फिल्म 'बेनाम' का ही नाम बदलकर बाद में 'नाम' कर दिया गया। और, अब ये फिल्म 22 नवंबर को रिलीज होने जा रही है, जिस दिन 33 साल पहले अजय देवगन की पहली फिल्म 'फूल और कांटे' रिलीज हुई थी। गौरतलब यहां ये भी है कि फिल्म 'बेनाम' की शूटिंग साल 2004 में हो चुकी है और तभी से इसकी रिलीज अटकी रही है। फिल्म की हीरोइन समीरा रेड्डी हैं और इसमें भूमिका चावला की भी अहम भूमिका बताई जा रही है। फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया ने तैयार किया है। ये फिल्म सबसे पहले साल 2013 में सुर्खियों में आई थी, जब अजय देवगन ने इस फिल्म की रिलीज में मदद करने की गुहार इसके निर्माताओं ने लगाई थी।

फिल्म 'नाम' के निर्माता वही दिनेश पटेल हैं जिन्होंने अजय देवगन को लेकर उनकी पहली फिल्म 'फूल और कांटे' साल 1991 में बनाई थी। अनीस बज्मी की ये दूसरी फिल्म है जिसकी रिलीज सालों से अटकी रही है। इसके पहले कोरोना संक्रमण काल के शुरुआती दौर में जब फिल्में सीधे ओटीटी पर रिलीज होने लगी थीं, तो अनीस बज्मी की फिल्म 'माई लाइफ' सीधे सैटेलाइट टेलीविजन चैनल पर रिलीज हुई थी।

## विजय देवरकोंडा को 'लकी चार्म' मानते हैं सलमान दुलकर, पहली मुलाकात को किया याद


**अभिनेता दुलकर** सलमान और मीनाक्षी चौधरी की फिल्म 'लकी बसखार' दिवाली पर यानी 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। निर्माताओं ने फिल्म का प्री-रिलीज इवेंट आयोजित किया, जहां विजय देवरकोंडा भी पहुंचे। इस समारोह में विजय देवरकोंडा ने दिल छू लेने वाले भाषण के साथ संबोधन दिया। उन्होंने इस दौरान दुलकर सलमान से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बताया।

**विजय देवरकोंडा ने साझा की पहली याद**

विजय देवरकोंडा ने कहा कि वो वेबसाइट से दुलकर सलमान की फिल्म डाउनलोड करते थे। दुलकर से उनकी मुलाकात महानति के सेट पर हुई थी। उन्होंने बताया कि इसी फिल्म के सेट पर मिलने के बाद वे दोनों अच्छे दोस्त बन गए। दोनों की मुलाकात सीता रामम के सेट पर भी हुई थी।

**दुलकर के साथ इन फिल्मों में किया है काम**

विजय ने बताया कि दुलकर सलमान के साथ वे दो फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हम अब तक दो फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं, जिनमें हमने स्क्रीन शेयर नहीं की है, कल्कि 2898 ई. और महानति।



**विजय देवरकोंडा हैं लकी चार्म**

दुलकर सलमान ने मंच पर आकर कहा कि दुलकर सलमान उनके बहुत अच्छे दोस्त हैं। वे विजय को अपनी लकी चार्म मानते हैं। 'लकी बसखर' के प्री-रिलीज इवेंट में निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास भी मौजूद थे।

**इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं विजय**

विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म VD 12 की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म की शूटिंग केरल में चल रही है। हाल ही में सेट पर हाथियों की लड़ाई के कारण शूटिंग को बीच में रोक दिया गया था। वीडी 12 जासूसी थ्रिलर है, जिसकी लगभग 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म की रिलीज डेट 28 मार्च, 2025 रखी गई है।






# मिठाइयां और लजीज पकवान कहीं बढ़ा न दें त्योहारों में आपका वजन, इन बातों का रखें खास ध्यान

**स्वादिष्ट मिठाइयों** और पकवानों के बिना दिवाली बिल्कुल अधूरी है। दिवाली का त्योहार नजदीक आते ही घर में तरह-तरह की मिठाइयां, नमकीन, स्नैक्स और स्वादिष्ट भोजन बनना शुरू हो जाता है, इसका सभी को बेसब्री से इंतजार भी रहता है। पर ध्यान रहे त्योहारों के दौरान खान-पान को लेकर बरती गई किसी भी तरह की लापरवाही सेहत के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है।

मिठाइयां और हाई कैलोरी वाली चीजों के अधिक सेवन से न सिर्फ शुगर बढ़ने का खतरा रहता है साथ ही इससे वजन भी बढ़ सकता है। वजन बढ़ने को सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है। परंतु कुछ उपायों को अपनाकर आप इस त्योहार का आनंद भी ले सकते हैं और वजन भी नियंत्रित रख सकते हैं। कैसे, आइए जानते हैं।



**क्या कहते हैं विशेषज्ञ?**

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, दिवाली का त्योहार मिठास, खुशी और स्वादिष्ट भोजन वाला होता है, लेकिन अपनी सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए खान-पान को लेकर सावधानी बरतना भी उतना ही जरूर है। डायबिटीज रोगियों को तो विशेष अलर्ट रहना चाहिए, क्योंकि आहार को लेकर थोड़ी भी लापरवाही ब्लड शुगर को बढ़ाने वाली हो सकती है।

**मिठाइयों का मजा लें, लेकिन सीमित मात्रा में**

ऐसा नहीं है कि आप त्योहारों पर मिठाई बिल्कुल न खाएं, लेकिन हमेशा इसकी मात्रा का विशेष ध्यान रखें। अत्यधिक शक्कर वाली मिठाइयों की जगह हेल्दी विकल्प चुनें जैसे कि गुड़ से बनी मिठाइयां, ड्राई फ्रूट लड्डू या लो-कैलोरी स्वीट्स। ये विकल्प न केवल सेहतमंद होते हैं बल्कि शरीर को ऊर्जा भी देते हैं। डायबिटीज रोगियों को मिठाइयों का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए।



**खूब पानी पीते रहना जरूरी**

दिवाली के दौरान खान-पान में गड़बड़ी के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए खूब पानी पीना जरूरी है। भोजन से पहले पानी पीने से पेट थोड़ा भर जाता है, जिससे आप कम खाते हैं। इसके अलावा पानी पीते रहने से शरीर से अतिरिक्त चीनी की मात्रा भी बाहर निकल जाती है जिससे शुगर या वजन बढ़ने के खतरे को कम किया जा सकता है।

**फाइबर वाली चीजें जरूर खाएं**

त्योहारों के दौरान वजन को बढ़ने से रोकने का एक आसान तरीका है आहार में फाइबर वाली चीजों की मात्रा बढ़ाना। खाने में फाइबर युक्त फल और सलाद को शामिल करें। यह आपके पाचन तंत्र को सही रखने के साथ-साथ भूख को नियंत्रित रखता है और आप कम कैलोरी का सेवन करते हैं। फाइबर वाली चीजों को शुगर और वजन दोनों को कंट्रोल रखने में फायदेमंद पाया गया है।

**शारीरिक गतिविधि बहुत जरूरी**

त्योहार के दिनों में भी व्यायाम करते रहना जरूरी है, इससे कैलोरी बर्न होती है और वजन बढ़ने का जोखिम कम होता है। कम से कम 30 मिनट का समय व्यायाम के लिए निकालें। पैदल चलना, योग और हल्का वर्कआउट आपको सक्रिय रखेगा और कैलोरी बर्न करने में मदद करेगा। डॉक्टर कहते हैं, खान-पान को लेकर सावधानी बरतना सभी के लिए जरूरी है। भले ही आपका वजन और शुगर लेवल दोनों कंट्रोल है। इन उपायों का पालन करके आप शरीर को सेहतमंद रख सकते हैं।

# ससुराल में बहू की पहली दिवाली को बनाएं खास

## गृह लक्ष्मी को ऐसे करें खुश



दिवाली का पर्व पूरे परिवार के साथ मिलकर मनाने में ही मजा आता है। जहां शादी के पहले लड़की अपने भाई-बहनों और माता-पिता के साथ दिवाली मनाती है वहीं शादी के बाद ससुराल वालों के साथ दीपोत्सव का आनंद लेती है। नई शादी होने पर बहू को त्योहारों के मौके पर अपने परिवार और मायके की याद आती है। अगर आपके घर पर भी नई बहू आई है और ये उनकी पहली दिवाली है तो हो सकता है कि वह अपने माता पिता और भाई बहन की कमी को महसूस करे।



शादी के बाद त्योहार के मौके पर लड़की को अपने घर की याद आना लाजमी है। ऐसे में अगर आपकी बहू की शादी से बाद ससुराल में ये पहली दिवाली है तो उसे मायूस न होने दें। ससुराल वाले और पति कुछ बातों का ध्यान रखकर अपनी गृह लक्ष्मी की पहली दीपावली को यादगार बना सकते हैं और बहू के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं।

**तैयारियों में शामिल करें**

दिवाली पर होने वाली तैयारियों में बहू को भी शामिल करें। बहू से पूछें कि उन्हें क्या पसंद है। वह मायके में दिवाली पर क्या किया करती थीं। कैसे दिवाली मनाती थीं। उनके उत्तर के मुताबिक बहू को ससुराल में दिवाली की तैयारियों का हिस्सा बनाएं। बहू से सलाह लें कि घर की सजावट कैसे करनी है, रिश्तेदारों को क्या गिफ्ट देना है और दिवाली में खाने में क्या बनाना है।



**आभूषण दें**

आप अपनी घर की लक्ष्मी यानी बहू को खुश करना चाहते हैं तो दिवाली के मौके पर उन्हें कोई तोहफा दें। धनतेरस और दीपावली में सोने-चांदी के गहने खरीदना शुभ माना जाता है। लगभग हर महिला को गहने पसंद होते हैं। बहू को तोहफे में आभूषण के साथ अपना आशीर्वाद दें।

**बहू को सुहाग पेटी दें**

दिवाली पर बहू को सुहाग पेटी दे कर उनको खुश कर सकते हैं। उसमें सिंदूर , बिंदी ,चूड़ी , मेहंदी , लिपस्टिक और आलता जरूर दें। इसके साथ उनको सदा सुहागन होने का आशीर्वाद भी दें और अपनी घर की लक्ष्मी को खुश करें।

**मायके से न करें दूर**

बेटी के लिए उसके माता पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। माता पिता की जगह कोई नहीं ले सकता है। ऐसे में बहू को चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए उन्हें मायके घुमाने ले जाएं ताकि अपने परिवार से मिलकर वह खुश हो जाएं। बहू के परिवार को घर पर खाने पर भी बुला सकते हैं। इसके अलावा अगर बहू का मायका दूर है और आना -जाना संभव न हो तो बहू के साथ मिलकर उनके मायके कॉल या वीडियो काल करें।

# डायबिटीज के मरीजों के लिए गुड़ और चने की लड्डू

**सामान लड्डू बनाने के लिए**
**1 कप भुने हुए चने (छिलके उतारे हुए)**
**1/2 कप गुड़श 2 टेबलस्पून घी**
**1/2 टीस्पून इलायची पाउडर**



**विधि :** लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले भुने हुए चनों का छिलका उतारकर मिक्सर में डालकर दरदरा उनका पाउडर बना लें। आप इसे पूरी तरह से पाउडर नहीं बनाएं, हल्का दानेदार छोड़ें ताकि लड्डू में अच्छी बनावट आए। इसके बाद एक पैन में 2 टेबलस्पून घी गरम करें। इसमें कद्दूकस किया हुआ गुड़ डालें और धीमी आंच पर पिघलने दें। गुड़ को लगातार चलाते रहें ताकि वह जल न जाए और एक स्मूद मिश्रण बन जाए।

अब पिघले हुए गुड़ में चने का पाउडर डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें। इसमें इलायची पाउडर भी डालें और मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाएं। इसे कुछ मिनट पकाएं ताकि यह गाढ़ा हो जाए और गीला महसूस न हो। मिश्रण को हल्का ठंडा होने दें ताकि आप इसे हाथ से छू सकें। अब हाथों में थोड़ा-थोड़ा मिश्रण लें और गोल-गोल लड्डू बनाएं।

# दिवाली के एक दिन पहले करें इन चीजों का इस्तेमाल, खिल उठेगा चेहरा

दिवाली के त्योहार से पहले लोग अपने घरों, दफ्तर और कार्यस्थलों की अच्छी तरह से सफाई करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि मां लक्ष्मी को साफ सुथरी जगह ही पसंद हैं। ऐसे में उनके आगमन से पहले ही लोग अपने घरों को बहुत अच्छे से साफ कर लेते हैं। साफ-सफाई का सीधा असर लोगों की त्वचा पर पड़ता है। इसकी वजह से उनकी त्वचा काफी डल दिखाई देने लगती है।

ऐसे में अगर आप चाहते हैं कि दिवाली पर आपकी त्वचा खिली-खिली दिखे तो कुछ ऐसी चीजों का इस्तेमाल चेहरे पर करें जो इंस्टेंट ग्लो देती हैं। अब दिवाली में समय नहीं बचा है, ऐसे में आपको आज और कल दोनों दिन चेहरे पर ऐसी चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए, जिनकी वजह से आपका चेहरा खिल उठे। यहां हम आपको चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप इंस्टेंट ग्लो के लिए कर सकते हैं।






**करें उबटन का इस्तेमाल**

वैसे भी नरक चतुर्दशी के दिन उबटन लगाने की परंपरा है। ऐसे में आप बेसन, हल्दी, चंदन, और गुलाबजल से उबटन तैयार करके इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद हल्के हाथों से मसाज करते हुए धो लें। इससे स्किन की डेड सेल्स हटती हैं और त्वचा में निखार आता है।

**एलोवेरा जेल**

एलोवेरा त्वचा को ठंडक और नमी देता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा अंदर से साफ होती है। ऐसे में इसे आज और कल रात को चेहरे पर लगाकर छोड़ दें और सुबह धो लें। इससे त्वचा में चमक आती है और पिंपल्स भी कम होते हैं।

**शहद और दही का पैक**

शहद और दही का पैक त्वचा को मॉइश्चराइज करता है और इसे प्राकृतिक ग्लो देता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। इससे आपका चेहरा चमक उठेगा।

**खीरे का रस और नींबू**

यदि घर में खीरे रखे हैं तो इसका इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को निखारें। इसके लिए दोनों चीजों को मिलाकर चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट के बाद धो लें। इससे त्वचा का टोन भी इवन होता है।

**मलाई और गुलाब जल**

मलाई और गुलाब जल का मिश्रण त्वचा को मुलायम बनाता है और इसमें नमी बनाए रखता है। इसे चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। मलाई की वजह से आपका चेहरा मुलायम हो जाएगा और गुलाब जल चेहरे को फ्रेश रखेगा।

# ये बादाम और नारियल की बर्फी खा सकते है डाबीटीज के मरीज

1 कप बादाम
1 कप ताजा नारियल (कद्दूकस किया हुआ)
8-10 खजूर (बीज निकाल कर छोटे टुकड़ों में काट लें)
1 टेबलस्पून घी (वैकल्पिक)
1/2 टीस्पून इलायची पाउडर (स्वाद के लिए)



**बनाने की विधि**

इसे बनाने के लिए सबसे पहले भिगोए हुए बादाम को मिक्सर में थोड़ा पानी डालकर पीस लें ताकि एक स्मूद पेस्ट तैयार हो जाए। इसके बाद खजूर के टुकड़ों को मिक्सर में पीस कर पेस्ट बना लें। यह बर्फी में मिठास लाएगा। इसके बाद एक पैन में 1 टेबलस्पून घी गरम करें और उसमें बादाम का पेस्ट डालें।

अब इसमें कद्दूकस किया हुआ नारियल मिलाएं और 5-7 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। इसके बाद खजूर की प्यूरी और इलायची पाउडर डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें और कुछ मिनट तक पकाएं ताकि मिश्रण गाढ़ा हो जाए। आखिर में इस मिश्रण को घी लगी एक प्लेट में निकाल लें और एक घंटे के बाद इसे सही आकार में काट लें।

# दिवाली के लिए घर में लाइटिंग करने वाले न करें ये गलतियां, वरना हो सकता है हादसा

हर वर्ष दिवाली का पर्व बेहद ही धूमधाम से मनाया जाता है। पंचांग की गणना के मुताबिक, दिवाली का पर्व हर साल कार्तिक माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस दिन की अपनी अलग मान्यता है और लोग भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। इस दिन नए कपड़े पहने जाते हैं और लोग आपस में मिठाई भी बांटते हैं। साथ ही इस दिन हर तरफ लाइटिंग की जाती है। दफ्तरों से लेकर घरों तक में लाइटिंग करके हर तरफ रोशनी की जाती है। ऐसे में अगर आप भी इस दिवाली अपने घर में लाइटिंग कर रहे हैं, तो कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें। वरना आपकी एक गलती से कोई हादसा तक हो सकता है। तो चलिए जानते हैं दिवाली के लिए लाइटिंग करते समय आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए...

**लाइटिंग करते समय इन बातों का ध्यान रखना चाहिए:-**

पहली बात

अगर आप दिवाली के लिए लाइट लगा रहे हैं तो इस दौरान अपने पांव में जूते या चप्पल जरूर पहनें। कई लोग बिना चप्पल-जूते पहने ही लाइट लगाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में करंट लगने की संभावना होती है जिससे कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती है।



दूसरी बात

लाइटिंग करते समय ध्यान रखें कि जलती झालर को गीले हाथों से न छुएं, क्योंकि अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको करंट लग सकता है। इसके अलावा जब आप लाइटिंग कर चुके हैं या कर रहे हैं तो उस दौरान आपको बच्चों को इनसे दूर रखना चाहिए।

तीसरी बात

जब हम दिवाली की लाइटिंग करते हैं तो झालर में कोई न कोई तार कटी होती है या काम करने के दौरान खींच जाती है। ऐसे में आपको इन कटी तार का ध्यान रखना चाहिए और इन पर टेप जरूर लगाएं क्योंकि अगर ये ऐसी ही कटी हुई रहती हैं तो इससे किसी को भी करंट लग सकता है। इसलिए इस बात का जरूर ध्यान रखना चाहिए।

चौथी बात

आप दिवाली की लाइट लगा रहे हैं तो इस दौरान लाइट को ऑन करके बिलकुल काम न करें। कई लोग चलती लाइन में लाइट चेक करते हैं। ऐसी गलती बिलकुल न करें, पहले लाइट को चेक कर लें और लाइटिंग हो जाने के बाद ही स्विच ऑन करें।

# दीपोत्सव के दौरान भूल से भी न करें ये गलतियां, मंगलमय दिवाली के लिए रखें इन बातों का ध्यान

पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। इस बार दीपावली 31 अक्तूबर 2024 को मनाई जा रही है। वहीं 29 अक्तूबर को धनतेरस का पर्व है। कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को दिवाली मनाई जाती है। भारत के मुख्य त्योहारों में से एक दीपावली सुख समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। दीपावली का इंतजार हर किसी को होता है। इस त्योहार में भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा का विधान है।

त्योहार से पहले की सारी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। घर की साफ-सफाई से लेकर सजावट और पूजा की तैयारियों के साथ ही अन्य बहुत से कार्य किए जाते हैं। हालांकि त्योहार के उत्साह में अक्सर लोग दीपावली के मौके पर किए कुछ जरूरी कार्य भूल जाते हैं। त्योहार के दौरान बहुत सी बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि दीपावली का उत्साह न बिगड़े और त्योहार का मजा दोगुना हो जाए। चलिए जानते हैं कि इस त्योहार में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि आपकी दिवाली सुरक्षित और खुशियों भरी हो।

सफाई और सजावट

अगर आप चाहते हैं की लक्ष्मी मां की कृपा आप पर और आपके परिवार पर बनी रहे और दिवाली पर लक्ष्मी माता का आशीर्वाद मिले तो अपने घर की साफ-सफाई जरूर करें। इससे आपको भी अच्छा लगेगा और मन को भी शांति मिलेगी। इसके साथ ही अपने घर में सजावट कर लक्ष्मी माता का स्वागत करें। इसके लिए आप अपने घर में इको-फ्रेंडली सजावट कर सकते हैं। इसके लिए आप मोमबत्तियों, रंग-बिरंगे मिट्टी के दीयों और रंगोली से अपने घर को से सजा सकते हैं ।



**सुरक्षा का ध्यान रखें**

पटाखे लेते वक्त ध्यान रखें कि आप सरकारी मान्यता प्राप्त ब्रांड के पटाखों को ही लें। हो सके तो वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण कम करने वाले पटाखों का उपयोग करें और बच्चों और जानवरों को पटाखों से दूर रखें और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखें।



**खरीदारी**

अगर आपको पारंपरिक चीजें पसंद हैं तो आप अपने आस-पास के स्थानीय बाजारों से समान लें। यहां आपको अनोखी और पारंपरिक वस्तुएं मिलेंगी। अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के लिए भी अच्छे गिफ्ट का चयन कर सकते हैं।



**भोजन और मिठाइयां बनाएं**

हो सके तो दिवाली के लिए मिठाइयां घर पर ही बनाएं, इससे मिलावटी मिठाइयों के घर में आने की संभावना कम रहेगी और घरवालों के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक नहीं होगी। बाजार से मिठाई लेने से बचे क्योंकि मांग अधिक होने के कारण इनमें मिलावट की संभावना बढ़ जाती है और ये आपके और आपके अपनों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है।

**परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं**

किसी भी त्योहार का असली आनंद परिवार वालों और दोस्तों के साथ आता है। इस दिवाली में आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर मनाएं। उन के साथ पूजा करें, पटाखे फोड़े और भोजन का आनंद लें। इस से आपके रिश्तों में मजबूती प्यार बढ़ेगा।

**पर्यावरण का ध्यान रखें**

इको-फ्रेंडली चीजों के साथ दिवाली मनाएं। प्लास्टिक की जगह मिट्टी के दिवाली का उपयोग करें। प्राकृतिक रंगों और सजावट का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही आसपास की साफ सफाई का भी पूरा ध्यान रखें।



# आयुष्मान भारत : 70+ बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज

## ऐसे बनवाएं कार्ड, प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज का जानें पूरा प्रोसेस

नई दिल्ली,29 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्गों के लिए खास तोहफा दिया है। उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा कवर देने की शुरुआत की है। इस योजना के तहत 70 साल या उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।यह योजना सभी बुजुर्गों के लिए है। चाहे उनकी आमदनी कुछ भी हो। इस योजना के जरिए सरकार का मकसद स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ और किफायती




बनाना है। इस योजना की घोषणा पिछले महीने ही कर दी गई थी। पीआईबी के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दी गई जानकारी के मुताबिक, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नागरिकों को 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के बाद स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरुआत की है। यह योजना सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती है। 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के साथ यह योजना हमारे बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवा में एक नया मानक स्थापित करेगी।' इस योजना के तहत सभी बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। पीआईबी के एक और ट्वीट में बताया गया है कि अब 70 साल से ज्यादा उम्र के हर बुजुर्ग का मुफ्त इलाज होगा। इन बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। यह योजना एक मील का पत्थर साबित होगी। घर में अगर किसी बुजुर्ग के पास आयुष्मान वय वंदना कार्ड होगा तो परिवार का खर्च कम होगा और उनकी चिंता भी घटेगी।' 29 अक्टूबर, 2024 को जारी पीआईबी विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'आयुष्मान योजना के विस्तार पर संतोष व्यक्त करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हर बुजुर्ग को इसका इंतजार था और तीसरी बार चुने जाने पर 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाने की चुनावी गारंटी पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक बुजुर्ग को आयुष्मान वय वंदना कार्ड से अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलेगा। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह कार्ड यूनिवर्सल है।

# भारतीय दवा कंपनी बढ़ा रही पुतिन की 'सॉफ्ट' पावर, अमेरिकी बैन की ऐसी की तैसी कर सर्वर भेज दिए रूस!




नई दिल्ली,29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई की एक दवा कंपनी श्रेया लाइफ साइंसेज चोरी-छिपे रूस को एडवांस्ड टेक्नोलॉजी बेच रही है। इसने अमेरिका और उसके सहयोगियों को चिंता में डाल दिया है। कंपनी ने अप्रैल से अगस्त 2024 के बीच 30 करोड़ डॉलर के डेल सर्वर रूस भेजे हैं। ये सर्वर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए खास चिप्स से लैस हैं। इन पर अमेरिका और ईयू ने रूस को निर्यात करने पर रोक लगा रखी है। ब्लूमबर्ग की रपिोर्ट में दावा कि गया है कि भारत रूस को इस तरह के प्रतिबंधित सामान बेचने वाला चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।रपिोर्ट कहती है कि यह मामला पश्चिमी देशों की ओर से रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों में बड़ी खामी को उजागर करता है। भारत सरकार ने रूस पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। उससे तेल खरीदना भी जारी रखा है। हालांकि, अमेरिका और ईयू के अधिकारी भारत पर इस तरह के निर्यात रोकने का दबाव बना रहे हैं।श्रेया लाइफ साइंसेज इस मामले में एक मिसाल है कि कैसे कुछ कंपनियां प्रतिबंधों को दरकिनार कर रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि कंपनी का रूस के साथ पुराना नाता है। उसे वहां के एक प्रतिबंधित बैंक से कर्ज भी मिला हुआ है। मुंबई के अंधेरी इलाके में एक साधारण सी ऑफिस बिल्डिंग की ऊपरी तीन मंजिलों पर स्थित श्रेया लाइफ साइंसेज दिखने में किसी भी दूसरी फार्मा कंपनी जैसी ही है। लेकिन, परदे के पीछे यह कंपनी रूस के साथ एक ऐसे मुनाफे वाले व्यापार में लगी है जिससे अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगी काफी परेशान हैं।

# धनतेरस पर मुकेश अंबानी को मिला आरबीआई से बड़ा तोहफा

## जियो फाइनेंशियल की ये कंपनी बन गई ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर

नई दिल्ली,29 अक्टूबर (एजेंसियां)। धनतरेस और दिवाली से पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ा तोहफा दिया है। आरबीआई ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की सब्सिडियरी जियो पेमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड को ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर ऑपरेट करने की इजाजत दे दी है।

**ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर का मिला लाइसेंस**

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंजों के पास फाइल किए गए रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि, जियो पेमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड ने कंपनी को ये जानकारी दी है कि 28 अक्टूबर 2024 भारतीय रिजर्व बैंक ने 28 अक्टूबर 2024 से जियो पेमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड को पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट 2007 के तहत ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर ऑपरेट करने के लिए ऑथराइजेशन का सर्टिफिकेट जारी कर दिया है।

**जियो पेमेंट बन गई ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर**

ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर ऑपरेट करनी की इजाजत मिलने से जियो पेमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड पेटीएम , फोनपे , मोबीक्विक , रेजरपे , कैशफ्री पेमेंट्स जैसी कंपनियों की श्रेणी में आ गई है। जियो




फाइनेंशियल सर्विसेज ने दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित करने के बाद बताया कि जियो पेमेंट सोल्यूशंस पर यूपीआई और जैसे पेमेंट गेटवे के जरिए रेकरिंग पेमेंट किया जा सकेगा। छोटे दुकानदारों को महज 10 मिनट पर ऑनबोर्ड करना संभव होगा। ऑनलाइन इंवेस्टमेंट्स के लिए बैंक अकाउंट वेरिफिकेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। बी2बी इनवॉइस पेमेंट के लिए एनईएफटी और आरटीजीएस पेमेंट संभव होगा और अफोर्डेबिलिटी के लिए क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड्स पर ईएमआई की सुविधा उपलब्ध होगी और ब्रांड ईएमआई का भी विकल्प मौजूद होगा।

**जियो फाइनेंशियल के शेयर में उछाल**

इस खबर के चलते जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर में शानदार तेजी देखी जा रही है। जियो फिन का शेयर 7 रुपये या 2.15 फीसदी के उछाल के साथ 323.45 रुपये पर कारोबार कर रहा है। हालांकि स्टॉक अपने हाई 394.70 रुपये से नीचे ट्रेड कर रहा है।

# अमेरिका के बजट में 2 ट्रिलियन बचा सकता हूं... फाइनेंस मिनिस्टर बनने वाले हैं एलन मस्क!

नई दिल्ली,29 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क अमेरिका के नए वित्त मंत्री बन सकते हैं। अमेरिका के बाजार में इस तरह की अटकलों का बाजार गर्म है। राष्ट्रपति चुनाव में मस्क रिपब्लिकन उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रंप के लिए जोरशोर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। ट्रंप की जीतने की संभावनाएं हाल में काफी बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि अगर ट्रंप राष्ट्रपति बनते हैं तो फरवरी 2025 में मस्क को कैबिनेट के लिए नॉमिनेट किया जा सकता है। मस्क ने अमेरिका बढ़ते कर्ज पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि वह अमेरिका के बजट में कम से कम $2 ट्रिलियन की बचत कर सकते हैं। मस्क ने रविवार को ट्रंप के समर्थन में न्यूयॉर्क में आयोजित एक रैली में कहा, 'आपका पैसा बर्बाद हो रहा है। मैं अमेरिका के बजट में से कम से कम $2 ट्रिलियन बचा सकता हूं।' अमेरिका का कर्ज 35.7 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुका है और




सरकार को सालाना 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा केवल ब्याज देना पड़ रहा है। मस्क ने कहा कि फेडरल टैक्स रेवेन्यू का 23 फीसदी ब्याज चुकाने में जा रहा है। मस्क ने अमेरिका के बढ़ते कर्ज को फाइनेंशियल एमरजेंसी बताते हुए कहा कि इस संकट से तत्काल निपटने की जरूरत है।

**मस्क को फायदा**

मस्क जिस तरह से लोगों के सामने अपनी भविष्य की रणनीति रख रहे हैं, उससे इन अटकलों को बल मिला है कि वह देश के अगले वित्त मंत्री बन सकते हैं। रैली में ट्रंप ने कहा कि सरकारी खर्च में कटौती वाले विभाग की जिम्मेदारी मस्क को देंगे। लेकिन आलोचकों का कहना है कि मस्क को इस तरह की जिम्मेदारी देने से हितों का टकराव होगा। मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स समेत कई कंपनियां चलाते हैं। उनकी कंपनियों के पास सरकार के कई ठेके हैं। सरकार की नीतियों से मस्क की कंपनियों खासकर टेस्ला और स्पेसएक्स को काफी फायदा हुआ है। ट्रेजरी डिपार्टमेंट के मुताबिक इस साल अमेरिकी सरकार का खर्च करीब 6.75 ट्रिलियन डॉलर रहेगा। मस्क इसमें से करीब एक तिहाई बचाने की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने प्रचार के दौरान देश के कर्ज को कम करने की बात कही है लेकिन इस बारे में उन्होंने किसी खास योजना का जिक्र नहीं किया है। मस्क ने इन चुनावों में ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी के दूसरे उम्मीदवारों पर कम से कम 132 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं। वह 2024 के चुनावों में सबसे ज्यादा चंदा देने वाले लोगों की सूची में टॉप में शामिल हैं। मस्क 272 अरब डॉलर के साथ दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं।

# फुस्स हो गया चीन का 1.07 ट्रिलियन का धूमधड़ाका, मंदी की चपेट में आया ड्रैगन!

नई दिल्ली,29 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन ने अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए हाल में $1.07 ट्रिलियन के भारी-भरकम पैकेज की घोषणा की थी। इसके बाद उसके शेयर बाजारों में काफी तेजी देखने को मिली। कुछ विदेशी निवेशक भारत जैसे देशों से अपना पैसा निकालकर चीन के बाजार में डाल रहे हैं। लेकिन कुछ निवेशकों ने चीन के इस पैकेज की सफलता पर संदेह जताया था और उनकी आशंका सही होने जा रही है। अब तक इस पैकेज का जमीन पर कोई असर होता नहीं दिख रहा है। देश में तीसरी तिमाही में कंज्यूमर प्राइस में गिरावट आई है। लगातार छठी तिमाही में ऐसा हुआ है और यह साल 1999 के बाद इस गिरावट का सबसे लंबा दौर है। माना जा रहा है कि चीन की इकॉनमी पहले ही मंदी में फंस चुकी है और इससे बाहर निकलने के लिए उसे लंबा समय लग सकता है। चीन में डिफ्लेशन की स्थिति बनी हुई है। 2008 में देश में लगातार पांच तिमाहियों तक डिफ्लेशन की स्थिति रही थी लेकिन इस बार यह उससे भी आगे निकल गया है। पूरी दुनिया महंगाई से त्रस्त है लेकिन चीन में उल्टी गंगा बह रही है। दिक्कत यह है कि डिफ्लेशन को इनफ्लेशन भी बदतर माना




जाता है। इसमें चीजों की कीमत में गिरावट आती है। यह इकॉनमी में धन की आपूर्ति और क्रेडिट में गिरावट से जुड़ी होती है।

**इकॉनमी की परेशानी**

डिफ्लेशन को इकॉनमी के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जाता है। अगर आपको पता है कि कल चीजों की कीमत गिरनी है तो आप आज क्यों खरीदारी करेंगे? इस तरह एक प्रकार से इकॉनमी फ्रीज हो जाती है। जापान के साथ 1990 के दशक में यही हुआ था।

आज भी जापान उस स्थिति से बाहर नहीं निकल पाया है। चीन की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है। बेरोजगारी कई दशक के चरम पर पहुंच गई है, मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आई है और रियल एस्टेट सेक्टर संघर्ष कर रहा है। कंज्यूमर डिमांड कमजोर है। चीन के ग्राहक इस तरह व्यवहार कर रहे हैं जैसे कि देश मंदी में है।

# शिवकाशी कैसे बनी 'पटाखों की राजधानी', कभी यहां होता था 6,000 करोड़ का कारोबार

शिवकाशी,29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पटाखे दिवाली के त्योहार से जुड़ी वो परंपरा है जो छोटों से लेकर बड़ों तक को रोमांचित करती है। हालांकि आजकल पटाखे चलाएं या नहीं चलाएं इसे लेकर बहुत विवाद बना रहता है। फिर भी क्या आपको पता है कि भारत में पटाखों की राजधानी तमिलनाडु के शिवकाशी को कहा जाता है। यहां पटाखे कैसे बनने शुरू हुए, कैसे उनका कारोबार फला फूला और एक समय में 6,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। पटाखे या आतिशबाजी, आधुनिक समय में इसकी शुरुआत चीन से मानी जाती है। बारूद यानी गन पाउडर का जन्म छठी से नौवी सदी के बीच हुई। तांग वंश के समय बारूद की खोज हुई और इसी से पटाखों का निर्माण संभव हुआ। भारत को बारूद और आतिशबाजी से परिचय कराने का श्रेय



मुगलों को जाता है। पानीपत की पहली लड़ाई में मुगल बारुद और तोप लेकर भारत आए। इसी के साथ भारत में बारूद का आगमन हुआ। बाबर अपने साथ बारूद को लेकर भारत आया और अकबर के समय तक आतिशबाजी शादी-ब्याह और उत्सवों का हिस्सा बन गई। चीन में बारूद को बांस में भरकर फोड़ा जाता था जिसे जोर की आवाज होती थी। भारत में बांस की जगह मिट्टी के छोटे बर्तनों और आज के समय में गत्ते और कागज ने बांस की जगह ले ली। जो आज आधुनिक पटाखे का रूप है। क्या आपको पता है कि शिवकाशी कैसे पटाखों की राजधानी बना?

**शिवकाशी ऐसे बना पटाखों की राजधानी**

शिवकाशी से पहले पटाखे बनाने के कारखाने अंग्रेजों के दौर में कलकत्ता में लगने शुरू हुए। जिन कारखानों में दियासिलाई (माचिस) बनती थी, उन्होंने ही पटाखे बनाने का कारोबार शुरू किया। बाद में यहीं से एक फैक्टरी शिवकाशी ट्रांसफर हुई। दरअसल शिवकाशी के रहने वाले पी। अय्या नादर और उनके भाई शामुंगा नादर 1923 में नौकरी की तलाश में कलकत्ता पहुंचे और वहां एक माचिस फैक्टरी में काम शुरू किया।करीब 8 महीने में काम सीखने के बाद वह वापस लौट आए और जर्मनी से मशीनें मंगाकर 'अनिल ब्रांड' और 'अय्यन ब्रांड' नाम से माचिस बनाने का काम शुरू किया। फिर उन्होंने इसी ब्रांड नाम से पटाखे बाजार में उतारे और देखते ही देखते शिवकाशी देश की पटाखा राजधानी बन गया।

**घटता जा रहा है पटाखे का कारोबार**

तमिलनाडु के शिवकाशी में मौजूदा वक्त में करीब 8,000 छोटी-बड़ी पटाखा फैक्टरी काम कर रही हैं। इनका सालाना कारोबार भी करीब 1,000 करोड़ रुपए का है। एक समय में इनका कारोबार 6,000 करोड़ रुपए का था और भारत से बड़ी मात्रा में विदेश में भी पटाखों का निर्यात होता था। ग्रीन पटाखे और बदलते समय के साथ यहां के कारोबार का तरीका भी बदल गया है। मौजूदा दौर में यहां के पटाखा प्रोडक्शन में भी 40 फीसदी से ज्यादा की कमी आ चुकी है।

# धनतेरस पर सोना अब तक की सबसे ऊंची कीमत पर

## 10 ग्राम के दाम 78846, कल से 601 ज्यादा; चांदी 1152 बढ़कर 97238 प्रति किलो



नई दिल्ली,29 अक्टूबर (एजेंसियां)। धनतेरस पर आज (29 अक्टूबर) सोना अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 601 रुपए चढ़कर 78,846 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले सोना 78,245 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, चांदी की कीमत में भी 1,152 रुपए की बढ़त रही और यह 97,238 रुपए प्रति किलो की कीमत पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी 96,086 रुपए पर थी। वहीं, इसी महीने 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,600 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 80,450 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,500 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 73,750 रुपये है।

**अगले धनतेरस तक 87 हजार तक जा सकता है सोना**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, जियोपॉलिटिकल टेंशन और फस्टिव सीजन शुरू होने से सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इससे आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल के आखिर तक सोना 79 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के पार जा सकता है। वहीं अगले घनतेरस तक सोना 87 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

# धनतरेस पर एसबीआई की बदौलत सेंसेक्स-निफ्टी शानदार तेजी के साथ हुआ बंद, निफ्टी बैंक में 1060 अंकों की उछाल

नई दिल्ली,29 अक्टूबर (एजेंसियां)। धनतरेस का पावन दिन भारतीय शेयर बाजार के लिए शानदार रहा है। पूरे दिन बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। लेकिन आखिरी घंटों में बैंकिंग स्टॉक्स में निवेशकों की जोरदार खरीदारी के चलते सेंसेक्स और निफ्टी शानदार उछाल के साथ क्लोज हुआ है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी शानदार रौनक देखने को मिली है। आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 364 अंकों की उछाल के साथ 80,369 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 128 अंकों की उछाल के साथ 24,466 अंकों पर क्लोज हुआ है।

**तेजी और गिरने वाले शेयर्स**

आज के ट्रेड में बीएसई पर जिन 3982 शेयरों में कारोबार हुआ उसमें 2214 स्टॉक्स तेजी के साथ और 1643 शेयर्स गिरकर बंद हुए। 125 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 16 स्टॉक्स तेजी के साथ और 14 गिरकर बंद हुए। जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 31 शेयर तेजी 19 स्टॉक्स गिरकर बंद हुए। तेजी वाले शेयरों में फेडरल बैंक 8.49 फीसदी, एसबीआई 5.13 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 5.13 फीसदी, बजाज फिनसर्व 2.18 फीसदी, एनटीपीसी 2.11 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.61 फीसदी, लार्सन 1.25 फीसदी, एक्सिस बैंक 1.31 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है। जबकि मारुति सुजुकी 4.11 फीसदी, टाटा मोटर्स 4.06 फीसदी, सन फार्मा 2.14 फीसदी, भारती एयरटेल 1.61 फीसदी, इंफोसिस 1.25 फीसदी की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है।

**सेक्टरोल अपडेट**

आज के ट्रेड में सबसे बड़ी तेजी बैंकिंग शेयरों में रही। निफ्टी बैंक में शामिल 12 शेयरों में से 11 तेजी के साथ बंद हुए और केवल एक इंडसइंड बैंक के स्टॉक में गिरावट रही। निफ्टी बैंक 1061 अंक या 2.07 फीसदी के उछाल के साथ क्लोज हुआ है। इसके अलावा मेटल्स, रियल एस्टेट, एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। जबकि ऑटो आईटी, फार्मा, हेल्थकेयर, एफएमसीजी सेक्टर के शेयर गिरकर क्लोज हुए। निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.92 फीसदी और निफ्टी का स्मॉलकैप इंडेक्स 0.76 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2550, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-17
सूर्यास्त. - 17-41
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे | तुला-- | 05-23 बजे |
| चंद्र- | कन्या | मे | वृश्चिक- | 07-32 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | धनु---- | 09-46 बजे |
| बुध- | वृश्चिक | मे | मकर... | 11-52 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कुंभ- | 13-43 बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मे | मीन- | 15-21 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मेष--- | 16-57 बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृष--- | 18-42 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | मिथुन | 20-42 बजे |
| | | | कर्क-- | 22-54 बजे |
| | | | सिंह--- | 01-07 बजे |
| | | | कन्या-- | 03-13 बजे |

दिशाशूल - उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- त्रयोदशी 13-15 तक उपरान्त चतुर्दशी
मास - कार्तिक कृष्ण , बुधवार 30 October
नक्षत्र - हस्त 21-43 तक उपरान्त चित्रा
योग - वैधृति 08-50 तक उप विष्कुंभ
करण- वणिज 13-15 तक उप विष्टी
विशेष:- नरक चतुर्दशी
व्रत -त्योहार - मास शिवरात्रि

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 11:59 से 13:26 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ. | 06:17 - 07:41 | शुभ | उत्पात | 17:41 - 19:18 | अशुभ |
| अमृत. | 07:41 - 09:07 | शुभ | शुभ. | 19:18 - 20:52 | शुभ |
| काल. | 09:07 - 10:33 | अशुभ | अमृत | 20:52 - 22:26 | शुभ |
| शुभ. | 10:33 - 11:59 | शुभ | चंचल | 22:26 - 23:59 | शुभ |
| रोग. | 11:59 - 13:26 | अशुभ | रोग. | 23:59 - 01:34 | अशुभ |
| उत्पात | 13:26 - 14:52 | अशुभ | काल. | 01:34 - 03:08 | अशुभ |
| चंचल. | 14:52 - 16:18 | शुभ | लाभ. | 03:08 - 04:41 | शुभ |
| लाभ. | 16:18 - 17:41 | शुभ | उत्पात | 04:41 - 06:17 | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
संबंधों में उलझन ,दोहरे अर्थों वाली बातचीत तथा गलतफहमियां आज पूरे दिन आप पर हावी रहेंगी । लेकिन इससे किसी नुक्सान की बजाय मनोरंजन की उम्मीद ज्यादा है । इसीलिए इनके बारे में चिंता करने की बजाय अपने मूड को हल्का फुल्का रखें और हो रही घटनायों का आनंद उठायें । यदि आप ऐसा करेंगे तो दिन बहुत खुशगवार गुजरेगा ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
ग्रहों की स्थिति कुछ ऐसी बन रही है की आपको सुधार करने एवं स्वस्थ होने का विशेष अवसर मिलने वाला है । आप भूतकाल में की हुई अपनी किसी गलती को स्वीकार कर लेंगे और सामने वाले को संतुष्ट करने में कामयाब रहेंगे । ऐसा करके आप अपने दिल से काफी बड़ा बोझ उतार पायेंगे ।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आप ऊर्जा से भरपूर हैं और काफी मेहनत करने के लिए तैयार भी हैं । आपकी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह ओरों को भी प्रभावित करेगा ,आपकी टीम को आपसे बेहतर काम करने के लिए प्रेरणा मिलेगी । घर पर भी आज आप सामान्य से अधिक जिम्मेदारियां उठाएंगे । इससे आपके करीबियों को ख़ुशी होगी । आपको बस यह देखना है की यही स्थिति लगातार बनी रहे और आपको भी कोई परेशानी न हो ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज का दिन आपके लिए बहुत व्यस्त रहेगा ,या तो आपके पास मेहमान आयेंगे या आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं । इसी समय आप अपने घर का नवीकरण ,नया घर खरीदने या दूसरी जगह शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । हालाँकि आप पूरा दिन बहुत व्यस्त रहेंगे,फिर भी आप दिन का हरेक पल आनंद लेंगे ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आप सामान्य से अधिक भावनात्मक हैं ,दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं । कार्यस्थल पर कार्य का दबाव रहेगा,जिससे थकान का अनुभव करेंगे । कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए बचा रखें । काम थोडा भले ही करें लेकिन गुणवत्ता बनाये रखें । आज किसी ख़ास व्यक्ति के साथ स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं ।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप काल्पनिक से मूड में हैं । अलग अलग भूमिकाएं निभाने और कल्पनाओं में आपको बहुत मजा आता है । आप अपने लिए हर कहीं रोमांस ढूँढ लेते हैं । आपकी सपनों की एक दुनिया है जिसे आपको सच करने का मौका मिल सकता है ।आप आज अपनी भावनाओं के वश में होकर संबंधों या करियर में कुछ असंभव सा हासिल करना चाहेंगे हालाँकि बड़े फैसले लेने के लिए यह समय ठीक नही है ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
लम्बे समय के बाद आज आपको रहत महसूस होगी । किसी महत्वपूर्ण खबर से ख़ुशी मिलेगी ।यदि माता-पिता हैं तो बेटे/बेटी के लिए सुयोग्य वर मिल सकता है । किसी लंबित अदालती मामले का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है । करियर के मामले में छोटे से प्रयास से बड़ी सफलता मिलनी तय है । आज से जिन्दगी वापस पटरी पर आती दिख रही है ,प्रियजनों के साथ खुश रहें ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
दूसरों के विश्वास का सम्मान करें और नम्र बने रहें । आप सफलता हासिल करने की राह पर बढ़ रहे हैं लेकिन हमेशा अंतिम समय पर सावधानी नही रखते । जीवन अप्रत्याशित होता ही है,इसीलिए इन परेशानियों की अधिक चिंता ना करें ।जीवन के पथ पर उत्साह और जोश से आगे बढ़ते रहें ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
प्रयास करने वाले भी पहले व्यक्ति बनें और उसका श्रेय लेने में भी आगे रहें। अपने आप को ज्यादा ना थकाएं और कम महत्वपूर्ण विषयों के लिए अधिक मेहनत ना करें । दूसरों को अच्छी ना लगने वाली बातें कहकर उनका दिल ना दुखाएं । आपकी खाना खाने सम्बन्धी आदतें कभी भी बहुत अच्छी नही थी।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आलस के कारण अपने दिन को बिगड़ने न दें ।अपनी प्राक्रतिक रचनात्मक ऊर्जा को बाहर निकालें और फिर आपका दिन आराम से अच्छा जायेगा । आपको अपने स्वास्थ्य और अपने निजी जीवन में भी व्यवस्था को बहल करने की आवश्यकता है । विकर्षित करने वाली चीजों पर ध्यान ना दें और वही कार्य पूरी एकाग्रता से करें जो आपके लिए लाभकारी हों ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
=आपकी निजी और व्यवसायिक जिन्दगी के बीच एक असंतुलन है । इसे दूर करने का एक ही तरीका है कि आप अपने प्रतिदिन के काम की योजना बनाएं,जो हर दिन की जरुरत के हिसाब से अलग हो । चिंता ना करें,आपके परिजन हाल-फिलहाल आपके उनके प्रति कम ध्यान के बावजूद आपके समर्पण को पहचान पाएंगे ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
समय कुछ बहादुरी भरे कदम उठाने का है,इसमें हिचकिये मत । इसके स्थान पर ,मजबूत फैसला लीजिये । अवसरों को जाने मत दीजिये । इस समय विश्वास पूर्वक लिया गया एक फैसला नाटकीय तरीके से आपकी जिंदगी को बदल सकता है,शायद आपको अभी ये प्रतीत न हो । पुराने संबंधों के बारे में फिर से सोचने और अर्थहीन संबंधों को तोड़ देना ही सही रहेगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# जम्मू-कश्मीर में इलेक्शन के बाद आतंकी हमले बढ़ने का ट्रेंड

## एक्सपर्ट बोले- इसके पीछे पाकिस्तानी आतंकी, सिक्योरिटी फोर्स कम होते ही एक्टिव हुए

श्रीनगर, 29 अक्टूबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 'चुनाव खत्म होने के बाद कश्मीर से सिक्योरिटी फोर्स कम हो गई। फोर्स हटते ही आतंकियों ने घाटी में हमले शुरू कर दिए। वे अलग-अलग इलाकों में अपनी मौजूदगी बताना चाहते हैं। इन हमलों के जरिए वे दिखाना चाहते हैं कि कश्मीर अब भी उनका गढ़ है।' जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की वजह बता रहे रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी का मानना है कि कश्मीर में हमारा इंटेलिजेंस बहुत मजबूत है। आतंकी ज्यादा दिन बच नहीं सकेंगे। बीते दो हफ्ते में बारामूला, त्राल, शोपियां, अखनूर और गांदरबल मिलाकर 5 आतंकी हमले हुए। इनमें 3 जवान शहीद हुए हैं। आतंकियों ने दूसरे राज्यों से काम के लिए आए 8 लोगों को भी मार दिया। 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। 10 दिन बाद 18 अक्टूबर से घाटी में आतंकी हमलों का सिलसिला शुरू हो गया। लोकसभा चुनाव के बाद भी यही पैटर्न दिखा था। तब टारगेट जम्मू था। 4 जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आया और 5



दिन बाद 9 जून से आतंकी हमलों का दौर शुरू हो गया। महज 30 दिनों में जम्मू में 7 आतंकी हमले हुए। चुनाव जब तक चले, तब तक आतंकी हमले रुक गए। एक्सपर्ट चुनाव के बाद हमले बढ़ने की वजह सिक्योरिटी फोर्स कम होना मानते हैं। उनका ये भी मानना है कि हमलों के पीछे लोकल नहीं, पाकिस्तान से घुसपैठ करके आ रहे आतंकी हैं।

आतंकी हमलों के अचानक कश्मीर में हुए शिफ्ट की वजह क्या है, हमलों का पैटर्न क्या है, इसमें कौन से आतंकी संगठन शामिल हैं, इन हमलों के जरिए इनका मकसद क्या है, ऐसे ही सवालों का जवाब जानने के लिए दैनिक भास्कर ने सिक्योरिटी फोर्स के अफसरों और एक्सपर्ट्स से बात की। जम्मू-कश्मीर में 18 अक्टूबर से अब तक करीब 5 हमले हो चुके हैं। ज्यादातर हमलों में निशाने पर सिक्योरिटी फोर्स के जवान और गैर कश्मीरी रहे। हमलों की जिम्मेदारी आतंकी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट और द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। खुफिया एजेंसियों ने पहले ही बताया था कि टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति फैलाने की साजिश है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इसका मकसद आर्टिकल-370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बदले माहौल को खराब करना और कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की योजनाओं में अड़ंगा लगाना है। इससे पहले जम्मू में भी यही पैटर्न देखने को मिला था। लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद 9 जून को जम्मू के रियासी में आतंकियों ने तीर्थ यात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया था। हमले में 9 यात्रियों की मौत हुई थी। इसके बाद लगातार एक महीने में जम्मू में 6 से 7 आतंकी हमले हुए। कठुआ, डोडा, राजौरी में आतंकियों ने आर्मी और स्टेट फोर्स को टारगेट किया।

कश्मीर में बढ़े आतंकी हमलों को लेकर हमने रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी से बात की। वे कहते हैं, 'लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए जम्मू-कश्मीर में बड़ी संख्या में सिक्योरिटी फोर्स, पैरामिलिट्री, पुलिस, आर्मी और बाकी एजेंसियों की तैनाती की गई थी। चप्पे-चप्पे पर फोर्स मौजूद थी। करीब सभी इलाके सील थे। इस दौरान आतंकियों को हमला करने का मौका नहीं मिला।'

'ये लाइन ऑफ कंट्रोल से आने वाले नए घुसपैठिए हैं। उनकी लाइफ ज्यादा नहीं है। राजौरी के साउथ और पीर पंजाल रेंज से सुरक्षाबलों को हटा दिया गया था। इसी रास्ते से ये देश में दाखिल हुए होंगे।'

जीडी बख्शी कहते हैं, 'पुलवामा हमले के बाद जैसे हमने बालाकोट एयर स्ट्राइक की थी, उसी तरह इसका जवाब देने की जरूरत है। सर्जिकल स्ट्राइक एलओसी के पार होनी चाहिए, न कि हमारी सीमा में, ताकि इसके नतीजे गंभीर हों।'

'2003-04 की बात है। उस वक्त मैं जम्मू के किश्तवाड़ में सेक्टर कमांडर था। तब हमने आतंकवाद की कमर तोड़ दी थी। रीजन में आतंकी संगठनों के सभी टॉप कमांडर मारे गए थे। कुछ ही महीनों बाद फोर्स की कमी की वजह से आतंकवाद फिर शुरू हो गया।'

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी के. राजेंद्र कुमार कहते हैं, 'हमें जम्मू और कश्मीर दोनों रीजन में अलर्ट रहना चाहिए। अपने इंटेलिजेंस मजबूत करने के साथ ही ऑपरेशंस शुरू करने चाहिए। हमें घुसपैठ विरोधी नेटवर्क को मजबूत करने की जरूरत है, ताकि एलओसी पार करके आने वाले आतंकियों पर रोक लग सके।'

'हम किसी एक रीजन पर फोकस नहीं रख सकते। हम जम्मू में ऑपरेशन शुरू करते हैं, तब आतंकी कश्मीर में अपने स्लीपर सेल्स और लोकल टेररिस्ट को मजबूत कर बेस बनाने लगते हैं। इसलिए हमें दोनों रीजन पर बराबर फोकस और दबाव बनाकर रखना चाहिए। आतंकियों ने जम्मू में अटैक शुरू किए तो पूरा अटेंशन वहीं शिफ्ट हो गया। इससे कश्मीर में खालीपन पैदा हुआ।'

राजेंद्र भी सर्जिकल स्ट्राइक की सलाह देते हुए कहते हैं, 'कश्मीर में हिंसा और आतंकी गतिविधियां पाकिस्तान की साजिश का हिस्सा हैं। इसे रोकने के लिए हमें फिर से एलओसी के पार उसी तरह की सर्जिकल स्ट्राइक की जरूरत है, जैसी उरी और पुलवामा हमलों के बाद की गई।'

# दो सगी बहनों समेत तीन नाबालिग लड़कियां तालाब में डूबी

## नहाने के दौरान हादसा, गांव में एक साथ उठी तीनों की अर्थियां

धमतरी, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में 2 सगी बहनों समेत 3 नाबालिग लड़कियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। तीनों तालाब में नहाने गई थी। तीनों को तालाब से बाहर निकाल अस्पताल भेजा गया, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। गांव में तीनों की अर्थी एक साथ निकली, हर किसी की आंखें नम हो गई। घटना धमतरी जिले के बेलरगांव की है। तीन नाबालिग लड़कियां काजल यादव (15), यामिनी यादव (17) और सेविका कोर्राम (12) तालाब नहाने गई। इनमें से एक गहने पानी में जाने की वजह से डूबने लगी। बच्ची को डूबते देखकर उसे बचाने गई दोनों बहने भी गहरे पानी में चली गई और डूब गई। उसी रास्ते से आ रहे व्यक्ति ने मोहल्लेवासी और परिजन को सूचना दी। सभी तालाब के पास पहुंचे, तीनों को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले गए। लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। सिहावा थाना प्रभारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि रोजाना की तरह गांव की तीन लड़कियां नहाने गई हुई थी, जिसमें दो सगी बहनें हैं,और एक पड़ोस की है। सेविका नहाते-नहाते गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी, उसे बचाने के लिए यामिनी और काजल भी कूद पड़ी। जिसकी वजह से तीनों डूब गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

गिरिडीह, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। गिरिडीह के नेता जी चौक पर आज ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मृतक कुरैशी मोहल्ला के रहने वाला शाहिद कुरैशी था। बताया जाता है कि शाहिद बुलेट पर सवार होकर घर से शहर की ओर जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# छत्तीसगढ़ में बनेगा पहला प्राकृतिक चिकित्सा सेंटर

## दिल्ली से पीएम मोदी ने किया वर्चुअल शिलान्यास जगदलपुर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन टला



रायपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ में 290 करोड़ के प्रोजेक्ट की शुरुआत की। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) नई दिल्ली से छत्तीसगढ़ में वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए। बिलासपुर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स का लोकार्पण और केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास किया। जगदलपुर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन टल गया है। देश में लगभग 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित कई परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास पीएम किया। 200 करोड़ रुपए की लागत से तैयार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स, 240 बिस्तरों की सुविधा के साथ शुरू किया जा रहा है। अस्पताल को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह अस्पताल तीन चरणों में शुरू होगा। पहले चरण में ओपीडी, दूसरे चरण में वार्ड और आईसीसीयू, डायलिसिस यूनिट और तीसरे चरण में कैथ लैब, ओटी, हार्ट और लंग की मशीनें शुरू होंगी और चौथे चरण में अस्पताल पूरी तरह तैयार होगा। बिलासपुर में इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के शुरू हो जाने से सरगुजा और बिलासपुर संभाग के मरीजों को रायपुर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उन्हें पास में ही इलाज की बेहतर सुविधा मिलेगी। नरेन्द्र मोदी वर्चुअल कार्यक्रम में रायपुर में 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईवाईएन) का शिलान्यास किया।

इस बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने बताया है कि 90 करोड़ रुपए की लागत से इसे बनाया जाएगा। इस संस्थान के लिए 10 एकड़ जमीन आयुष विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। यह छत्तीसगढ़ का पहला योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और अस्पताल होगा।

# हेमंत के मंत्री इरफान अंसारी पर भड़कीं कांग्रेस नेता अलका लंबा

## कानूनी कार्रवाई की मांग

रांची, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने sअपने ही पार्टी के नेता और झारखंड सरकार में मंत्री इरफान अंसारी की कड़ी निंदा की है। लांबा ने अंसारी पर बीजेपी नेता सीता सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लांबा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर कांग्रेस सरकार में सख्त कानून बनाए गए हैं और अपराध को अपराध की नजर से ही देखा जाना चाहिए। दरअसल, पूरा मामला जामताड़ा विधानसभा सीट से जुड़ा है, जहां से सीता सोरेन बीजेपी की उम्मीदवार हैं। अंसारी भी इसी सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। गुरुवार को नामांकन दाखिल करने के बाद से ही अंसारी ने कथित तौर पर सोरेन के बारे में अपमानजनक बयान देना शुरू कर दिया था।

# जिनको दिखाई देता था, उनका भी कर दिया ऑपरेशन

## रायपुर में बेटा बोला- डॉक्टर्स भी नहीं बता पा रहे मां देख पाएगी या नहीं

रायपुर/दंतेवाड़ा, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेरी मां को गांव की मितानिन अपने साथ लेकर गई। हम घर वालों को कुछ नहीं बताया गया। आंखों की सर्जरी करवाकर मां को घर में छोड़ गए। दो दिन बाद मां की तबीयत बिगड़ गई। आंखों में इन्फेक्शन के कारण दिखाई देना बंद हो गया। कमाने वाला अपने परिवार में अकेला मैं ही हूं, त्योहार सिर पर है हम यहां पड़े हैं। ये बातें दंतेवाड़ा जिले के बींजाम गांव के अजय ने कही है। दंतेवाड़ा की 59 साल की सुको बाई की आंखों का जबरन ऑपरेशन कर दिया गया। उनके बेटे अजय ने बताया कि सहमति छोड़िए ऑपरेशन की खबर तक नहीं दी गई। इन्फेक्शन के दर्द से मां की आंखें सूज गई हैं। अंबेडकर अस्पताल के नेत्र विभाग के आइसोलेटेड वार्ड में हैं। सुको बाई के अलावा ऐसे ही 12 मरीज यहां हैं। अजय ने बताया कि उसकी मां सुको बाई ने घर में कभी किसी को नहीं बताया कि उसे देखने में कोई परेशानी हो रही है। कभी-कभी आंख में कुछ



चला जाता था और दर्द होता था, बस इतना ही, लेकिन घर में मेरे भाई और भाभी भी रहते हैं। गांव की मितानिन ने मेरी मां को अस्पताल ले जाकर बिना किसी को बताए उसका ऑपरेशन करवा दिया। अब हम परेशान हैं। कम से कम उसे हमें बताना तो चाहिए था। वहीं दंतेवाड़ा जिले के बींजाम की रहने वाली 65 साल की हिरदई का भी मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन के बाद इनके आंखों में सूजन आ गई है। आंख से अब कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। आनन-फानन में परिजन इन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जिसके बाद इन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया है।

हालांकि रायपुर रेफर करने से पहले हिरदई ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर को मितानिन मुझे अस्पताल लेकर आई थी। यहां लाने से पहले मुझे बताया नहीं गया था कि आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। मेरे साथ मेरे परिवार के कोई भी सदस्य नहीं थे। जब अस्पताल लाया गया तो दोपहर के वक्त मुझे ऑपरेशन थियेटर में लेकर गए, जिसके बाद ऑपरेशन किया गया। दूसरे दिन डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया था। जब घर गई तो आंखों में दर्द होना शुरू हुआ। कुछ दिन के बाद सूजन आ गई। आंख पूरी तरह से बंद हो गई और दिखना बंद हो गया, जिसके बाद बेटे ने अस्पताल के डॉक्टरों से संपर्क किया। फिर मुझे अस्पताल लाया गया है। हिरदई ने बताया कि ऑपरेशन से पहले उन्हें दिखाई देता था, लेकिन ऑपरेशन के बाद से उन्हें एक आंख से दिखना बंद हो गया है। हिरदई के बेटे पतिराम नाग ने कहा कि, ऑपरेशन से पहले मेरी मां बिल्कुल ठीक थी। ऑपरेशन के बाद अब इन्हें दिखाई नहीं दे रहा है। गांव की मितानिन इन्हें अस्पताल लेकर आईं थी, जिसकी जानकारी हमें भी नहीं थी। अब रायपुर के अस्पताल लेकर जा रहे हैं। डॉक्टरों से लापरवाही हुई है, जिसका खामियाजा अब हमें उठाना पड़ रहा है।

# देवेंद्र-यादव से जेल में मिली राहुल गांधी की टीम

## छत्तीसगढ़ के नेताओं को खबर नहीं, बायजू-प्रतिष्ठा को लेने एयरपोर्ट भी विधायक की टीम गई

रायपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा केस में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव बीते 2 महीने से रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद हैं। इसी बीच सोमवार को राहुल गांधी की टीम सीक्रेट तरीके से देवेंद्र से मिलने रायपुर जेल पहुंची। इस बात की छत्तीसगढ़ कांग्रेस को खबर नहीं है। जेल सूत्रों के अनुसार रजिस्टर से उनके नाम की एंट्री मिली है।

बताया जा रहा है कि राहुल गांधी के करीबी केबी बायजू और डॉ. प्रतिष्ठा सिंह को लेने भी देवेंद्र की ही टीम एयरपोर्ट पहुंची थी। वह सुबह 10 बजे दिल्ली से रायपुर पहुंचे थे। जेल में देवेंद्र से उनकी पत्नी, केबी बायजू और प्रतिष्ठा सिंह की काफी देर तक मुलाकात हुई। इस मुलाकात के कारण यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी मुलाकात के लिए डेढ़ घंटे इंतजार करना पड़ा।



राहुल गांधी के चीफ ऑफ स्टाफ केबी बायजू और प्रतिष्ठा सिंह के इस मुलाकात की जानकारी प्रदेश के किसी नेता को नहीं दी गई है। ये मुलाकात और इन दोनों का दौरा बेहद गोपनीय रखा गया। प्रदेश कांग्रेस को भी इसकी जानकारी नहीं मिली।

केबी बायजू पूर्व एसपीजी अधिकारी हैं। उन्होंने 2010 में अपनी नौकरी छोड़ दी और राहुल गांधी की टीम में शामिल हो गए। बायजू राहुल गांधी की पूरी लॉजिस्टिक्स और यात्रा की देखभाल करते हैं। साथ ही वह राहुल गांधी के लिए यात्रा की प्लानिंग करते हैं। वहीं प्रतिष्ठा सिंह भी इसी टीम में है।

मंगलवार को ही यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी देवेंद्र से मिले, वो पहले सुबह 10 बजे ही सेन्ट्रल जेल जाने वाले थे, लेकिन दोनों नेताओं के अचानक दौरे और मुलाकात के कारण वह डेढ़ घंटे तक इंतजार करते रहे, जिसके बाद दोपहर 1.00 बजे उदय भानु जेल पहुंचे और देवेंद्र से मुलाकात की।

देवेंद्र यादव की 17 अगस्त को भिलाई से गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद से लगातार न्यायिक रिमांड बढ़ रही है। वे रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस का तर्क है कि, विधायक का मोबाइल जमा नहीं होने के चलते केस के प्रोग्रेस में देरी हो रही है, जिस पर देवेंद्र के वकील ने कहा कि, मोबाइल जमा कर दिया गया था। डीवीआर कॉपी करने के बाद पुलिस ने वापस लौटाया।

विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी बलौदाबाजार हिंसा मामले में हुई है। उन पर हिंसा भड़काने का आरोप है। इस मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने 4 बार नोटिस जारी किया, लेकिन विधायक ने बयान देने जाने से मना कर दिया था।

# हजारीबाग के पूर्व रामनवमी अध्यक्ष मंजीत यादव की हत्या

## घर के सामने अपराधियों ने मारी गोली, अस्पताल जाने से पहले हुई मौत

हजारीबाग, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। हजारीबाग के पूर्व रामनवमी अध्यक्ष मंजीत यादव को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना मंगलवार की सुबह करीब 9 से 10 बजे की बीच हुई। प्राप्त सूचना के मुताबिक मंजीत यादव खिरगांव स्थित अपने घर के पास थे। इसी बीच कुछ लोग बाइक से आए और अंधाधुंध फायर कर दिया। घर के लोग कुछ समझ पाते तब तक सभी अपराधी फरार हो गए। घर के सदस्य दौड़कर बाहर आए और हो हल्ला किया। इसके बाद सभी लोग डिस्ट्रिक मोड़ स्थित आरोग्यम अस्पताल लाया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार सहित पुलिस प्रशासन अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना क्रम की जानकारी ली।

# आईएएस विनय चौबे समेत कई के ठिकानों पर छापेमारी

## छत्तीसगढ़ के सिंडिकेट को फायदा पहुंचाने के लिए शराब बेचने का बदला नियम

रांची, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव बीच ईडी ने रांची में एक बार फिर दबिश डाली है। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार सुबह को झारखंड के सीनियर आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह समेत अन्य करीबी रिश्तेदार और संबंधित अधिकारियों के सीए के ठिकानों पर छापेमारी की है। बताया जाता है कि ये कार्रवाई शराब घोटाले मामले में की गयी है। ईडी की छापेमारी किन-किन लोकेशन पर हो रही है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने पहले ही इस मामले में उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। रांची के विकास कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया था। जिसके बाद



रायपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई। आवेदन में बताया गया था कि शराब घोटाले की पूरी साजिश रायपुर में रची गयी आबकारी नीति में फेरबदल कराया। इससे पहले भी शराब घोटाला मामले में ईडी कार्रवाई कर चुकी है। बीते साल 23 अगस्त को ईडी ने रांची, देवघर, दुमका, कोलकाता के 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दायरे में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, उनके बेटे रोहित उरांव, शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी और इनसे जुड़े 32 के यहां ईडी की टीम पहुंची थी।

इस मामले में रेड के बाद योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया था। उनके खिलाफ ईडी ने आरोप पत्र भी दायर किया था। जिसमें उन्होंने बालू और जमीन कारोबार की कमाई को शराब के कारोबार में लगाने की बात कही थी। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के तार झारखंड से भी जुड़ गया हैं। छत्तीसगढ़ एसीबी की ओर से दर्ज एफआईआर में झारखंड के तात्कालीन उत्पाद सचिव आईएएस विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को आरोपी बनाया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में शराब के जरिए खूब कमाई करने वाले सिंडिकेट से जुड़े आईएएस अनिल टुनेजा, अनवर ढबेर ने जनवरी 2022 में चौबे से मिलकर झारखंड में शराब बिक्री का नियम बनवाया। कंसल्टेंट अरुणपति त्रिपाठी को बनाया गया, जो छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन के एमडी थे। त्रिपाठी को करीब सवा करोड़ रुपए भुगतान किया गया।

# भाजपा सत्ता में आई तो वापस मिलेगी आदिवासियों की जमीन

रांची, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड में 81 विधानसभा सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते राज्यभर की राजनीति में गर्माहट है। इसी बीच झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सोमवार को कहा कि आदिवासियों को बांग्लादेशी घुसपैठियों की साजिश से बचाना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो आदिवासियों की कथित तौर पर हड़पी गई जमीन उनको वापस लौटा दी जाएगी। बता दें कि अगस्त में झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सोरेन सरायकेला विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। चुनाव से पहले जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि सिदो-कान्हो, चांद-वैराभ, फूलो-झानो और बाबा तिलका मांझी जैसे महापुरुषों ने हमारी जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और शहीद हो गए। अब घुसपैठिए उस जमीन को हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा चुनाव में सत्ता में आती है तो पारंपरिक सामुदायिक संगठनों के प्रमुखों की बैठक बुलाई जाएगी और अवैध रूप से हड़पी गई आदिवासी जमीनों को असली मालिकों को लौटाया जाएगा। बता दें कि झारखंड चुनाव में भाजपा के प्रमुख मुद्दे बांग्लादेशियों की कथित घुसपैठ, स्थानीय आदिवासी महिलाओं से उनकी शादी और आदिवासियों की जमीन हड़पना हैं।

सोरेन ने दावा किया कि बांग्लादेशियों की घुसपैठ के कारण कई गांवों में आदिवासियों का अस्तित्व मिट चुका है और आदिवासी महिलाओं की गरिमा खतरे में है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों ने आदिवासियों के धार्मिक स्थलों पर भी कब्जा कर लिया है।

# झांगुर गुट का उग्रवादी गिरफ्तार

## पुलिस जवान की कर दी थी हत्या, जिस पिस्टल से मारी थी गोली वह भी बरामद

गुमला, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। साहेबगंज जिला पुलिस के जवान व विशुनपुर थाना क्षेत्र के टीटीही गांव के निवासी अभिषेक उरांव की 29 जुलाई को गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने झांगुर गुट के सक्रिय सदस्य अरविंद उरांव उर्फ झुंनझुन को गिरफ्तार कर ली है। साथ ही पुलिस ने उसके पास से एक 9 एमएम का पिस्टल मैगजीन में लोड पांच गोली समेत एक देशी कट्टा व दो खाली मैगजीन बरामद किया है। बरामद दोनो हथियार से ही जवान अभिषेक को गोली मारी गई थी। यह खुलासा अरविंद की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। इस मामले में अरविंद को लेकर अब तक चार गिरफ्तारी हो चुकी है। बिशुनपुर के थाना प्रभारी को सूचना मिली की झांगुर गुट के सक्रिय सदस्य अरविंद उरांव उर्फ झुनझुन उरांव लेवी मांगने एवं दशहत फैलाने के लिए हथियार के साथ तेन्दार नवाटोली, भवरागानी, देवरागानी के अगल बगल के क्षेत्र में घुम रहा है। जिसके बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल देवरागनी स्थित गांव के तालाब के पास जैसे ही पहुंची पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। भागने के क्रम में उसे खदेड़ कर पकड़ा गया।

पकड़ाए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर वह अपना नाम अरविन्द उरांव बताया। उसकी तलाशी के क्रम में काला रंग का 9 एमएम का पिस्टल मैगजीन में लोड 5 गोली के साथ पिस्टल का दो खाली मैगजीन बरामद किया गया।

# बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले तीन अरेस्ट

गिरिडीह, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। गिरिडीह के देवरी पुलिस ने जलखरियोडीह में मां डिजिटल स्टूडियो एवं वस्त्रालय सह श्रृंगार स्टोर में हुए लूटपाट मामले का उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके पास से लूट के जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त एक बाइक को भी बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि हिरोडीह थाना पुलिस ने बीते दिनों एक बाइक चोर सरगना को पकड़ा था। पकड़े गए आरोपियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुलसी कुमार दास से हिरोडीह पुलिस के द्वारा हुई पूछताछ में जलखरियोडीह में हुई लूट का सुराग मिला। इसके बाद गावां अंचल के इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर लूट की घटना में शामिल तीन अपराधी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पपरवाटांड़ के राजू कुमार दास, कोगड़ी गांव के राजेश दास उर्फ नेपाली एवं जमुआ थाना क्षेत्र के कुरुमटांड़ गांव के छोटू सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

# इजराइल ने गाजा में यूएन रिलीफ एजेंसी को बैन किया

## कहा– कर्मचारी हमास से मिले थे, फिलिस्तीनी शरणार्थियों के सामने खाने और दवाओं का संकट

तेल अवीव, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइली संसद (नेसेट) में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) पर प्रतिबंध लगाने के लिए वोटिंग हुई। इस कानून में एजेंसी को इजराइली धरती पर काम करने से रोकने का प्रावधान है। बीबीसी के मुताबिक यह कानून 92-10 से पारित हुआ। कानून के मुताबिक गाजा, वेस्ट बैंक और इजराइल के बाकी इलाकों में लोगों की मदद कर रही यूनाइटेड नेशंस रिलीफ एंड वर्क एजेंसी फॉर पैलेस्टाइन रिफ्यूजीज (यूएनआरडब्ल्यूए) को 3 महीने के भीतर काम रोकना होगा।




यूएनआरडब्ल्यूए इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक समेत गाजा में लाखों फिलिस्तीनी शरणार्थियों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य बुनियादी चीजें मुहैया कराती है। यह एजेंसी गाजा और वेस्ट बैंक में 25 लाख लोगों की मदद कर रही है। इस कानून के पारित होने से गाजा में मानवीय संकट बढ़ने की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि यहां पहले से ही खाना, पानी और दवाओं की कमी है। वहीं, इजराइल का कहना है कि यूएनआरडब्ल्यूए इजराइल के साथ मिले हुए हैं। नेसेट में सोमवार को एक और बिल पर वोटिंग हुई। इसमें यूएनआरडब्ल्यूए को आतंकी संस्था घोषित किया गया और इजराइली अधिकारियों को संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था के साथ किसी भी तरह के संपर्क रखने पर प्रतिबंध लगाया गया। यह कानून 87-9 से पारित हुआ।

पहले यूएनआरडब्ल्यूए फिलिस्तीन से पलायन कर दूसरे देशों में जा बसे लोगों की मदद करती थी। साल 1967 में इजराइल और संयुक्त राष्ट्र के बीच संधि हुई। इसमें यूएनआरडब्ल्यूए को इजराइली कब्जे वाले इलाके में फिलिस्तीनी शरणार्थियों की मदद करने की भी इजाजत मिली थी। इजराइल की संसद में हुई वोटिंग से यह संधि अब रद्द हो गई है।

इजराइल का आरोप है कि यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारी हमास के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और एजेंसी के 19 कर्मचारियों ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमले में हिस्सा लिया। इजराइल ने कहा कि यूएनआरडब्ल्यूए के सैकड़ों कर्मचारियों के हमास से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। इजराइल के आरोपों के बाद संयुक्त राष्ट्र ने जांच शुरू की थी। अगस्त में यूएनआरडब्ल्यूए के 9 स्टाफ को नौकरी से निकाल दिया था। इसके बाद अमेरिका और यूरोपीय संघ ने कुछ समय के लिए यूएनआरडब्ल्यूए की फंडिंग रोक दी थी। हालांकि, यूएनआरडब्ल्यूए ने जानबूझकर हमास की मदद करने से इनकार किया था। कानून बनने के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में अभी और बाद में भी मानवीय सहायता मिलती रहेगी, लेकिन इजराइल में आतंकी घटनाओं में शामिल यूएनआरडब्ल्यूए कार्यकर्ताओं को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून के प्रभावी होने में अभी 90 दिन हैं। उसके बाद भी हम गाजा में मानवीय मदद मुहैया कराने के लिए काम करेंगे। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के नेता बोज स्मिथ ने कहा कि जो कोई भी आतंकी की तरह बर्ताव करता है उसे इजराइल में रहने का कोई हक नहीं है। यूएनआरडब्ल्यूए का मतलब हमास ही है।

# नासा एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने स्पेश स्टेशन से भेजा संदेश

## सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर के साथ जून से ही आईएसएस पर है

वॉशिंगटन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। दीपावली के जश्न में शामिल भारत समेत दुनिया भर के लोगों के लिए अंतरिक्ष से बधाई संदेश आया है। नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं भेजी हैं। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से शेयर किए एक वीडियो संदेश में सुनीता विलियम्स ने बधाई देते कहा कि इस साल उन्हें धरती से 260 मील (418 किमी) ऊपर दीपावली मनाने का अनूठा मौका मिला है।




सुनीता विलियम्स ने भेजा संदेश सुनीता विलियम्य ने कहा, 'आईएसएस से शुभकामनाएं। मैं वॉइट हाउस और दुनिया भर में आज दिवाली मना रहे सभी लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहती हूं।' इस मौके पर भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्रा ने अपने पिता को याद किया और बताया कि कैसे उनके पिता ने उन्हें और उनके परिवार को दिवाली और दूसरे भारतीय त्योहारों के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखा। उन्होंने आगे कहा, 'इस साल मुझे पृथ्वी के करीब 260 मील ऊपर आईएसएस पर दिवाली मनाने का अनूठा अवसर मिला है। मेरे पिता ने हमें दिवाली और अन्य भारतीय त्योहारों के बारे में सिखाकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों को बनाए रखा और साझा किया।' विलियम्स ने दिवाली को खुशी का मौका बताया, क्योंकि इस समय दुनिया में अच्छाई कायम रहती है।

सुनीता विलियम्स का बधाई संदेश ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो बाइडन ने सोमवार को वॉइट हाउस में दिवाली समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों, अधिकारियों और कॉर्पोरेट समेत 600 से अधिक सम्मानित भारतीय अमेरिकियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सुनीता विलियम्स के संदेश को भी प्रसारित किया गया। उन्होंने दिवाली सेलीब्रेशन के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रति कमला हैरिस का शुक्रिया अदा किया। विलियम्स ने कहा, 'दिवाली खुशी का मौका है, क्योंकि यह दिन दुनिया में अच्छाई की जीत का है। आज हमारे समुदाय के साथ दिवाली मनाने और हमारे समुदाय के अनेकों योगदानों को मान्यता देने के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का धन्यवाद।'

इस मौके पर जो बाइडन ने कहा, 'राष्ट्रपति के रूप में, मुझे व्हाइट हाउस में अब तक के सबसे बड़े दिवाली रिसेप्शन की मेजबानी करने का सम्मान मिला है। मेरे लिए इसका बहुत महत्व है। सीनेटर, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति के रूप में दक्षिण एशियाई अमेरिकी मेरे स्टाफ के प्रमुख सदस्य रहे हैं।' भारतीय मूल की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का जिक्र करते हुए बाइडन ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैंने एक ऐसा प्रशासन रखा है, जिसमें अमेरिका की झलक दिखती है।

सुनीता विलियम्स अपने साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर के साथ जून से ही आईएसएस पर है। दोनों ने 5 जून को बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के साथ उड़ान भरी थी।

स्टारलाइनर 6 जून को पहुंचा था और इसे एक सप्ताह बाद दोनों के साथ वापस लौटना था। लेकिन स्पेसशिप में हीलियम लीक और थ्रस्टर लीक के बाद इसे चालक दल के बिना पृथ्वी पर लाने का फैसला किया गया। 6 सितम्बर को यह सफलतापूर्वक वापस लौटा। नासा ने कहा था कि विल्मोर और विलियम्स को वापस लाना जोखिम भरा था। दोनों अंतरिक्ष यात्री पर अगले साल फरवरी में वापस आएंगे।

# चीन के पास हो जाएंगे 1000 परमाणु बम

## ड्रैगन दिन-रात बना रहा महाविनाशक न्यूक्लियर वेपन, अमेरिकी रिपोर्ट ने डराया

बीजिंग, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन तेजी से अपने परमाणु हथियारों को बढ़ा रहा है और अगले छह साल में इनकी संख्या एक हजार को पार कर जाएगी। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। अमेरिकी एजेंसी की 'परमाणु चुनौतियांः रणनीतिक प्रतिस्पर्धियों और क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों की बढ़ती क्षमताएं' शीर्षक से आई इस रिपोर्ट कहा गया है कि चीन नई परमाणु क्षमताओं की पूरी सीरीज विकसित कर रहा है। इसमें परमाणु मिसाइल साइलो का सबसे बड़ा निर्माण भी शामिल है। द वीक की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन अपनी रणनीतिक महत्वाकांक्षाएं और सुरक्षा हित के लिए परमाणु हथियारों का आधुनिकीकरण कर रहा हैं। चीन जिन हथियारों पर काम कर रहा है, उनमें न्यूक्लियर मिसाइलों पर खास ध्यान है। इसमें ग्राउंडमोबाइल, पनडुब्बी-प्रक्षेपित हथियारः परमाणु-सक्षम हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन (एचजीवी) क्षमताएं शामिल हैं।

रिपोर्ट कहती है कि चीन तेजी से अपने परमाणु हथियार भंडार का विस्तार कर रहा है। ये अगले दशक में यथास्थिति को अस्थिर करने की क्षमता रखता है क्योंकि यह नई प्रणालियों के उपयोग के लिए अवधारणाओं को विकसित करता है। अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुसार, चीन का अनुमानित परमाणु हथियार भंडार 2030 तकदोगुना होने की उम्मीद है। बीजिंग के परमाणु भंडार में फिलहाल 500 से ज्यादा परिचालन परमाणु हथियार हैं।

रिपोर्ट में अनुमान जाहिर किया गया है कि 2030 तक चीन के पास 1,000 से अधिक परिचालन परमाणु हथियार होंगे, जिनमें से अधिकांश महाद्वीपीय अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम प्रणालियों पर तैनात किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन अपने शस्त्रागार में आईसीबीएम-रेंज परमाणु-सशस्त्र एचजीवी सहित पूरी तरह से नई परमाणु क्षमताओं को पेश करने के लिए भी काम कर रहा है, जिनमें से कुछ को निकट भविष्य में मैदान में उतारा जाएगा, अगर पहले से ही मैदान में नहीं उतारा गया है। स्वीडिश थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी सिपरी की इस साल जून में आई रिपोर्ट में चीन के पास 500 न्यूक्लियर वॉरहेड होने की बात कही गई थी। जनवरी 2023 में चीन के पास 410 न्यूक्लियर वॉरहेड का जखीरा था लेकिन एक साल यानी जनवरी 2024 तक इनकी संख्या 500 हो गई।

रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल लगातार अपने परमाणु हथियार भंडारों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं।

# अमेरिका चुनाव से पहले 2 जगह बैलेट बॉक्स फूंके

## 75% लोगों को हिंसा का डर, 2020 में ट्रम्प समर्थकों ने संसद पर अटैक किया था

वाशिंगटन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका में चुनाव से ठीक 7 दिन पहले दो जगहों पर बैलेट बॉक्स में आग लगने की घटना सामने आई है। पहला मामला वॉशिंगटन के वैंकूवर का है जहां बैलेट बॉक्स में आग लग गई। इसमें जमा हुए सैकडों बैलेट पेपर जलकर राख हो गए। बैलेट बॉक्स के जलने की दूसरी घटना ओरेगन के पोर्टलैंड में हुई। आग कैसे लगी फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है।

चुनाव अधिकारी सीसीटीवी फुटेज जरिए आग लगाने वालों का पता लगाने की कोशिश में जुटे हैं। सीएनएन के मुताबिक पोर्टलैंड में सोमवार सुबह 3:30 बजे एक बैलट बॉक्स में आग लग गई थी। हालांकि ज्यादातर मतपत्रों को जलने से बचा लिया। सिर्फ तीन बैलेट पेपर जल गए। चुनाव अधिकारी टिम स्कॉट ने कहा कि जिन मतदाताओं के बैलेट पेपर जले हैं उनसे संपर्क कर उन्हें नए मतपत्र दिए जाएंगे। वहीं, वैंकूवर में जले बैलेट बॉक्स में सैकड़ों मतपत्र जल गए हैं। वैंकूवर में चुनाव निदेशालय की प्रवक्ता लौरा शेपर्ड ने शनिवार 11 बजे के बाद इस बॉक्स में मतपत्र डालने वाले सभी लोगों से अपने मतपत्र को वेरिफाई करने का अनुरोध किया है। ये घटनाएं एफबीआई और होमलैंड सिक्योरिटी की चेतावनी के बाद हुई हैं। एजेंसियों ने चेताया था कि चरमपंथी चुनाव के दौरान हिंसा भड़का सकते हैं।

हाल ही में इसी तरह की अन्य घटनाएं भी सामने आई हैं। एरिजोना के फीनिक्स में एक पोस्ट ऑफिस के बाहर एक मेलबॉक्स में आग लग गई थी।

# अमेरिका के 7 सबसे अहम राज्यों में पिछड़ीं कमला हैरिस

## चुनाव में बस 7 दिन बाकी, ट्रम्प विरोधी वोटरों को साध रहीं

वॉशिंगटन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। वॉशिंगटन डीसी के डेमोक्रेटिक फंड रेजर रमेश कपूर को 2016 का बोस्टन इवेंट याद है। तब उन्होंने कमला हैरिस को कहा था कि वे एक दिन राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगी। तब जवाब में कमला बस मुस्कुराई थीं। आज कमला राष्ट्रपति पद की दावेदारी कर रही हैं। कपूर कहते हैं कि बाइडेन के रेस से बाहर होने के बाद जुलाई में कमला डेमोक्रेटिक स्टार के जैसे उतरीं। उन्होंने तब ट्रम्प की बढ़त को लगभग खत्म कर दिया था, लेकिन बाद के महीनों में कमला रेस में पिछड़ गईं। नेशनल कॉलेज में इस चुनावी चर्चा में एलेक्स भी शामिल हो गए। वे बताते हैं कि कमला अब रणनीति में बदलाव कर रही हैं। यह गेमचेंजर भी साबित हो सकता है। कमला रिपब्लिकन पार्टी में डोनाल्ड ट्रम्प के विरोधियों को साधने में जुटी हैं। रिपब्लिकन पार्टी



के ताजा सर्वे के मुताबिक 27% रजिस्टर्ड वोटर ट्रम्प के विरोधी हैं। उन्हें पार्टी से नहीं ट्रम्प से नाराजगी है। कमला इसके लिए ट्रम्प के व्यक्तित्व को टारगेट कर रही हैं। वॉशिंगटन डीसी में फेडरल डिपार्टमेंट पॉलिसी रिसर्चर रहे डेनियल ब्रुक का कहना है कि कमला की शुरुआती बढ़त का सबसे बड़ा कारण बाइडेन के मैदान से हटने के बाद लोगों में छाया उत्साह था। डेमोक्रेटिक पार्टी ही नहीं न्यूट्रल वोटरों का भी मानना था कि अब चुनाव में ताजगी आएगी। कमला के लिए रिकॉर्ड फंड रेजिंग हुई। पोल-सर्वे में भी वे ट्रम्प से आगे हो गईं, लेकिन इस बीच कुछ घटनाएं ऐसी हुईं कि ट्रम्प को फायदा मिलने लगा। इनमें ट्रम्प पर जुबानी हमला भी शामिल है। अब कमला के पिछड़ने के कारण भी बाइडेन ही जिम्मेदार हैं। बाइडेन की प्रवासियों को लेकर नीतियां और रोजगार के मुद्दे पर ठोस कार्रवाई नहीं करना कमला के लिए भारी पड़ रहा है।

# मेक्सिको के जंगल में मिला प्राचीन माया सभ्यता का खोया शहर

## घर और मंदिरों के 6,674 ढांचे देखकर एक्सपर्ट भी हैरान

न्यू मेक्सिको, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेक्सिको में युकाटन प्रायद्वीप पर 1,500 साल पुराने माया सभ्यता के एक विशाल शहर का पता लगाया गया है। ये खोज खास तरह के लेजर सर्वे (लिडर तकनीक) के जरिए की गई है। लाइव साइंस ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि जर्नल एंटिक्विटी ने मंगलवार को इस नई रिसर्च को पब्लिश किया है। रिसर्च कहती है कि खोजे गए शहर में 6,674 स्ट्रक्चर हैं। इनमें चिचेन इट्जा और टिकाल जैसे पिरामिड शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने 1,500 साल पुरानी साइट में अपनी खोज के लिए लिडार मैप्स का इस्तेमाल किया, जो जमीन पर लेजर पल्स शूट करके बनाए जाते हैं।

लिडार तकनीक के आने के बाद से प्राचीन बस्तियों के अवशेषों की खोज में बहुत तेज वृद्धि हुई है। हालांकि यह एक तकनीक महंगी है। एरिजोना विश्वविद्यालय के पुरातत्वविद् और अध्ययन के पहले लेखक ल्यूक औल्ड-थॉमस का कहना कि उनके जैसे शुरुआती करियर वाले वैज्ञानिकों के लिए ये तकनीक सुलभ नहीं थी। थॉमस ने कहा कि इस क्षेत्र का लिडार सर्वेक्षण पहले से मौजूद होना काफी काम आया। थॉमस ने पहले से कमीशन किए गए लिडार अध्ययनों को खंगालकर मेक्सिको के जंगलों में कार्बन को मापने और निगरानी करने के लिए बनाए गए सर्वेक्षण का पता लगाया। उन्होंने मेक्सिको के पूर्व-मध्य कैम्पेचे में 50 वर्ग मील का विश्लेषण किया, जहां पहले कभी माया संरचनाओं की खोज नहीं की गई।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने व्हाइट हाउस में दिवाली मनाई

## 21 साल पहले जॉर्ज बुश ने की थी शुरुआत

वॉशिंगटन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार रात को व्हाइट हाउस में दिवाली मनाई। इसमें 600 से ज्यादा भारतीय-अमेरिकी शामिल हुए। बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी सांसदों, अधिकारियों और बिजनेस से जुड़ी हस्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्हाइट हाउस में अब तक के सबसे बड़े दिवाली कार्यक्रम की मेजबानी करना उनके लिए सम्मान की बात है। बाइडेन ने कहा कि राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और सीनेटर रहने के दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी लोगों के साथ काम किया है। बाइडेन ने कहा कि दक्षिण-एशियाई अमेरिकी समुदाय ने अमेरिकी जीवन के हर हिस्से को समृद्ध किया है। यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला समुदाय है। अब दिवाली



व्हाइट हाउस में गर्व से मनाई जाती है।

हालांकि, इस बार दिवाली समारोह में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन शामिल नहीं हो सकीं। बाइडेन ने कहा कि जिल और कमला यहां आना चाहती थीं, लेकिन वे कैंपेन में व्यस्त हैं। इस साल मुझे अंतरिक्ष स्टेशन पर पृथ्वी से 400 किमी ऊपर दिवाली मनाने का अनोखा अवसर मिला है। मेरे पिता ने हमें दिवाली और अन्य भारतीय त्योहारों के बारे में हमेशा सिखाया और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखा। दिवाली खुशी का पल है, क्योंकि दुनिया में अच्छाई कायम है। एएनआई के मुताबिक अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज बुश के कार्यकाल में सबसे पहले 2003 में व्हाइट हाउस में दिवाली मनाने की परंपरा शुरू हुई। हालांकि, वह कभी निजी तौर पर इसमें शामिल नहीं हुए। साल 2009 में बराक ओबामा ने राष्ट्रपति बनने पर व्हाइट हाउस में निजी तौर पर दिवाली मनाई।

# हिजबुल्लाह ने नईम कासिम को बनाया नया चीफ

## नसरल्लाह की मौत के 32 दिन बाद फैसला, दावा– ये ईरान में रह रहा

यरूशलम, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइली हमले में हसन नसरल्लाह की मौत के 32 दिन बाद हिजबुल्लाह ने नए चीफ की घोषणा की है। डिप्टी लीडर नईम कासिम को मंगलवार को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। हिजबुल्लाह की तरफ से जारी किए बयान में कहा गया है कि कासिम को इस पद के लिए चुना है, क्योंकि उन्होंने संगठन के उसूलों का हमेशा पालन किया है। अल्लाह उन्हें अपने मिशन में कामयाब होने का रास्ता दिखाए। कासिम संगठन में अब तक नंबर 2 की पोजिशन पर था। नसरल्लाह की मौत के बाद कासिम ने ही लेबनान की जनता को संबोधित किया था। यूएई के मीडिया हाउस इरेम न्यूज के मुताबिक वह ईरान में रह रहा है। कासिम ने 5 अक्टूबर को बेरूत छोड़ दिया था। उसे ईरान के विदेश मंत्री के विमान से ले जाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के



मुताबिक ईरान के नेताओं ने इजराइल के डर से कासिम को निकालने का आदेश दिया था।

हिजबुल्लाह चीफ बनने की रेस में नईम से पहले हाशेम सैफिद्दीन का नाम आगे चल रहा था, जो नसरल्लाह का ममेरा भाई था। हालांकि, इजराइली एयरस्ट्राइक में उसे भी मार डाला गया। उसकी मौत की पुष्टि खुद इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने की थी।

कासिम का जन्म 1953 में लेबनान के कफार किला गांव में हुआ था। 1970 के दशक में कासिम, लेबनान में शियाओं के अमल आंदोलन का हिस्सा बना था। अमल का काम शियाओं के अधिकारों को लेकर लड़ना था। बाद में 1980 के दशक की शुरुआत में कासिम हिजबुल्लाह के आंदोलन के साथ जुड़ा और संगठन की स्थापना करने वाले संस्थापक सदस्यों में शामिल रहा।

कासिम दशकों से बेरूत में धार्मिक शिक्षा देता आ रहा है। कासिम 1991 में हिजबुल्लाह का डिप्टी सेक्रटरी जनरल बना था। वो हिजबुल्ला की सूरा काउंसिल का सदस्य भी है।

# नेपाल ने चीनी कंपनी को दिया विवादित नक्शे वाले नोट छापने का ठेका

## 3 करोड़ कॉपी प्रिंट होंगी भारत से बढ़ेगा तनाव?

काठमांडू, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने चीनी कंपनी को 100 रुपए के नोट छापने का काम सौंपा है। एनआरबी ने चीनी कंपनी के साथ 30 करोड़ नोट छापने का कॉन्ट्रैक्ट किया है। नेपाली बैंक के ये वही नोट हैं, जिन पर देश का जो विवादित नक्शा दिखाया गया है। ये नक्शा लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को नेपाल में दिखाता है, जो लंबे समय से भारत का हिस्सा हैं। इस साल मई में एक नेपाल सरकार ने नए 100 रुपए के बैंक नोटों के नए डिजाइन को मंजूरी दी थी।

# पोलियो लगाने गई टीमों पर आतंकी हमले जारी

## बंधक तक बनाया गया, पुलिस ने मुठभेड़ में तीन को मार गिराया

इस्लामाबाद, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो का टीका लगाने वाली टीम पर हमले जारी हैं। इस हमले के दौरान हुई मुठभेड़ में तीन आतंकियों की मौत हो गई। एक अन्य घटना में इसी क्षेत्र में आतंकियों ने पोलियो टीकाकरण लगाने वाली टीम को बंधक बना लिया। पोलियो टीकाकरण टीम पर यह हमला पाकिस्तान सरकार द्वारा सोमवार को 4.5 करोड़ बच्चों को टीका लगाने के लिए राष्ट्रव्यापी पोलियो अभियान शुरू करने के एक दिन बाद हुआ।

पहली घटना अफगानिस्तान की सीमा से लगे औरकजई आदिवासी जिले में घटी। यहां पोलियो टीका लगाने वालों पर हमले के दौरान



गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में पुलिस ने कम से कम तीन आतंकवादियों को मार गिराया। हालांकि, इस हमले को लेकर अभी तक किसी भी ग्रुप ने दावा नहीं किया है।

दूसरी घटना उत्तरी वजीरिस्तान में घटी, जहां आतंकवादियों ने ममेत कोट डिस्पेंसरी में पोलियो टीका लगाने वालों की पूरी टीम को बंधक बना लिया। आतंकवादियों ने पुलिसकर्मियों के हथियार भी छीन लिए। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार को 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो टीकाकरण के लिए अपना तीसरा राष्ट्रव्यापी पोलियो अभियान शुरू किया। दरअसल, पाकिस्तान के 16 जिलों में पोलियो वायरस पाया गया था। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य देश में पोलियो के प्रसार को रोकना है। इस साल पोलियो के 41 मामले सामने आए हैं। बलूचिस्तान में 21 मामले दर्ज किए गए, जबकि सिद्ध में 12, खैबर पख्तूनख्वा में छह, पंजाब और इस्लामाबाद में एक-एक मामले दर्ज किए गए।

# ब्रिक्स के एक और सदस्य का चीन को झटका!

## भारत के बाद ब्राजील ने बीआरआई प्रोजेक्ट में शामिल होने से मना किया

रियो डी जेनेरियो, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्राजील ने चीन को बड़ा झटका देते हुए उसके महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट बीआरआई (बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव) में शामिल होने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही भारत के बाद ब्राजील ब्रिक्स संगठन का दूसरा देश बन गया है, जिसने चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेष सलाहकार सेल्सो एमोरिम ने कहा कि 'ब्राजील, चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव में शामिल नहीं होगा और इसके बजाय चीनी निवेशकों के साथ सहयोग करने के वैकल्पिक रास्तों की तलाश करेगा।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेल्सो एमोरिम ने कहा कि ब्राजील, चीन के साथ अपने संबंधों को नए स्तर पर ले जाना चाहता है, लेकिन बिना किसी अनुबंध पर हस्ताक्ष किए। ब्राजील का यह एलान चीन की कम्युनिस्ट सरकार के लिए बड़ा झटका है, खासकर तब जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 नवंबर को ब्राजील का आधिकारिक दौरा करने वाले हैं। चीन की कोशिश थी कि जिनपिंग की ब्राजील यात्रा को राजकीय यात्रा का मुख्य आकर्षण बनाया जाए, लेकिन अब ब्राजील ने प्रोजेक्ट से ही बाहर रहकर चीन के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। गौरतलब है कि ब्राजील में ही बीआरआई प्रोजेक्ट के खिलाफ आवाजें उठ रहीं थी। ब्राजील की अर्थव्यवस्था और विदेश मामलों के कई अधिकारियों ने चीन के अरबों डॉलर के बीआरआई प्रोजेक्ट में ब्राजील के शामिल होने का विरोध किया था। अधिकारियों का कहना था कि चीन के इस बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट में शामिल होने से ब्राजील को अल्पअवधि में कोई फायदा नहीं होगा और साथ ही इसके चलते ब्राजील के अमेरिका से भी संबंध खराब हो सकते हैं। बीते दिनों ब्राजीली राष्ट्रपति के विशेष सलाहकार एमोरिम और राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ रुई कोस्टा बीजिंग दौरे पर गए थे, जहां उन्होंने चीनी अधिकारियों के साथ बीआरआई प्रोजेक्ट पर चर्चा की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इस प्रोजेक्ट से असंतुष्ट और अप्रभावित होकर लौटे थे। ब्रिक्स संगठन के सदस्य देश ब्राजील से पहले भारत भी चीन के इस प्रोजेक्ट में शामिल होने से मना कर चुका है। भारत पहला देश था जिसने इस पर आपत्ति जताई थी और बीआरआई का खुलकर विरोध किया था।

बीआरआई प्रोजेक्ट के तहत ही चीन चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का निर्माण कर रहा है। यह प्रोजेक्ट पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजर रहा है, जिस पर भारत ने संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया है।



# सीएम भजनलाल शर्मा ने 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन को दिखाई हरी झण्डी

## कहा-सशक्त भारत में लौह पुरूष का अतुलनीय योगदान



जयपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारतीय रियासतों का एकीकरण कर एक सशक्त भारत का निर्माण किया। उनकी जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन हमें विविधता में एकता के महत्व का संदेश देते हुए उनके अतुलनीय साहस और संकल्प का स्मरण कराती है।

भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अमर जवान ज्योति पर 'रन फॉर यूनिटी -एक भारत, श्रेष्ठ भारत' मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और उपस्थित जन समूह से राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ का वाचन कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जिस तरह सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ शक्ति के बल पर देश को एकता के सूत्र में पिरोया, उससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व को दर्शाने के लिए प्रधानमंत्री ने गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया है। इस मूर्ति के निर्माण के लिए राजस्थान सहित पूरे देश के लोगों ने लोहा देकर अपना योगदान दिया। यह एक मूर्ति नहीं है, बल्कि भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है।

जम्मू कश्मीर से हटाई धारा 370, दिया एकता का अहम संदेश मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस संकल्प के साथ देश को एकजुट किया उसी पथ पर चलते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर 'एक देश, एक विधान और एक निशान' के संकल्प को और मजबूत करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को पूरे जज्बे और जोश के साथ सम्पूर्ण भारत वर्ष में मनायी जाती है। इस वर्ष 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व होने के कारण प्रधानमंत्री ने देशवासियों को इसे 29 अक्टूबर को आयोजित करने का आग्रह किया था। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' फिट इंडिया का संदेश देती है।

इस अवसर पर जयपुर लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू, खेल विभाग के शासन सचिव नीरज के पवन सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान, एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड सहित सभी आयुवर्ग के धावक उपस्थित थे।

## हाईवे पर दुर्घटना 3 की मौत

बालोतरा, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। जोधपुर-बाड़मेर नेशनल हाईवे-115 पर खड़ी प्राइवेट बस में पीछे से आई मिनी बस घुस गई। हादसे में मिनी बस में सवार 17 लोग घायल हो गए, इनमें से तीन लोगों की मौत हो गई। 4 गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया है। घायलों ने बताया कि मिनी बस का ड्राइवर मोबाइल चला रहा था। हादसा मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बालोतरा के पचपदरा इलाके में हुआ। मिनी बस बुरी तरह हुई क्षतिग्रस्तपचपदरा (बालोतरा) थानाधिकारी अमराराम ने बताया- कुड़ी गांव के पास हाईवे पर एक प्राइवेट बस सड़क किनारे खड़ी थी। ड्राइवर पक्षियों को चुग्गा डालने गया था। मिनी बस सवारियां लेकर सुबह करीब 8 बजे पाटोदी से रवाना हुई थी, जो कल्याणपुर की तरफ जा रही थी। मिनी बस ने खड़ी बस को पीछे से टक्कर मार दी। मिनी बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह पिचक गया।

# फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने को लेकर शेखावत बोले-निश्चित रूप से यह दुर्भाग्यपूर्ण है



जोधपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मंगलवार को जोधपुर पहुंचे। जोधपुर एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं आपके माध्यम से आप सबको आपके सभी दर्शकों को और सभी मारवाड़वासियों व देशवासियों को धनतेरस की बहुत सारी शुभकामनाएं देना चाहता हूं। आज भगवान धन्वंतरि का दिवस है। जो आयुष के और स्वास्थ्य के देवता हैं, मैं आप सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए। क्योंकि आज लक्ष्मी के पूजन का दिन भी है। आप सबके घर में स्थाई रूप से लक्ष्मी का वास हो, ऐसी भगवान से प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह जो एयरपोर्ट का विकास गति से हो रहा है। तीन-चार महीने में हमारा नया टर्मिनल विकसित हो जाएगा और उसके बाद में बहुत सारी चुनौतियां सोचते हैं, जो हमारे पास में है वह समाप्त होगी। जोधपुर की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। आज जोधपुर अहमदाबाद से हैदराबाद से चेन्नई से कोलकाता से और जोधपुर जयपुर, मुंबई और दिल्ली इन सब शहरों से जुड़ा है। कुछ समय में टर्मिनल विकसित होने के बाद में जोधपुर देश के अन्य बड़े शहरों के साथ जुड़ने के साथ-साथ में दुनिया के शहरों से भी जुड़े और इससे जोधपुर के टूरिज्म सेक्टर को जोधपुर की इंडस्ट्री सेक्टर को दोनों को ही बहुत बड़ा लाभ होगा। हैंडी क्राफ्ट, स्टील इंडस्ट्री है और टूरिज्म इंडस्ट्री इन तीनों इंडस्ट्रीज को बहुत बड़ा लाभ होगा। वहीं, लगातार फ्लाइट को बम से उड़ने की धमकी मिलने को लेकर उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह दुर्भाग्यपूर्ण है, यह सुनियोजित रूप से गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन सरकार सजक है। इस पर पूरी गंभीरता से जांच और कार्रवाई दोनों की जा रही है। सच में मजाक नहीं करो आपकी कसम पिछले कई दिनों से लगातार फ्लाइट को बम से उड़ने के थ्रेड मिल रहे हैं। लेकिन थ्रेड कहां से आ रहा है, अभी इसकी जांच की जा रही है। तमाम एजेंसी लगी हुई है, लेकिन फिर भी एक दिन छोड़कर दूसरे दिन सेट मिल रहा है और इसको लेकर के जो पुलिस और प्रशासन के साथ तमाम एजेंसी है।

# दिवाली पर दर्द की साजिश! इंदौर-कोटा रेलवे ट्रेक पर रखे भारी भरकम पत्थर, इंटरसिटी एक्सप्रेस टकराई, बड़ा हादसा टला

कोटा, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोटा-रुठियाई रेलखंड स्थित अंता स्टेशन पर इंदौर-कोटा इंटरसिटी एक्सप्रेस (22984) पटरी पर रखे भारी पत्थर से टकराने का मामला सामने आया। चालक की सूझबूझ से बड़ा रेल हादसा टला है। अन्यथा ट्रेन बेपटरी हो सकती थी। इस घटना में तोडफ़ोड की आशंका भी जताई जा रही है। सोमवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बारां जिले के अंता पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। मामले की जांच चल रही है। घटना रविवार रात की है। सूत्रों ने बताया कि यह घटना रात करीब 10.45 बजे की है। पटरी पर रखे करीब 10-10 किलो के दो पत्थरों से कोटा आ रही इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन टकरा गया। घटना का पता चलते ही चालक ने आपातकालिन ब्रेक लगाते हुए ट्रेन को मौके पर ही रोक लिया। इसके बाद अंता स्टेशन मास्टर को घटना की जानकारी देकर चालक ने पटरी से पत्थर हटाकर ट्रेन को कोटा की ओर रवाना किया। इस घटना के चलते कुछ देर तक ट्रेन मौके पर खड़ी रही।

**पत्थर से टकराने के बाद रेलवे में मचा हड़कंप**

स्टेशन मास्टर की सूचना पर रेलवे में हडकंप मच गया। कुछ ही देर में आरपीएफ, जीआरपी और रेलपथ इंजीनियर मौके पर पहुंच गए। तोडफ़ोड की आशंका पर रेलवे ने मामले की शिकायत अंता थाना पुलिस को दी। रेलवे की शिकायत पर अंता पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मामला गंभीर होने से सोमवार को आरपीएफ, जीआरपीएफ और अंता पुलिस सहित कोटा मंडल अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है । अंता पुलिस थाने के प्रभारी दिग्वीजय सिंह ने कहा रेल पटरी पर पत्थर रखने की शिकायत मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**पहले आ चुके हैं ऐसे मामले**

उल्लेखनीय है कि रेलवे में पटरी पर पत्थर, सिलेंडर और अन्य सामग्री रखने के कई मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि इन मामलों से अभी तक किसी ट्रेन दुर्घटना की बात सामने नहीं आ सकी है। लेकिन ऐसे मामले लगातार सामने आने पर रेलवे को चिंतित जरुर कर रखा है।

# उदयपुर में पूर्व उप सभापति की डेंगू से मौत

## वीरेंद्र बापना का निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज, भाजपा के मंडल अध्यक्ष भी रहे



उदयपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। उदयपुर के भाजपा नेता और जब नगर निगम नगर परिषद थी तब उप सभापति रहे वीरेंद्र बापना का सोमवार को निधन हो गया। बापना की पिछले दिनों डेंगू की पॉजिटिव रिपोर्ट आई थी। 73 वर्षीय बापना ने उप सभापति के 2 कार्यकाल पूरे किए थे। बापना की तबीयत बिगड़ने के बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके दोस्तों ने बताया कि पहले तो उनकी डेंगू रिपोर्ट नेगेटिव आई थी, लेकिन दूसरी बार उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

सोमवार को सुबह उनका अस्पताल में निधन हो गया और शाम 4 बजे उनके निवास स्थान हजारेश्वर कॉलोनी से मोक्षधाम तक अंतिम यात्रा निकली, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। उनकी 3 बेटियां है। बापना 1979 में सुखाड़िया विश्वविद्यालय के छात्रसंघ कार्यकारिणी में सांस्कृतिक मंत्री भी रहे, तब वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े थे। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर मंडल अध्यक्ष के अध्यक्ष भी रहे। उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, पूर्व सभापति युधिष्ठिर कुमावत, पूर्व महापौर रजनी डांगी, चंद्र सिंह कोठारी आदि कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही कहा कि एक सच्चा दोस्त राजनीति में मार्गदर्शक की कमी सदैव खलेगी।

**डेंगू से आरएएस ऑफिसर की हो चुकी मौत**

इससे पहले उदयपुर की आरएएस ऑफिसर तरु सुराणा (42) की डेंगू से 5 अक्टूबर को मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर उनको एयरलिफ्ट कर चेन्नई ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया था।

## बच्चे की जेब में रखे पटाखे में जोरदार ब्लास्ट, मौत

झुंझुनूं, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। झुंझुनूं में 13 साल के बच्चे के पटाखे से पैर के चिथड़े उड़ गए। जयपुर में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। नाबालिग और उसके दोस्त ने यह पटाखा गंधक और पोटाश (पटाखे बनाने के काम आने वाली वस्तु) से मिलाकर घर पर ही बनाया था। दोनों परिवार से छुपकर ये पटाखे बनाए थे। एक पटाखे को उन्होंने पहले कांच की बोतल में जलाया था। उसी की चिंगारी से जेब में रखा पटाखा फटा था। घटना झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ कस्बे के वार्ड नंबर 14 में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे की है। घायल हिमांशु को जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में रेफर किया गया था। जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई।

# गहलोत-डोटासरा पर किरोड़ी बोले-उनके दिल में ठसक

## 'पूरे 5 साल चैन से सोने नहीं दिया; सड़क पर लड़ाई नहीं लड़ता तो राज नहीं जाता'



दौसा, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को आडे हाथों लिया है। उन्होंने कहा- कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन सभा में बड़े-बड़े नेता आए। उन्होंने यहां पूरा जोर लगाकर मुझे गाली देने का काम किया।

गहलोत-डोटासरा ने भी गालियां दी, क्योंकि पिछले 5 साल तक मैं सड़क पर लडाई नहीं लड़ता तो गहलोत का राज नहीं जाता। गहलोत के दिल में इस बात की टसक है कि किरोड़ीलाल ने पूरे पांच साल सरकार को चैन से नहीं सोने दिया।

सड़क पर उतरकर भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, पेपर लीक जैसे कई मामलों में आंदोलन किए। डॉ किरोड़ीलाल ने यह बात विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा के चुनाव प्रचार के दौरान मुस्लिम मोहल्ले में जनसम्पर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा- ईओ भर्ती लीक में ब्लूटूथ से नकल हुई थी इसलिए पेपर लीक हुआ था। सरकार ने भर्ती रद्द कर दी है। वहीं पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा द्वारा बडे मगरमच्छ की गिरफ्तारी पर किए तंज पर कहा कि एसओजी पेपर लीक मामले की कड़ी से कड़ी जोड रही है, उसमें समय लगता है। अभी तक की जांच के बाद कार्रवाई की तो आरपीएससी के दो मेंबर व 50 थानेदार जेल में हैं। ऐसा देश में पहली बार हुआ है। पेपर लीक कह कडी जुड़ने के बाद कोई राजनेता, अधिकारी हो या फिर कोई और दोषी जेल जाएंगे, ऐसा मुझे विश्वास है। कांग्रेस सरकार के वक्त पेपर लीक हुए तो जनता ने सरकार ही बदल दी।

गोविंद डोटासरा द्वारा जगमोहन मीणा के टिकट के लिए किरोड़ीलाल द्वारा भवानी रुठाने की तंज पर कहा कि हां मेरी भवानी जग गई है और इसलिए मुस्लिम भी भाजपा को वोट दे रहे हैं। मैं दीन, हिन व गरीब की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहा हूं और आगे भी रहूंगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लिए मान्यता है कि ये वर्ग कभी भाजपा को वोट ही नहीं देता। लेकिन अबकी बार मुझे भरोसा है कि दौसा के मुस्लिम मुझे वोट देगा।

**ट्रिपल एम का जिक्र कर वोट मांगे**

किरोड़ीलाल ने कहा- मुस्लिम, मेव और मीणा की एक ही राशि है, इसलिए मेरी मदद करो। मुझे विश्वास है कि दौसा के मुस्लिम मुझे आशीर्वाद देंगे। चुनाव जीतकर आपके मोहल्ले में अलग से सभी अधिकारियों को लेकर आएंगे और समस्याओं को दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी जाति-धर्म के व्यक्ति पर अन्याय हो रहा हो और उनको पता चलते ही मदद के लिए आगे आता हूं। इसलिए मुस्लिम समुदाय को भरोसा दिलाता हूं किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दूंगा। समान रूप से विकास, सबकी मदद की जाएगी। वैसे तो किसी की हिम्मत नहीं कि आप पर अत्याचार करें, लेकिन फिर भी कोई बात होगी तो हर दुख-दर्द में खड़ा मिलूंगा। किरोड़ी ने 2011 में भरतपुर जिले के गोपालगढ़ घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि उस वक्त पार्टी ने मुझे बाहर निकाल दिया था, लेकिन दौसा की जनता ने मुझे निर्दलीय सांसद चुना।

# पुलिया से टकराई बस, 11 लोगों की मौत

## 30 से ज्यादा घायल, कई की हालत गंभीर; सालासर से नवलगढ़ जा रही थी

सीकर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीकर के लक्ष्मणगढ़ में एक प्राइवेट बस पुलिया से टकरा गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल ले जाया गया।

हादसा लक्ष्मणगढ़ में पुलिया के नजदीक मंगलवार दोपहर 2 बजे के करीब हुआ। सालासर से नवलगढ़ की ओर जा रही बस पुलिया से जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस पुलिया की दीवार से टकराई और ड्राइवर साइड का पूरा हिस्सा चकनाचूर हो गया। टक्कर के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई और एक-एक कर सभी को नजदीकी लक्ष्मणगढ़ सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

सूचना पर सीकर कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी भवन भूषण यादव, सिटी डीएसपी (आईपीएस) शाहीन सी और एडीएम रतन कुमार मौके पर पहुंचे हैं।

**तेज रफ्तार होने के कारण बस घूम नहीं सकी**

बस को लक्ष्मणगढ़ पुलिया से बायीं तरह से जयपुर-बीकानेर रोड की ओर जाना था। तेज रफ्तार में होने के कारण बस पूरी तरह घूम नहीं सकी और सीधे पुलिया से टकरा गई। बस का आगे का 3 से 4 फीट का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## नाबालिग लड़की ने दिया बच्चे को जन्म पुलिस जांच में फंसी 'लव मैरिज' की गुत्थी

जयपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोडाला इलाके में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने पुलिस और समाज को झकझोर कर रख दिया है। नाबालिग लड़की द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया, जिसमें मासूम उम्र और लव मैरिज के पीछे छिपे कई सवालों ने सिर उठाया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए, सोडाला थाना पुलिस ने तेजी से कार्यवाही शुरू कर दी है।घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब कथित पति ने लड़की को महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया। सिजेरियन डिलीवरी के बाद, जैसे ही हॉस्पिटल स्टाफ ने लड़की का आधार कार्ड मांगा, उस पर अंकित 13 साल की उम्र ने सबके होश उड़ा दिए। नाबालिग लड़की के बच्चे को जन्म देने का मामला संवेदनशील होते हुए, अस्पताल के कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मां बनी लड़की से बयान दर्ज किए, जिसमें उसने दावा किया कि उसकी असली उम्र 18 साल से अधिक है।

# आइस फैक्ट्री में हुए ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा

## पत्नी से अवैध संबंध के शक में की थी हत्या

अजमेर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अजमेर इंडस्ट्रीयल एरिया में हुई मजदूर की हत्या के मामले में अजमेर एसपी वंदिता राणा ने खुलासा किया है। ब्लाइंड मर्डर मामले में आरोपी मौसेरे भाई ने अपनी पत्नी के प्रेम संबंध का शक मृतक युवक के साथ होने के चलते उसको मौत के घाट उतारा था। बता दें कि गेगल इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित जय झूलेलाल बर्फ फैक्ट्री में गत पांच अक्तूबर को पलंग पर जली हालत में मृत मिले मजदूर लवकुश की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे तलाशने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। मंगलवार को अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मजदूर की हत्या उसके ही मौसेरे भाई ने गमछे से गला घोंटकर की थी। पुलिस के अनुसार, लवकुश ने ही रणवीर को बर्फ फैक्ट्री में काम पर लगवाया था। उसके बाद रणवीर अपनी पत्नी के साथ यहां रहने लगा था, जबकि लवकुश अविवाहित था। रणवीर को अपनी पत्नी और लवकुश बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसको लेकर दोनों के बीच कई बार कहासुनी हुई थी।

शक के चलते रणवीर ने अपने गांव रसूलपुर में अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रची थी। लेकिन उसकी भाभी को शक होने पर वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सका। बाद में उसने लवकुश को जान से मारने की साजिश रची। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि साजिश के तहत रणवीर फरीदाबाद में अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया, ताकि उसकी लोकेशन ट्रैस न हो और फिर गेगल एरिया पहुंच गया। उसे अच्छी तरह मालूम था कि फैक्ट्री में कहां-कहां सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इसलिए वह कैमरों की जद से बचने के लिए खेतों के रास्ते बर्फ फैक्ट्री में दाखिल हुआ। लवकुश हमेशा अपने गले में गमछा लपेटे रहता था। उसी गमछे से रणवीर ने उसका गला घोंट दिया। फिर मृतक लवकुश पर पलंग पर लेटाकर फैक्ट्री में पड़ा थिनर छिड़क कर आग लगा दी। वारदात अंजाम देने के बाद रणवीर वापस फरीदाबाद पहुंचा और फिर अपना मोबाइल फोन चालू कर लिया। हत्या को हादसे की शक्ल देने के लिए लाश को पलंग पर डालकर उस पर थिनर डालकर जला दिया था। पुलिस ने हत्या के आरोपी ओरैया (यूपी) निवासी रणवीर उर्फ रंजीत को रसूलपुर (मैनपुरी) से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पत्नी से अवैध संबंध के शक में रंजिश के चलते शातिराना तरीके से हत्या की वारदात अंजाम दी थी।

## 64 किसानों ने एक साथ खरीदे ट्रैक्टर

जयपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। धनतेरस के मौके पर जोधपुर के 20 गांवों के 64 किसानों ने एक ही शोरूम से 64 ट्रैक्टर खरीदे। ये किसान कई महीने से ट्रैक्टर खरीदने के लिए अच्छे मुहूर्त का इंतजार कर रहे थे। वहीं, गुजरात के 2 भक्तों ने सांवलिया सेठ को 23 किलो चांदी की पालकी और रथ भेंट किया है। लकड़ी के बने रथ-पालकी पर चांदी का वर्क किया गया है। धनतेरस पर बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। जयपुर समेत पूरे राजस्थान के बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं है। गाड़ियां रेंग रही हैं। दुकानों और शोरूम को रंग-बिरंगी लाइट्स से सजाया गया है। सोने, चांदी, बर्तन, गाड़ी और कपड़ों की जमकर खरीदारी की जा रही है।

# राजस्थान बोर्ड एग्जामिनर ने बिना कॉपी जांचे दिए नम्बर

## स्टूडेन्ट्स की शिकायत पर खुली पोल, परीक्षक बोलीं- काम ज्यादा होने से ऐसा हुआ

अजमेर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं साइंस की कॉपियों को परीक्षक ने जांचा ही नहीं और मनमाफिक नंबर दे दिए। विद्यार्थियों को जब कम नंबर मिले तो उन्होंने फिर से जांच करवाई।

इसके बाद पूरी व्यवस्था की पोल खुल गई। इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। बोर्ड प्रशासन परीक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशक को स्पेशल केस बनाकर भेजेगा।

**3 स्टूडेंट्स ने दर्ज करवाई थी आपत्ति**

बारां के 3 स्टूडेंट्स ने बोर्ड में आपत्ति दर्ज करवाई कि जो कॉपियां डाउनलोड की गई हैं, वे जांची ही नहीं गई हैं। इस पर बोर्ड प्रशासन में खलबली मच गई। बोर्ड ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल तीनों कॉपियां चेक करवाईं तो उनमें एक भी सवाल चेक किया हुआ नहीं मिला। बोर्ड ने परीक्षक को बुलाया। परीक्षक निमिषा रानी अजमेर के भगवानगंज स्कूल में शिक्षिका हैं। परीक्षक निमिषा ने बोर्ड को बाकायदा लिखकर दिया कि अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रपत्र में कर दिया गया। उस समय कार्यभार अधिक होने के कारण व मुझे मानसिक तनाव रहने के कारण मेरे द्वारा मूल्यांकन नहीं कर योग में अंक दे दिए गए थे। इसके लिए मुझे खेद है। बड़ा सवाल यह है परीक्षक को साइंस की 2 बंडल कॉपियां दी गई थीं। एक बंडल में करीब 420 कॉपियां होती हैं, ऐसे में 840 कॉपियों पर भी संशय है।

**अगर गलत हुआ तो कार्रवाई होगी- बोर्ड सचिव**

बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा ने कहा- अगर परीक्षक की ओर से लापरवाही की जाती है या अनियमितता बरती जाती है तो ऐसे मामलों में परीक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशालय को लिखा जाता है। इस मामले की जानकारी नहीं। अगर गलत हुआ तो कार्रवाई होगी। वहीं, निमिषा रानी ने कहा- कॉपियां जांचने के लिए जब आई तब परीक्षाएं चल थीं और बीएलओ का काम भी था।

# बंडी संजय ने केटीआर के कानूनी नोटिस का दिया जवाब





हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय ने मंगलवार को दावा किया कि बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव द्वारा उन्हें दिए गए कानूनी नोटिस में दिए गए बयान निराधार और योग्यता से रहित हैं। बंडी संजय ने अपने वकील के माध्यम से जवाब भेजा और रामाराव से कानूनी नोटिस, उसमें लगाए गए आरोपों को वापस लेने और सात दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने को कहा। उन्होंने ऐसा न करने पर कानूनी नोटिस जारी करने की धमकी भी दी।

वकील ने इस बात पर जोर दिया कि संजय के बयान रामाराव पर व्यक्तिगत रूप से लक्षित नहीं थे और तर्क दिया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेलंगाना में छात्रों द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों से संबंधित व्यापक चिंताओं को संबोधित किया गया था।

संजय ने दावा किया कि रामा राव के खिलाफ लगाए गए आरोप न तो 'अपमानजनक हैं और न ही निराधार' और बीआरएस नेता की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का कोई इरादा नहीं था।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कभी भी रामाराव का नाम नहीं लिया। 23 अक्टूबर को रामाराव ने बंडी संजय को झूठी और अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए मानहानि का नोटिस भेजा था, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने ड्रग्स का सेवन किया था और बीआरएस के कार्यकाल के दौरान 'फोन टैपिंग' में शामिल थे।

# पुराने शहर में विरोध स्वरूप बंद रहीं दुकानें

## स्वामी यति नरसिंहानंद की तत्काल गिरफ्तारी की मांग



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। गाजियाबाद के स्वामी यति नरसिंहानंद की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को शहर के कई इलाकों में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। स्वामी यति नरसिंहानंद के खिलाफ शहर में मामला दर्ज है। किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। हैदराबाद पुलिस ने एक वीडियो संदेश में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ ईशनिंदा और अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए नरसिंहानंद के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस घटना के बाद, इस महीने की शुरूआत में पुराने शहर के कुछ हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

तहरीक मुस्लिम शब्बान और 36 अन्य संगठनों ने मंगलवार को बंद का आह्वान किया था। बंद के आह्वान के बाद चारमीनार, मदीना बिल्डिंग, पाथरगट्टी, हुसैनआलम, मोइनबाग, एडी बाजार, जगदीश मार्केट, अफजलगंज और अन्य इलाकों में बाजार बंद रहे। विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे।

## प्रजा भवन में जन समस्याओं की सुनवाई

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। महात्मा ज्योतिबा फूले प्रजा भवन में आयोजित प्रजावाणी कार्यक्रम में कुल 588 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 221, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए 98, बिजली विभाग के लिए 84, राजस्व संबंधी मामलों के लिए 55, प्रवासी प्रजावाणी के लिए 4 और अन्य विभागों के लिए 126 आवेदन प्राप्त हुए। इस कार्यक्रम में राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. चिन्ना रेड्डी, लोक प्रशासन विशेष अधिकारी दिव्या ने भाग लिया और आवेदन प्राप्त किये। उन्होंने प्रजा भवन में आये लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

# पानी के बिल का भुगतान करने के लिए अंतिम मौका

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) के प्रबंध निदेशक अशोक रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि ओटीएस योजना का लाभ उठाने का अंतिम अवसर 31 अक्टूबर तक है और उन्होंने उपभोक्ताओं से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में जल बोर्ड ने कहा कि सरकार ने लंबे समय से लंबित जल बिलों का भुगतान करने के लिए ओटीएस योजना की घोषणा की है और यदि उपभोक्ता मूल राशि का भुगतान करते हैं, तो उन्हें विलंब शुल्क और ब्याज में छूट मिलेगी। अशोक रेड्डी ने कहा कि लंबे समय से जमा हुए खराब कर्जों को चुकाने का यह अच्छा मौका है। 1 अक्टूबर से शुरू हुई ओटीएस योजना 31 अक्टूबर तक वैध रहेगी। भुगतान जल बोर्ड के कार्यालयों, मीसेवा, एपी ऑनलाइन केंद्रों, फोन पे, गूगल पे, पेटीएम, एनईएफटी, आरटीजीएस, बीपीपीएस, जल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट या लाइन मैन के माध्यम से ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जा सकता है। दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके, उपयोगकर्ता अपना बकाया, भुगतान की जाने वाली राशि, रियायत और अन्य विवरण जान सकते हैं।

# ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी करने में देरी

## जेईई मेन्स के अभ्यर्थियों ने हनमकोंडा में किया प्रदर्शन

वारंगल, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मुख्य परीक्षा के अभ्यर्थियों के एक समूह ने मंगलवार को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के प्रमाण पत्र जारी करने में देरी के मुद्दे पर हनमकोंडा तहसीलदार कार्यालय पर हंगामा किया और विरोध प्रदर्शन किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बड़ी संख्या में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थी तहसीलदार कार्यालय में एकत्रित हुए और जेईई मेन्स 2025 के लिए आवेदन करने के लिए ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी करने की मांग करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसीलदार कार्यालय के कर्मचारी जानबूझकर प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं तथा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवेदनों पर विचार नहीं किया जा रहा है। अभ्यर्थियों ने तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक का घेराव कर शीघ्र प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। तहसीलदार श्रीपाल रेड्डी ने मीडिया को बताया कि उनके पास ईडब्ल्यूएस श्रेणी का कोई भी आवेदन लंबित नहीं है तथा कुछ आवेदन इसलिए खारिज कर दिए गए क्योंकि अभ्यर्थी नियमों के अनुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहे। इस बीच, हनमकोंडा कलेक्टर पी प्रवीण्या ने अधिकारियों से लंबित ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों के मुद्दे पर गौर करने को कहा और तहसीलदार को पात्र उम्मीदवारों को जल्द से जल्द ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कदम उठाने को कहा।



**2023 बैच के आईपीएस अधिकारी साई किरण प्रतीपाका, मनन भट्ट और यादव वसुंधरा फाउरेबी ने आज पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेंद्र, से मुलाकात की।**

# पंजीकरण विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप

## प्रतिदिन कम से कम 2 लाख रुपये कमाने का लक्ष्य



मंचेरियल, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंचेरियल में स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग इकाई के अधिकारियों के खिलाफ अवैध लेआउट और निषिद्ध क्षेत्रों में संपत्तियों के पंजीकरण के संबंध में भ्रष्टाचार के व्यापक आरोप हैं। विभाग ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, अधिकारी कथित तौर पर पंजीकरण के लिए प्रति संपत्ति 30,000 से 40,000 रुपये की रिश्वत मांग रहे थे और कथित तौर पर कुछ दस्तावेज़ लेखकों के माध्यम से रिश्वत वसूल रहे थे। सरकार द्वारा अनधिकृत लेआउट में घरों के पंजीकरण पर रोक लगाने के बावजूद रिश्वत लेने के लिए उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों की मानें तो सरकार ने अवैध लेआउट में घरों के पंजीकरण पर रोक लगा दी है। हालांकि, अधिकारी एक संपत्ति के पंजीकरण के लिए 40,000 रुपये की रिश्वत ले रहे हैं। उन्होंने प्रतिदिन कम से कम 2 लाख रुपये कमाने का लक्ष्य रखा है। वे डेवलपर द्वारा कृषि भूमि को वाणिज्यिक भूमि में परिवर्तित करने के बाद घरों के पंजीकरण कर रहे हैं, भले ही लेआउट अनधिकृत हो। वे रिश्वत लेने के लिए कुछ दस्तावेज लेखकों का उपयोग कर रहे हैं।

अन्य अधिकारियों ने बताया कि कुछ महीने पहले एक दस्तावेज लेखक पर अधिकारियों, करों और अन्य पंजीकरण शुल्कों के लिए रिश्वत का हवाला देते हुए एक संपत्ति के मालिक से 2 लाख रुपये की जबरन वसूली करने का आरोप लगाया गया था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार किए गए कुछ वरिष्ठ सहायकों और अधिकारियों को मंचेरियल में प्रभारी उप-पंजीयक के रूप में तब तैनात किया गया था जब नियमित अधिकारी छुट्टी पर थे, जिसके परिणामस्वरूप अधिकारियों द्वारा संपत्ति के पंजीकरण में भ्रष्टाचार हुआ।

पूछे जाने पर जिला रजिस्ट्रार रविंदर राव ने बताया कि रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद मंचेरियल इकाई के प्रभारी उप-रजिस्ट्रार के खिलाफ मेमो जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपों की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राव ने कहा कि अधिकारियों द्वारा अनियमितताओं को रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने वॉकथॉन का आयोजन किया



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के एक भाग के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, हैदराबाद, सभी शाखाओं में कर्मचारियों, ग्राहकों और आम बैंक के लिए सतर्कता जागरूकता पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है और 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक गांव केंद्रों और बीसी बिंदुओं पर ग्राम सभा भी आयोजित की जा रही है।

मंगलवार को, बैंक स्ट्रीट, कोटि में एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें भ्रष्टाचार विरोधी, साइबर सुरक्षा पर जागरूकता आदि पर तख्तियां प्रदर्शित की गईं।

वॉकथॉन का नेतृत्व के. धरसिंग नाइक, महाप्रबंधक ने किया और प्रतिभागियों में कनक राजू, डीजेएच, जी. राम कृष्णन, क्षेत्रीय प्रमुख, हैदराबाद, ए. सुरेश, डीजीएम/सीआईए, सी. सत्यवाणी, एजीएम, गुलशन कुमार, एजीएम और एसएम मुस्तफा, सतर्कता अधिकारी शामिल थे।

# देश की अग्रणी उर्जा कंपनी पावरग्रिड, दक्षिणी क्षेत्र-। द्वारा वाकथान कवाडीगुडा क्षेत्र में

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। देश की अग्रणी ऊर्जा कंपनी पावरग्रिड, दक्षिणी क्षेत्र-। द्वारा वाकथान ग्रेटर हैदराबाद के कवाडीगुडा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 28 अक्टूबर 2024 से 03 नवंबर 2024 तक किया जा रहा है।

इस संदर्भ में, देश की अग्रणी कंपनी पावरग्रिड के आधिकारिक सूत्रों ने विस्तार से बताया कि, पावरग्रिड, दक्षिणी क्षेत्र-। द्वारा वाकथान कवाडीगुडा क्षेत्र में, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के हिस्से के रूप में पावरग्रिड केंद्रीय सतर्कता आयोग (मुख्य सतर्कता आयोग) के मार्गदर्शन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। जिसमें इसका विषय सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि-राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखण्डता की संस्कृति है। तदनुसार, पावगग्रिड सप्ताह के तत्संबंधित तिथियों के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है।

इस शुभावसर पर, तत्संबंधित सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का उद्घाटन 28 अक्टूबर 2024 को पावरग्रिड, दक्षिणी क्षेत्र-।, सिकंदराबाद में मुख्य महा प्रबंधक(प्रभारी) अखिलेश पाठक द्वारा किया गया। इसके तहत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा, इस क्षेत्र के सभी कर्माचारियों द्वारा क्षेत्रीय मुख्यालय, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक राज्य के हिस्से के सभी प्रतिष्ठानों द्वारा आभासी माध्यम से ली जाती है।

इस अवसर पर पूर्व आईएएस व पूर्व मुख्य सचिव, राज्य सरकार मोहन कांडा ने भी भाग लिया। इसमें आंध्र प्रदेश के अधिकारी को भी आमंत्रित किया गया तथा उन्होंने आफलाइन एवं आनलाइन माध्यम से पावरग्रिड अधिकारियों के साथ नैतिकता पर अपने विचार साझा किए।

इस दौरान पावरग्रिड सूत्रों ने यह भी बताया कि, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के हिस्से के रूप में, पावरग्रिड कार्पोरेशन आफ इण्डिया लि., दक्षिणी क्षेत्र-।, क्षेत्रीय मुख्यालय में, कवाडीगुडा सिकंदराबाद क्षेत्र में वाकथान का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

# 322 कपास क्रय खोले केंद्र

## पोन्नम प्रभाकर ने केंद्रीय मंत्रियों से की अपील

सिद्दीपेट, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन एवं पिछड़ा वर्ग



कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने राज्य के केंद्रीय मंत्रियों जी किशन रेड्डी और बंडी संजय कुमार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि भारतीय कपास निगम (सीसीआई) यहां सभी 322 कपास क्रय केंद्र खोले, ताकि किसानों से सुचारू खरीद सुनिश्चित हो सके। उन्होंने भाजपा मंत्रियों से केंद्रीय मंत्री और सीसीआई के शीर्ष अधिकारियों से बात करने को कहा।

मंगलवार को हुस्नाबाद मंडी में सीसीआई क्रय केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मंत्री ने कहा कि केंद्र खुलने में देरी से किसानों पर असर पड़ रहा है। प्रभाकर ने सीसीआई और विपणन विभाग के अधिकारियों से क्रय केंद्रों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया कि किसान बैग में कपास लाने के बजाय खुले ट्रकों में कपास लाएं, क्योंकि इससे वजन करना मुश्किल हो जाएगा। मंत्री ने किसानों से आग्रह किया कि वे कपास को बाजार में लाने से पहले उसे अच्छी तरह से सुखाएं ताकि उसमें केवल 8 प्रतिशत नमी रह जाए।



**बंजारा हिल्स में स्थित केबीआर पार्क में धनतेरस पर पूर्ति गणेश भगवान की पूजा एवं आरती का आयोजन करते संयोजक राजेंद्र अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, गोपाल बलदेव, विट्ठल दास अग्रवाल, राजेश कुमार केडिया, भोज रेड्डी, नरसिम्हा, नरेंद्र अग्रवाल, विजय तुंबी, चोपड़ा, डॉ. गुप्ता, राहुल सिंघल, नरेंद्र खेतान आदि।**



**शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स, सोमाजीगुडा में धनतेरज के अवसर पर जुटी खरीद्दारों की भीड़। इन दिनों यहाँ पर धनतेरस व दिपावली के मद्देनजर आभूषणों पर भारी छूट दी जा रही है। इसका लाभ लेते हुए ग्राहक।**

# धन्वंतरि जयंती मनाई गई



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। इस वर्ष के 9वें आयुर्वेद दिवस का विषय वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है।

इसके अलावा, पिछले 20 दिनों से चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए हैं और संस्थान द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा की महानता के बारे में पाठशाला के छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों आदि के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान की ओर से आज 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर धन्वंतरि हवन, आयुर्वेदिक औषधीय पौधों का वितरण, आयुर्वेद पोषण वितरण, आयुर्वेद ब्रोशर, वीडियो के माध्यम से पैम्फलेट और व्याख्यान का आयोजन किया गया।

संस्थान की ओर से औषधीय पौधों का वितरण द नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन फॉर स्किन डिसऑर्डर, हैदराबाद और तेलंगाना मेडिसिनल प्लांट बोर्ड, हैदराबाद के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में रेवेन्यू बोर्ड कॉलोनी के निवासियों, वरिष्ठ नागरिक संघ के सदस्यों और डॉ. यूनिस इफ्तिखार मुंशी, प्रभारी निदेशक और डॉ. मोहम्मद काशिफ हुसैन, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति विज्ञान), राष्ट्रीय त्वचा विकार अनुसंधान संस्थान, सरकारी नेहरू मेमोरियल मलकपेट, वेंकटेश्वर कॉमर्स कॉलेज, मॉर्निंगस्टार हाई स्कूल, युवा अकादमी और समग्र मोंटेसरी स्कूल के छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद ने भाग लेने और आयोजन को सफल बनाने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया। संस्थान के डॉ.वी. श्रीदेवी, अनुसंधान अधिकारी(आयुर्वेद), डॉ. अशफाक अहमद, अनुसन्धान अधिकारी (यूनानी), डॉ. टी साकेतराम, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), डॉ. संतोष एस. माने, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), डॉ. बिस्वो रंजन दास, अनुसंधान अधिकारी (होमियो), डॉ. क्रिस आन्टनी, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), श्री के. श्रीनिवास राव, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# छात्रों को पुलिस कर्तव्यों के प्रति किया गया जागरूक

खम्मम, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस स्मृति सप्ताह के तहत मंगलवार को यहां आयोजित 'ओपन हाउस' कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुलिस के कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बनाया गया। शहर के सशस्त्र पुलिस मुख्यालय में आयोजित 'ओपन हाउस' का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) नरेश कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुलिस द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों, उनके संचालन के तरीके और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों द्वारा किए जाने वाले प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों को असामाजिक ताकतों के एकत्र होने को रोकने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न उन्नत हथियारों और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में भी अवगत कराया गया। चोरी और हत्या के मामले में अपराधियों की पुलिस द्वारा पहचान करने की विधि, बमों का पता लगाने की विधि का प्रदर्शन किया गया। बोग स्क्वाड द्वारा स्टंट, अपराधियों, बमों का पता लगाने का प्रदर्शन और खोजी कुत्तों द्वारा अपने हैंडलर के आदेशों का पालन करने के तरीके ने छात्रों को रोमांचित कर दिया। नरेश कुमार ने पुलिस स्मृति सप्ताह के महत्व के बारे में बताया।

# पुलिस कर्मियों के अवकाश के लिए 182.48 करोड़ का बजट

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस कर्मियों को समर्पण अवकाश के लिए सरकार ने 182.48 करोड़ का बजट मंजूर किया है। राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर पुलिस कर्मियों के समर्पण अवकाश से संबंधित बजट जारी किया है। राज्य के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी ने पुलिस कर्मियों के लिए 182.48 करोड़ रुपये की राशि मंजूर करते हुए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। वित्त विभाग ने इस आशय के आदेश जारी कर दिये हैं। पुलिस कर्मियों के लंबे समय से प्रतीक्षित अवकाश से संबंधित बजट जारी होने पर पुलिस अधिकारियों के संघ खुशी व्यक्त कर रहे हैं। सरकार शेष बकाया को चरणबद्ध तरीके से और शीघ्रता से पूरा करने की व्यवस्था करेगी।

# तेंदुए ने भेड़ों को मार डाला

## स्थानीय लोगों में दहशत

मंचेरियल, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हाजीपुर मंडल के रापेली और गुडीपेट गांवों के बीच सोमवार रात एक तेंदुए ने भेड़ों के झुंड पर हमला कर दिया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। तेंदुए ने दो गांवों के बीच आम के बगीचे में झुंड की एक भेड़ को मार डाला। उसने झुंड पर हमला किया और एक भेड़ को तब पकड़ लिया जब चरवाहा सुबह करीब 3 बजे सो रहा था। स्थानीय लोगों को डर है कि भेड़ों को मारने वाला बाघ हो सकता है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि जंगली जानवर को घने जंगलों में भेजकर लोगों की जान बचाने के लिए कदम उठाए जाएं। हालांकि, वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने तेंदुए के पैरों के निशान दर्ज किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमला तेंदुए ने ही किया था।

इस बीच, वन अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लक्सेटीपेट रेंज के जंगलों में एक बाघ घूम रहा है। बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्हें संदेह है कि कवाल टाइगर रिजर्व के कोर में रहने वाला बाघ लक्सेटीपेट की ओर चला आया होगा।

# कांस्टेबल के घर पर चोरों ने धावा बोला

## कीमती सामान लेकर फरार हो गए

मेदक, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पेड्डा शंकरमपेट में सोमवार रात अज्ञात लोगों ने एक कांस्टेबल के घर में घुसकर कीमती सामान चुरा लिया। कांस्टेबल दंतेला सीमान अल्लादुर्गम पुलिस स्टेशन में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। वह पेड्डा शंकरमपेट में रहते थे। सोमवार को उनका परिवार किसी रिश्तेदार के यहां गया था। सीमान सोमवार को सुबह 9 बजे घर बंद करके ड्यूटी पर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब वह घर लौटा तो देखा कि सारा सामान गायब है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# मुंबई टेस्ट में कैसा रहेगा पिच का मिजाज?

## सामने आया बड़ा अपडेट

मुंबई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज पहले ही हार चुकी टीम इंडिया इस मैच को जीतकर व्हाइटवॉश की शर्मिंदगी से बचना चाहेगी। अपने घर में भारत बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट में सीम जबकि पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में स्पिन के खिलाफ कमजोर दिखा। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वानखेडे.की पिच किस तरह बर्ताव करेगी।

रिपोर्ट्र्स में कहा गया है कि वानखेड़े की पिच रैंक टर्नर के बजाय स्पोर्टिंग होगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले मैच में भारत को कीवी टीम के स्पिन अटैक के सामने संघर्ष करना पड़ा है।



वानखेडे. की पिच पर थोड़ी घास रहेगी, जहां स्पिनरों को मैच के दूसरे दिन से मदद मिलने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि पिच के स्पिन और तेज दोनों तरह के गेंदबाजों के लिए अनुकूल होने की संभावना है।

**सुंदर पर भारी पड़े सेंटनर**

पुणे टेस्ट में वॉशिंगटन सुंदर ने 11 विकेट लिए, लेकिन मिशेल सैंटनर के शानदार स्पेल ने उनकी इस सफलता को फीका कर दिया। कीवी ऑलराउंडर ने दोनों पारियों में 13 विकेट लेकर भारत के बैटिंग ऑर्डर को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। सीरीज हारने के बाद भारत का टारगेट अब वाइटवॉश से बचना होगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर बने रहने के लिए टीम इंडिया को इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करने की जरूरत है।

**12 साल में पहली सीरीज हारा भारत**

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली हार भारत की घर में पिछले 12 साल में पहली हार है। इस हार के साथ ही टीम का लगातार 18 सीरीज में ना हारने का रिकॉर्ड भी टूट गया। सीरीज जीतने की सूरत में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम के नाम भी बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई, जहां वो भारत में टेस्ट सीरीज जीतने वाले पहले कप्तान बन गए।

# दोहरे शतक से चूके ऋषि धवन

## 21 छक्के-चौके के साथ इस टीम के खिलाफ ठोके 195 रन, पहली बार किया ऐसा कारनामा

मुंबई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफी का सीजन चल रहा है और ऐसे धवन के बल्ले से भी बेमिसाल पारी देखने को मिली. जी नहीं, हम यहां शिखर धवन की नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाज और कप्तान ऋषि धवन की बात कर रहे हैं, जिन्होंने आंध्र प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में बड़ी और शानदार पारी खेली है. कप्तानी पारी खेलते हुए ऋषि धवन भले ही दोहरे शतक से चूक गए लेकिन 21 छक्के-चौके से सजी इस पारी को जमाने के साथ उन्होंने कुछ ऐसा किया, जो उनके करियर में पहली बार देखने को मिला.

**ऋषि धवन का शतक, टीम ने बनाए 500 रन**



आंध्र प्रदेश की टीम के पहली पारी में 344 रन पर सिमटने के बाद हिमाचल प्रदेश ने उसका जवाब पूरे 500 रन बनाकर दिया. हिमाचल को इतने बड़े स्कोर तक पहुंचाने में सबसे बड़ा रोल उसके कप्तान यानी ऋषि धवन ने प्ले किया. ऋषि धवन ने छठे नंबर पर उतरकर शानदार शतक जड़ा.

**पहली बार ऋषि धवन ने खेली इतनी बड़ी पारी**

हिमाचल प्रदेश के कप्तान ने 318 गेंदों का सामना करते हुए 195 रन बनाए. यानी, वो सिर्फ 5 रन से अपना दोहरा शतक चूक गए. ऋषि धवन की पारी में 21 छक्के-चौके यानी 19 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस पारी की खास बात ये रही कि ये ऋषि धवन के फर्स्ट क्लास करियर की सबसे बड़ी इनिंग रही. ऋषि धवन ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 6 शतक जड़े हैं लेकिन, उनमें ये उनका सबसे बड़ा स्कोर रहा. इससे पहले उनका सबसे बड़ा स्कोर 128 रन का था.

**खराब शुरुआत के बाद शानदार अंजाम**

आंध्र प्रदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश की पहली पारी का आगाज अच्छा नहीं रहा था. उसके 3 विकेट 60 रन के अंदर गिर गए थे. लेकिन फिर उसके बाद मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने कमाल की बैटिंग कर टीम को 156 रन की बढ़त पहली पारी में दिलाई.

**भारत के लिए खेले 4 मैच**

ऋषि धवन भारत के लिए भी 4 मैच खेल चुके हैं, जिसमें 3 वनडे मुकाबले हैं और 1 मैच T20 का है. इन 4 इंटरनेशनल मैचों में उनके 13 रन हैं. उन्होंने तीनों वनडे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले थे. जबकि इकलौता टी20 जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था.

# ना भारत आएंगे, ना टीम इंडिया के खिलाफ मुंबई टेस्ट खेलेंगे

## अब सीधे इंग्लैंड से सीरीज में खेल सकते हैं केन विलियमसन

लंदन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के खिलाफ मुंबई टेस्ट में भी केन विलियमसन न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा नहीं होंगे. पहले ऐसी खबरें थी कि इंजरी से उबरने की कोशिश में जुटे केन टेस्ट सीरीज के बीच में भारत आएंगे. लेकिन, जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ती गई और कीवी टीम जीत दर्ज करते चली गई, उसके साथ-साथ केन विलियमसन का भी भारत दौरे पर आना टलता रहा. अब जब भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई में सीरीज का तीसरा और आखिरी टेस्ट खेला जाना है तो एक बार फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान जारी कर केन विलियमसन पर



अपडेट दी.

**केन विलियमसन भारत नहीं आएंगे**

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल ब्लैककैप्स पर लिखा कि केन विलियमसन मुंबई में खेले जाने वाले टेस्ट के लिए भारत दौरे पर नहीं जाएंगे. साथ ही ये भी लिखा कि हम उम्मीद करते हैं कि केन अब इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए फिट हो सकेंगे.

**ग्राइन इंजरी के चले नहीं आए भारत**

केन विलियमसन ग्रोइन इंजरी के चलते भारत दौरे से बाहर थे. उन्हें ये चोट श्रीलंका में टेस्ट सीरीज के दौरान लगी थी. पहले ऐसे कयास थे कि केन विलियमसन बीच सीरीज में भारत आकर टीम को जॉइन कर लेंगे. लेकिन, अब वो तीसरे और आखिरी टेस्ट के लिए भी भारत नहीं आ रहे.

न्यूजीलैंड क्रिकेट के केन विलियमसन को भारत ना भेजने के फैसले के पीछे की वजह कीवी टीम का सीरीज जीत लेना भी हो सकता है.

28 नवंबर से इंग्लैंड से सीरीज न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 28 नवंबर से शुरू होनी है. टीम के हेड कोच गैरी स्टीड की मानें तो विलियमसन तेजी से रिकवर कर रहे हैं. और, इस बात की पूरी गुंजाइश है कि वो इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज तक फिट हो सकेंगे. इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा.

भारत के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है. मतलब सीरीज पर उसका कब्जा हो चुका है.

अब तीसरा और आखिरी टेस्ट 1 नवंबर से मुंबई में है, जिसमें कीवी टीम क्लीन स्वीप के इरादे से उतर सकती है.

# महिला सेमीफाइनल मैच रोके जाने का मामला

## एआईएफएफ नेपाल के सैफ को लिखेगा पत्र

नई दिल्ली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) को पत्र लिखने का निर्णय लिया है जिसमें नेपाल के काठमांडू में भारत के खिलाफ सैफ महिला चैंपियनशिप सेमीफाइनल के दौरान रैफरी के निर्णय के विरोध में एक घंटे से अधिक समय तक खेल रोके रखने के बारे में बताया जाएगा। भारत ने 62वें मिनट में बढ़त बना ली लेकिन कुछ मिनट बाद दशरथ स्टेडियम में अराजकता फैल गई। नेपाल ने गोल किया लेकिन रैफरी ने गोल को नकार दिया। इसके बाद मैच 70 मिनट से अधिक समय तक रुका रहा क्योंकि नेपाल ने रैफरी के फैसले का विरोध करते हुए खेल जारी रखने से इनकार कर दिया।



भूटान के रेफरी ओम चोकी ने धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की और मैच अधिकारियों और नेपाल की टीम के बीच काफी चर्चा के बाद मैच फिर से शुरू हुआ। लंबे इंतजार और भ्रम की स्थिति का भारतीय टीम की लय और एकाग्रता पर असर पड़ा। मैच फिर से शुरू होने के कुछ सेकेंड बाद नेपाल ने सबित्रा भंडारी के गोल से बराबरी हासिल कर लीग और मैच पेनल्टी शूट आउट में खिंचा।

पेनल्टी शूट आउट में भारत 2-4 से हार गया और टूर्नामेंट से बाहर हो गया। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, 'अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने रविवार 27 अक्टूबर 2024 को नेपाल के काठमांडू में सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 सेमीफाइनल के दौरान हुई घटनाओं पर ध्यान दिया है।'

# सलीमा टेटे को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की कमान

## गत विजेता को इन देशों से मिलेगी चुनौती





नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई। नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलयेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलयेशिया के खिलाफ करेगा। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, 'एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार अहसास है।

हम गत चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह इसे और भी खास बनाता है।'

उन्होंने कहा, 'हमने कड़ी ट्रेनिंग की है। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था।'

**भारतीय टीम :**

गोलकीपरः सविता, बिचू देवी खारीबाम।

डिफेंडर्स : उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरी।

मिडफील्डर्स : नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।

फॉरवर्ड : नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

# 'आप हमारे देश की नारी शक्ति की सच्ची राजदूत रही हैं'

## पीएम मोदी ने रानी रामपाल को लिखा पत्र

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने संन्यास का एलान कर दिया। इससे हॉकी प्रेमियों को बड़ा झटका लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रानी को पत्र लिखा। उन्होंने रानी को भारत की नारी शक्ति की सच्ची राजदूत बताया है। शाहाबाद की बेटी 29 वर्षीय रानी रामपाल ने महिला टीम को ओलंपिक में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिलाया था। 2021 टोक्यो ओलंपिक में उनके नेतृत्व में भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही थी। रानी ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुकी हैं।

**पीएम मोदी ने क्या लिखा?**

पीएम मोदी ने लिखा, 'आप हमारे देश की नारी शक्ति की अपार क्षमता की सच्ची राजदूत रही हैं। उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करते हुए और युवा खिलाड़ियों के लिए एक मानक स्थापित करते हुए आपने दिखाया है कि भारतीय महिलाएं क्या हासिल कर सकती हैं, इसकी कोई सीमा नहीं है। असाधारण करियर के लिए बधाई, और भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।'



**रानी रामपाल ने कही यह बात**

उधर संन्यास लेने के एलान के बाद रानी रामपाल ने कहा कि उन्हें गर्व है कि जो लोग शुरुआत में उनके खेलने का विरोध करते थे आज अपनी बेटियों को उनके जैसा बनाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए जीवन का सबसे कठिन फैसला वह होता है जब उसे अपने खेल को अलविदा कहे। लेकिन वे उपलब्धि को देखती हैं तो बहुत गर्व भी होता है। क्योंकि सात साल की उम्र में पहली बार हॉकी थामने वाली हरियाणा के एक छोटे से शहर शाहबाद की बेटी ने कभी सोचा भी नहीं था कि वह देश के लिए 15 साल हॉकी खेलेंगी और देश की कप्तान बनेगी।

उन्होंने कहा इतना मौका और मुकाम बहुत कम लड़कियों को मिलता है। वे इतने समय तक दिल से ही खेली। हॉकी ने बहुत कुछ दिया है। बड़ी पहचान भी दी। इतने साल तक खेलने की खुशी है तो दुख भी है कि अब भारत की जर्सी कभी नहीं पहन सकेंगीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता ने उनके लिए गरीबी के बीच कड़ा संघर्ष किया तो उन्होंने भी उसी समय ठान लिया था कि अगर जीवन में कुछ तो करना ही होगा। मुझे मेरे कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त बलदेव सिंह ने भरोसा दिलाया कि वह हॉकी में बेहतरीन कर सकती हैं।

**उत्कृष्टता का एक युग समाप्त हो गया**

एक्स पर पोस्ट करते हुए हॉकी इंडिया ने लिखा कि उत्कृष्टता का एक युग समाप्त हो गया। हम एकमात्र और एकमात्र रानी रामपाल को विदाई देते हैं, जो एक दशक से अधिक समय से भारतीय हॉकी को परिभाषित करने वाली एक आइकॉन हैं। भारत को अनगिनत जीत दिलाने से लेकर देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा बनने तक, रानी की विरासत हमेशा चमकती रहेगी। रानी आपके बेजोड़ समर्पण, नेतृत्व और जुनून के लिए धन्यवाद। आपने अगली पीढ़ी के लिए रास्ता तैयार किया है और भारतीय हॉकी पर आपका प्रभाव आने वाले वर्षों तक महसूस किया जाएगा।

# श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स का कप्तान बनाने के मूड में हैं रिकी पॉन्टिंग

## प्रीति जिंटा की लगने वाली है लॉटरी?

मुंबई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए रिटेंशन के नामों का ऐलान होने में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है. 31 अक्टूबर तक सभी टीमों को रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट आईपीएल गवर्निंग काउंसिल को सौंपनी है. खैर अभी तक ये साफ नहीं है कि कौन से खिलाड़ी रिटेन होंगे और कौन से बड़े खिलाड़ी ऐसे हैं जो शायद रिटेन ना हों. ऐसा बताया जा रहा है कि श्रेयस अय्यर भी उनमें एक नाम हैं और खबरें हैं कि उनपर पंजाब किंग्स की नजरें हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पंजाब किंग्स के नए हेड कोच रिकी पॉन्टिंग हर हाल में श्रेयस अय्यर को पंजाब का कप्तान बनाना चाहते हैं.

**क्या श्रेयस अय्यर बनेंगे पंजाब किंग्स के कप्तान?**

रिकी पॉन्टिंग और श्रेयस अय्यर पहले भी साथ में काम कर चुके हैं.







उस वक्त अय्यर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे और रिकी पॉन्टिंग टीम के हेड कोच. साल 2019 में अय्यर टीम के कप्तान बने थे और 2021 तक उन्होंने ये भूमिका निभाई. साल 2020 में वो दिल्ली कैपिटल्स को अपनी कप्तानी में फाइनल में पहुंचाने में भी कामयाब रहे. लेकिन साल 2021 के बाद दिल्ली ने अय्यर को कप्तानी से हटा दिया और उनकी जगह ऋषभ पंत को टीम की कप्तानी सौंपी गई. इसके बाद अय्यर ने कोलकाता नाइट राइडर्स का दामन थामा और पिछले सीजन उनकी कप्तानी में केकेआर तीसरी बार आईपीएल चैंपियन बनी.

**अय्यर में है लीडरशिप क्वालिटी**

श्रेयस अय्यर में गजब की लीडरशिप क्वालिटी है. ये खिलाड़ी मुंबई की कप्तानी कर चुका है और साथ ही वो अपनी कैप्टेंसी में केकेआर को आईपीएल चैंपियन बना चुके हैं. सवाल ये है कि क्या केकेआर की टीम अपने चैंपियन कप्तान को रिलीज करेगी. क्योंकि अगर ऐसा होता है तो पंजाब किंग्स जाहिर तौर पर अय्यर को अपनी टीम में लाना चाहेगी. पंजाब किंग्स की टीम कभी आईपीएल नहीं जीती है और प्रीति जिंटा की टीम को एक अच्छे कप्तान की जरूरत है. पिछले सीजन शिखर धवन टीम के कप्तान थे और बीच सीजन में जितेश शर्मा ने ये जिम्मेदारी निभाई.लेकिन इस बार पंजाब किंग्स को एक फुल टाइम कप्तान की जरूरत होगी और यकीन मानिए अय्यर इसमें फिट भी बैठते हैं.

# रोड्री ने जीता बैलोन डी'ओर का खिताब

## रियल मैड्रिड ने समारोह का बहिष्कार किया

पेरिस 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब और यूरो 2024 जीतने के बाद पुरुषों के बैलन डी'ओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हालांकि, रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब ने समारोह का बहिष्कार किया। रोड्री को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए पुरस्कार देने का फैसला आश्चर्यजनक के रूप में आया। रियल मैड्रिड के लीगा और चैंपियंस लीग डबल विजेता विनिसियस जूनियर को व्यापक रूप से पसंदीदा के रूप में देखा गया था। पेरिस में समारोह से कुछ घंटे पहले, स्पेनिश क्लब ने घोषणा की कि उसका प्रतिनिधिमंडल चैटलेट थिएटर में समारोह में भाग नहीं लेगा क्योंकि इसे विनिसियस के बहिष्कार के रूप में देखा जाएगा।



28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित किया गया था। जर्मनी में खेले गए यूरो कप में स्पेन ने खिताब जीता था। इससे पहले समारोह से कुछ घंटे पहले ही ड्रामा शुरू हो गया जब स्पेनिश और यूरोपीय चैंपियन रियल ने कहा कि अगर विनिशियस विजेता नहीं होते हैं तो यह पुरस्कार उनके साथी दानी कार्वाजल को दिया जाना चाहिए।

ब्राजील के कार्वाजल ने वेम्बले में चैंपियंस लीग फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमंड के खिलाफ 2-0 की जीत में गोल किया था। विनिसियस ने मैड्रिड के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 39 मैचों में 24 गोल किए और 11 असिस्ट किए। विनिसियस की मदद से क्लब ने तीन खिताब जीते थे। रियल मैड्रिड ने एएफपी से कहा, 'अगर पुरस्कार मानदंड विजेता के रूप में विनिसियस को नहीं चुनता है, तो उन्हीं मानदंडों को कार्वाजल को विजेता के रूप में इंगित करना चाहिए।'

मैड्रिड के नामांकितों में किलियन एमबाप्पे, एंटोनियो रुडिगर, फेडे वाल्वरडे और जूड बेलिंघम भी शामिल थे। बैलोन डी'ओर के विजेता को 100 विशेषज्ञ पत्रकारों की एक अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा शॉर्टलिस्ट से चुना जाता है। वहीं, मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला ने रोड्री को सर्वश्रेष्ठ के रूप में वर्णित किया है।

# किशन रेड्डी ने केंद्र सरकार के नए भर्ती हुए लोगों को नौकरी के पत्र सौंपे



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने रोजगार मेले के दूसरे चरण के तहत केंद्र सरकार के नव-चयनित भर्ती हुए लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम का आयोजन आज भारतीय विद्या भवन, बशीर बाग में डाक विभाग, तेलंगाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किशन रेड्डी ने कहा, युवा शक्ति नए भारत का आधार है। भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा बनने वाले युवा, भारत की स्वतंत्रता के 100वें वर्ष, विकासशील भारत-विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से समर्पण के साथ काम करने और देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया, जिससे पीएम के विजन को हकीकत में बदला जा सके। यह देखते हुए कि भारत के युवा हमारे देश की रीढ़ हैं, उन्होंने कहा कि रोजगार मेला का रुख रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता है। रोजगार मेला युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाएगा। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्टैंड-अप इंडिया, पीएम स्वनिधि और प्रदाय मंत्री मुद्रा योजना जैसे कार्यक्रम छोटे व्यवसायों और उद्यमियों का समर्थन करने का लक्ष्य रखते हैं। भारत सरकार रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख क्षेत्रों-शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा और अनुसंधान में सक्रिय रूप से निवेश आमंत्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि ये निवेश न केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ाते हैं, बल्कि देश के बुनियादी ढांचे, कौशल आधार और नवाचार क्षमता को भी बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर किशन रेड्डी ने एफसीआई, सीबीआईटी, आयकर विभाग, डाक विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय, एमएएनयूयू, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, एम्स, रेलवे विभाग आदि विभागों से 154 नए भर्ती हुए लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इससे पहले, रोजगार मेले के तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नवनियुक्त युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर में 40 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों जैसे राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आदि से नए भर्ती हुए लोग केंद्र सरकार में शामिल हुए।

## चार दिन पहले मर चुका था बेटा, अंधे माता-पिता लगाते रहे आवाज, पुलिस घर पहुंची तो...

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में एक बुजुर्ग दंपती चार दिन तक अपने बेटे के शव के साथ रहे। भोजन-पानी के लिए वे उसे लगातार आवाज लगाते रहे। कभी खाना मांगा तो कभी पानी देने के लिए पुकारा, मगर हर बार उनकी आवाज पर बेटे की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। आती भी कैसे क्योंकि अपने जिगर के जिस टुकड़े से वो मदद मांग रहे थे, उसकी सांसें तो चार दिन पहले ही थम चुकी थीं। माता-पिता देख नहीं सकते थे और उनको बेटे की मौत का अंदाजा नहीं था। जब बेटे का शव सड़ने लगा और घर से बदबू उठी तो पड़ोसियों ने पुलिस को फोन किया। इसके बाद जब पुलिस घर पहुंची तो हालात देखकर सब चौंक गए।

हैदराबाद के नागोले पुलिस स्टेशन के अधिकारी सूर्य नायक ने बताया कि ब्लाइंड्स कॉलोनी में एक बुजुर्ग दंपती अपने 30 वर्षीय बेटे के साथ रहते थे। दोनों को दिखाई नहीं देता है तो बेटा ही सारे काम करता था। चार दिन पहले अचानक बेटे की मौत हो गई। मगर अंधे माता-पिता को इस बारे में पता नहीं चला। उन्होंने बेटे को खाने और पानी के लिए आवाजें लगाईं, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। जब घर से बदबू उठी तो पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस पहुंची।

पुलिस ने बताया कि लगता है युवक की मौत चार-पांच दिन पहले नींद में हो गई थी। पुलिस जब घर पहुंची तो दंपती अर्ध-बेहोशी की हालत में थे। उन्हें बचाया गया और भोजन-पानी दिया गया। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शहर में रहने वाले दंपती के बड़े बेटे को इसकी सूचना दी गई। उसको माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी सौंप दी गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# कांग्रेस सांसद ने सभी बीआरएस विधायकों के लिए ड्रग टेस्ट की मांग की




हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यसभा सांसद अनिल कुमार यादव ने पुलिस से सभी बीआरएस विधायकों के लिए ड्रग टेस्ट कराने का आग्रह किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी ड्रग से जुड़े मामले सामने आते हैं, तो कुछ विधायक नकारात्मक बयान देते हैं।

अगर बीआरएस विधायकों में शर्म की भावना है, तो उन्हें स्वेच्छा से ड्रग टेस्ट से गुजरना चाहिए। गांधी भवन में मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस सांसद ने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव की आलोचना की, जिन्होंने राज पकाला और विजय मदुरी जैसे व्यक्तियों को बचाने का काम किया, जिन पर कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक विदेशी शराब रखने के लिए मामला दर्ज किया गया था। सांसद ने आरोप लगाया कि विजय मदुरी, जिन्हें उन्होंने केटीआर का "बेनामी" (प्रॉक्सी) ने पुलिस के सामने स्वीकार किया था कि उन्होंने नशीले पदार्थों का इस्तेमाल किया था और राज पकाला से उन्हें प्राप्त किया था।

अनिल कुमार यादव के अनुसार, पुलिस को दिए गए मद्दुरी के बयान अब बदल गए हैं और उन्होंने केसीआर के परिवार पर इन जांचों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद ने विवादास्पद जनवाड़ा फार्महाउस का भी जिक्र किया और दिवाली उत्सव और गृह प्रवेश समारोह की आड़ में वहां आयोजित कार्यक्रमों पर सवाल उठाए। उन्होंने पिछली सरकार द्वारा नशीली दवाओं के मुद्दे से निपटने की भी निंदा की और आरोप लगाया कि नशीली दवाएं व्यापक रूप से फैल गई हैं, यहां तक कि स्कूली बच्चों तक भी पहुंच गई हैं।

अनिल ने कहा, पिछली सरकार ने राज्य में नशीली दवाओं की घुसपैठ की अनुमति दी और अब वे सक्रिय रूप से इस खतरे को बढ़ावा दे रहे हैं।

## तेलंगाना में नई कंपनी पंजीकरण में उल्लेखनीय गिरावट

### पूर्व वित्त मंत्री ने जताई चिंता



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना में इस वित्त वर्ष के दौरान जुलाई और सितंबर के बीच नई कंपनी पंजीकरण में 2023-24 की समान अवधि की तुलना में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। शीर्ष 10 जिलों में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के मामले में हैदराबाद पांचवें स्थान पर रहा, लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में पंजीकरण में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई। एक्स पर चिंताजनक प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए पूर्व वित्त मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने कहा कि इसका तेलंगाना में आर्थिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट साझा की, जिसमें तेलंगाना में नई कंपनी पंजीकरण में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इस गिरावट से राज्य में पूंजी निवेश और रोजगार के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर राजस्व में कमी आती है।

# चोरी के कई मामलों में आरोपी गिरफ्तार

### 28.50 लाख रुपये का सामान जब्त

वारंगल, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। चोरी के कई मामलों में आरोपी एक चोर को मंगलवार को यहां गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को उसके पास से 28.50 लाख रुपये मूल्य के चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, वाहन और अन्य सामान बरामद किए। वारंगल के पुलिस आयुक्त अंबर किशोर झा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की एक विशेष टीम ने वारंगल जिले के रायपर्थी गांव के निवासी कोंडापल्ली धर्मराजू को गिरफ्तार किया है, जो वारंगल पुलिस आयुक्तालय की सीमा में कई चोरियों में शामिल था और उसके पास से 334 ग्राम सोने के आभूषण, 1.6 किलोग्राम चांदी के आभूषण, 13,000 रुपये नकद, एक दोपहिया वाहन और एक मोबाइल फोन बरामद किया, जिसकी कुल कीमत 28.50 लाख रुपये है।

आयुक्त ने बताया कि आरोपियों ने वारंगल पुलिस आयुक्तालय की सीमा में 17 चोरियां कीं। झा ने बताया कि पुलिस ने पाया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक ही पैटर्न पर चोरी की घटनाएं हो रही हैं और चोर को पकड़ने के लिए सेंट्रल जोन की डीसीपी शेख सलीमा की निगरानी में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। मंगलवार को पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली कि आरोपी चोरी की संपत्ति बेचने के लिए दोपहिया वाहन पर काकतीय विश्वविद्यालय परिसर की ओर जा रहा है, जिसके बाद सिटी क्राइम स्टेशन कर्मियों और केयू पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग की और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान धर्मराजू ने सभी चोरियां कबूल कर लीं। उसे अदालत में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## अभिनेता बाबू मोहन टीडीपी में लौटे, पार्टी की सदस्यता ली

मेदक, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीडीपी का सदस्यता अभियान दोनों तेलुगु राज्यों में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। विधायक और पार्टी नेता इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और पार्टी की सदस्यता के लिए अपना नाम दर्ज करा रहे हैं। टॉलीवुड अभिनेता और पूर्व मंत्री बाबू मोहन ने भी तेलुगु देशम की सदस्यता ले ली है। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अंडोल विधानसभा क्षेत्र में टीडीपी की सदस्यता ली है। इस संबंध में बाबू मोहन ने मंगलवार को टीडीपी के सदस्य के रूप में अपनी एक तस्वीर जारी की। बाबू मोहन दिवंगत सीएम और पार्टी के संस्थापक नंदमुरी तारक रामाराव के प्रति स्नेह के साथ तेलुगु देशम पार्टी में शामिल हुए। वहीं से उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। 1999 में वे मेदक जिले के अंडोल विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। वे अविभाजित राज्य में समाज कल्याण राज्य मंत्री रहे। बाद में वे बीआरएस पार्टी में शामिल हो गए। 2004 और 2014 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के दामोदर राजनरसिम्हा को हराया और बीआरएस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की। हालांकि, 2018 में जब उन्हें बीआरएस पार्टी से टिकट नहीं मिला, तो वे भाजपा में शामिल हो गए। 2018 के विधानसभा चुनावों में, उन्होंने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और बीआरएस उम्मीदवार चंति क्रांति किरण से हार गए और 2023 में उन्होंने उसी भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार दामोदर राजनरसिम्हा से हार गए।

## पेद्दापल्ली में मां-बेटी की करेंट से मौत

पेद्दापल्ली, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रामगिरी मंडल के रत्नापुर में मंगलवार को बिजली का करंट लगने से मां और बेटी की मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार, कलवाला पोचम्मा (65) और उनकी बेटी गड्डाम कोमुरम्मा (45) घर में बिजली के तार के संपर्क में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके का दौरा किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारतीय रिज़र्व बैंक

पर्यवेक्षण विभाग

क्षेत्रीय कार्यालय, 6-1-56, सचिवालय मार्ग, सैफाबाद, हैदराबाद - 500 004

सार्वजनिक सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (अधिनियम) की धारा 45-IA (6) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने अधिनियम की धारा 45-I (a) के अंतर्गत परिभाषित गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान का व्यवसाय करने के लिए निम्नलिखित कंपनी के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया है :

| क्रम सं. | कंपनी का नाम और सीआईएन संख्या | कंपनी के पंजीकृत कार्यालय का पता | पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या और दिनांक | रद्द करने की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स वाया फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड (CIN: U67190TG2014PTC093562) | यूनिट 4बी, चौथी मंजिल, प्लॉट 98 और 99, लुंबिनी लेआउट, स्पेस एंड मोर, बिजनेस पार्क, @ गचीबॉवली 2, गचीबॉवली, हैदराबाद, सेरी लिंगमपल्ली, तेलंगाना, भारत 500032 | एन-09.00449 दिनांक 4 मई, 2017 | 5 सितंबर, 2024 |

अब से, उपर्युक्त कंपनी अधिनियम के तहत परिभाषित गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों से संबंधित व्यवसाय नहीं कर सकती है। उपर्युक्त कंपनी ने स्वेच्छा से अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र वापस कर दिया है।

इसे जनहित में जारी किया जाता है।

स्थान: हैदराबाद

महाप्रबंधक




## केंद्र सरकार डिजिटल ट्राइबल यूनिवर्सिटी स्थापित करेगी

### 4 विषय तेलंगाना से होंगे

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र सरकार देश के आदिवासियों की संस्कृति और जीवनशैली के बारे में जानकारी देने के लिए एक नया डिजिटल ट्राइबल यूनिवर्सिटी स्थापित कर रही है। अगले शैक्षणिक वर्ष से ये पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। प्रस्तावित डिजिटल विश्वविद्यालय जनजातीय जीवन, संस्कृति, रीति-रिवाजों और जनजातियों के अन्य पहलुओं पर अल्पकालिक और दीर्घकालिक पाठ्यक्रम प्रदान करेगा।

विभिन्न राज्यों के आदिवासी रीति-रिवाजों से जुड़े 25 विषय विश्वविद्यालय द्वारा पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों का हिस्सा होंगे। तेलंगाना आदिवासी कल्याण विभाग के अधिकारियों ने चार विषयों (गुसाडी नृत्य, तोटिकिर्ति संगीत, ढोलिकॉय संगीत और आदिवासियों के नाइकपोड़ मुखौटे) पर एक मसौदा भी तैयार किया है, जिन्हें विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाएगा।

संगीत, शिल्प, कला, भोजन, चिकित्सा, जीवनशैली, आदिवासी विज्ञान, नृत्य, नाटक और आदिवासी देवताओं जैसे विषयों पर विभिन्न राज्यों से ड्राफ्ट भी तैयार किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा पेश किए जाने वाले विषय डिजिटल मोड में होंगे। प्रस्तावित विश्वविद्यालय द्वारा पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के लिए वीडियो, ऑडियो पाठ और पाठ्य सामग्री तैयार की जा रही है। पिछले सप्ताह केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के अधिकारियों ने विभिन्न राज्यों के जनजातीय सांस्कृतिक शोध संस्थानों और जनजातीय कल्याण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डिजिटल जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना पर चर्चा के लिए समीक्षा बैठक की। विषय विशेषज्ञों ने कथित तौर पर राज्यों द्वारा तैयार 25 विषयों के मसौदे में बदलाव और परिवर्धन के सुझाव दिए हैं।

## रैन बाजार में घर में आग लगने से दंपत्ति की मौत



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। याकूतपुरा के रैन बाजार में सोमवार रात एक घर में भीषण आग लगने से एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई, जबकि एक महिला जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। दम्पति- हीरा मोहन लाल और उनकी पत्नी उषा रानी - तथा परिवार की एक सदस्य श्रुति उस समय घर में मौजूद थे जब आग लगी, जबकि परिवार भोजन तैयार करने में व्यस्त था। पुलिस के अनुसार, कड़ाही में रखा खाद्य तेल ज़्यादा गरम हो गया था, जिससे आग पूरे घर में फैल गई। आग लगने से घर में दिवाली के लिए रखे कुछ पटाखे भी फट गए।

सूचना मिलने पर पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और मोहन, उषा और श्रुति को बचाया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां दंपति मोहन और उषा को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने एहतियात के तौर पर आसपास की इमारतों से लोगों को बाहर निकाला। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## नागर कर्नूल में नकली ताड़ी पीने से युवक की मौत

नगर कर्नूल, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के बालमूर मंडल के अंतर्गत कोंडानागुलापल्ली गांव में कथित तौर पर नकली ताड़ी पीने से एक युवक की मौत हो गई। नकली ताड़ी पीने के बाद के. अनिल जमीन पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय लोगों की शिकायत है कि गांव में बिना किसी अनुमति के मनमाने तरीके से ताड़ी बेची जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि युवा वर्ग नकली ताड़ी के आदी हो रहे हैं। पहले भी नकली ताड़ी पीने से लोगों की जान जाने की घटनाएं हो चुकी हैं। आबकारी अधिकारियों से बार-बार शिकायत की गई, लेकिन कथित तौर पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.